ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2079 ● मंगलवार, 21 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-128 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



'बड़े मियां छोटे मियां' की टीम स्कॉटलैंड रवाना पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय पहुंचे रांची, रामगढ़ में किया चुनाव प्रचार

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय सोमवार को रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। रांची एयरपोर्ट पर उतरने के बाद अविनाश पांडेय सड़क मार्ग से सीधे रामगढ़ के लिए रवाना हो गए। रामगढ़ में उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि वह यहां दो दिन रहेंगे।

### विमान में बम की सूचना, लखनऊ में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** दिल्ली से देवघर आ रही इंडिगो के एक विमान में सोमवार को बम की सूचना मिली। इस पर विमान की लखनऊ हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हालांकि, जांच के बाद यह सूचना झूठी निकली। लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता की ओर से बयान जारी कर बताया गया कि दिल्ली से संचालित होनेवाली इंडिगो की विमान (6ए 6191) बम की सूचना मिली थी। इसके बाद उसे अमौसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर विमान की सघन चेकिंग की गई। जांच में बम मिलने की सूचना पूरी तरह से भ्रामक मिली। इसके बाद फिर विमान को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### मौसम ने ली करवट तपने लगी दोपहरी

**रांची।** फरवरी महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है। अभी होली का त्योहार आना भी बाकी है। लेकिन इससे पहले ही मौसम ने करवट ले ली है। दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि, सुबह शाम ठंड अभी बाकी है। मौसम विभाग की माने तो दो से तीन दिनों में पारा ऊपर चढ़ेगा। आगामी कुछ दिनों में मौसम में बदलाव दिख सकता है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अनुमान व्यक्त किया है कि देवघर, दुमका, धनबाद और साहिबगंज के तापमान में अगले कुछ दिनों में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इसके बाद धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से रांची और आसपास के जिलों में दोपहर के समय तेज धूप खिलने से गर्मी महसूस होने लगी है। ऐसे में रांची में दिन का तापमान 32 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं, रात को न्यूनतम तापतान भी 16 से 17 डिग्री पहुंच जाएगा। इसके बाद लोगों को गर्मी का एहसास होने लगेगा। पिछले 24 घंटे की बात करें तो डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री गढ़वा में न्यूनतम तापमान 13.8 रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे साफ है कि इस बार गर्मी कहर बरपाएगी।

## गुजरात : ठाकोर समुदाय ने लड़कियों के मोबाइल इस्तेमाल पर लगाया बैन

**एजेंसी। पालनपुर (गुजरात)**

गुजरात के ठाकोर समुदाय ने लड़कियों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। समुदाय ने परंपराओं में सुधार लाने के लिए प्रस्ताव पारित करते हुए, लड़कियों को मोबाइल फोन का उपयोग करने से रोकने का फैसला किया। प्रेम संबंधों, लड़कियों और लड़कों के बीच दोस्ती, या अंतरजातीय विवाहों का उल्लेख किए बिना समुदाय का विचार था कि नाबालिग लड़कियों में सेल फोन के इस्तेमाल के कारण बहुत सारी गलत चीजें हो रही हैं, और इसलिए उन्हें सेल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

यह प्रस्ताव कांग्रेस विधायक वाव गेनीबेन ठाकोर की उपस्थिति में पारित किया गया। यह आयोजन बनासकांठा जिले के भाभर तालुका के लुनसेला गांव में रविवार को हुआ। सगाई और विवाह समारोहों में



अनुमति प्राप्त मेहमानों की संख्या को सीमित करने के लिए उन्होंने सुधार कदम उठाया। प्रस्ताव के अनुसार, सगाई या विवाह समारोह में केवल 11 लोगों को शामिल होना चाहिए, प्रत्येक गांव जहां ठाकोर समुदाय के सदस्यों की अच्छी संख्या है, सामूहिक विवाह की व्यवस्था करनी चाहिए और शादी और सगाई पर खर्च को नियंत्रित किया जाना चाहिए। शादी में कोई डीजे साउंड सिस्टम नहीं रखा जाना चाहिए। समुदाय को उन परिवारों पर जुर्माना लगाना चाहिए, जो सगाई के बाद संबंध तोड़ते हैं। जुर्माने के रूप में एकत्रित धन का उपयोग शिक्षा और सामुदायिक सुविधाओं के निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। यदि लड़कियां उच्च शिक्षा के लिए शहर जा रही हैं, तो गांव के समुदाय के सदस्य उनके लिए परिवहन की व्यवस्था करें, जैसा कि प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है।

# झुंड से बिछड़े हाथी का तांडव चार को पटक कर मार डाला

### सभी मृतक एक ही गांव के थे रहनेवाले

### शौच के लिए निकले थे घर से बाहर

**राहुल कौशल/कुलदीप कच्छप। भंडरा/लोहरदगा**



जिले के भंडरा लड़ाई टंगरा गांव में सोमवार को अपने समूह से बिछड़े हाथी ने चार लोगों को कुचलकर मार डाला। इसमें लालमन महतो (65), नेहा देवी (20), चांदमणि उर्फ झालो उरांव (28) और गणेश कुजूर (30) की मौत हो गई। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि चंदवा जंगल की ओर से अपने झुंड से भटक कर हाथी बीते रविवार की रात्रि भंडरा थाना क्षेत्र के कसपुर गांव के लड़ाई टंगरा पहुंचा। सोमवार के अहले सुबह कुहासा होने के कारण विजिबिलिटी कम थी, जिसके कारण हाथी लोगों को नजर नहीं आ रहा था। इसी दौरान सुबह शौच के लिए निकले दो महिला एवं दो पुरुष समेत चार लोगों को हाथी पटक कर मार डाला। घटना के बाद से गांव में दहशत फैला हुआ है। सभी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

*हाथियों का झुंड भटक गया है। इसलिए ज्यादा घातक है। जिले से वन विभाग के 20 कर्मी स्थिति को कंट्रोल करने में लगे हुए हैं। रांची से विभागीय टीम पहुंची है। मृतक के प्रत्येक परिवार को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। फिलहाल तत्काल राहत के लिए 25-25 हजार रुपये मृतक के परिवारवालों को दिया गया है। किसी भी हाथी को जनता न छेड़ें।*

**- अरविंद कुमार, जीएफओ, लोहरदगा।**

## पलामू : पांकी में दुकानें खुलने से बाजार में लौटी रौनक, हालात हुए सामान्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी इलाके में करीब 120 घंटे बाद हालात सामान्य हो गए हैं। सोमवार को पांकी बाजार की दुकानें खुल गईं और ग्राहकों ने पहुंच कर खरीदारी भी की। लेकिन आम दिनों की तुलना में ग्राहकों की संख्या कम थी। वहीं बाजार के दुकानदारों ने उम्मीद जतायी है कि अगले दो-तीन दिनों में बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी। गौरतलब हो कि पलामू के पांकी इलाके में बुधवार की सुबह महाशिवरात्रि के तोरणद्वार को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस विवाद के बाद इलाके के बाजार बंद थे। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## साहिबगंज की पुलिस ने पलामू बंदोबस्त कार्यालय में की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साहिबगंज की पुलिस सोमवार को पलामू आईएएस अधिकारी अनिल कुमार के खिलाफ वारंट लेकर पलामू पहुंची। अनिल कुमार पलामू में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर तैनात हैं। सोमवार को साहिबगंज पुलिस के सब-इंस्पेक्टर प्रीतम कुमार वारंट लेकर पलामू पहुंचे और बंदोबस्त कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान आईएएस अधिकारी अनिल कुमार अपने कार्यालय में नहीं मिले। कुछ महीने पहले भी साहिबगंज पुलिस पलामू में अनिल कुमार की गिरफ्तारी के लिए वारंट लेकर पहुंची थी। यह वारंट साहिबगंज कोर्ट द्वारा जारी की गई है। जिस वक्त यह वारंट जारी की गई थी, उस वक्त अनिल कुमार धनबाद के एडीएम थे। यह वारंट 25 नवंबर 2022 को जारी किया गया था। जबकि मामले में साहिबगंज पुलिस की यह दूसरी छापेमारी थी। जानकारी के अनुसार मामले में अब साहिबगंज पुलिस इश्तेहार लेने वाली है। अनिल कुमार मूल रूप से बिहार के भागलपुर के रहने वाले हैं। कुछ महीने पहले ही अनिल कुमार को झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोशन हुआ है। दरसल 2012-13 में साहिबगंज में शिक्षक बहाली में गड़बड़ी हुई थी। इस गड़बड़ी की जांच की जिम्मेदारी साहिबगंज के तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार को दी गई थी। जांच में क्या मिला इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई थी, न ही इसके बारे में किसी को पता चल पाया था। 2014 में तत्कालीन साहिबगंज जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास शिक्षक बहाली से जुड़ी शिकायत की गई थी। तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जांच शुरू की तो पाया कि पुरानी फाइलें गायब थीं। शिक्षक बहाली मामले में साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना में कई कर्मचारियों और पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर संख्या 361/14 में 467, 468, 420 समेत कई धाराएं लगायी गई थी। इस दौरान शिक्षक बहाली के दौरान गड़बड़ी के करने के आरोप में तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी आरोपी बनाया गया है. जानकारी के अनुसार अनिल कुमार लंबे समय से अपने कार्यालय नहीं जा रहे हैं, जबकि जमानत के लिए वे हाई कोर्ट गए हैं।

## चौरसिया व त्रिपाठी : दोनों पक्षों की गवाही पूरी, अब 3 मार्च से होगी बहस

**मेदिनीनगर।** विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई मामले में आलोक चौरसिया की ओर से गवाही पूरी हो गई। आलोक चौरसिया ने अपलने गवाही में कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में उनकी उम्र 25 वर्ष थी। इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य थे। साथ ही यह भी कहा गया कि उनकी ओर से अब गवाही पूरी हो गई है। अब वे अपनी ओर से और गवाह नहीं देंगे। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने उनका पक्ष सुनने के बाद मामले में बहस के लिए 3 मार्च की सुनवाई निर्धारित की है। पूर्व के मामले में केएन त्रिपाठी की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। आलोक चौरसिया की ओर से प्रस्तुत किए गए सभी गवाहों ने अपनी गवाही में कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आलोक चौरसिया ने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 25 वर्ष की सीमा पूरी कर ली थी। दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे।

झारखण्ड सरकार,

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग



अपील

जोहार !

झारखण्ड राज्य में 11वीं कृषि गणना का कार्य माह सितम्बर 2022 से प्रारंभ हो गया है। जिस प्रकार जनगणना से देश के निवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आँकड़े जुटाए जाते हैं, उसी प्रकार कृषि गणना अंतर्गत किसानों के द्वारा उपयोग की जाने वाली भूमि, उपजायी जाने वाली फसल, सिंचाई सुविधा, खाद, उन्नत बीज, कीटनाशक दवा एवं कृषि उपकरण से संबंधित आँकड़े संकलित किये जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग किसानों की उपज बढ़ाने के साथ-साथ उनकी आर्थिक दशा सुधारने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजना बनाने में किया जाता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि गणना के लिए निर्धारित मार्गदर्शिका के आलोक में गणना कार्य निर्धारित अवधि में संपन्न कराया जाना है। यह गणना पांच वर्षो के अंतराल पर 1970-71 से की जा रही है।

प्रधान सचिव-सह-राज्य कृषि गणना, आयुक्त, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में गठित कृषि गणना कोषांग के साथ सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों /राजस्व उप निरीक्षकों को कृषि गणना की जिम्मेवारी दी गई है।

अतः राज्य के सभी माननीय सांसदों/विधायकों/जन प्रतिनिधियों, किसान बन्धुओं एवं आमजनों का इस पुनीत कार्य में सहयोग अपेक्षित है।

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 290776 (Revenue,Registration & Land Reform) 2022-23

# जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के नवनियुक्त चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को सोमवार को राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही वे झारखंड के 14वें चीफ जस्टिस बन गए। इससे पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस की नियुक्ति संबंधी वारंट को हिंदी और अंग्रेजी अंग्रेजी में पढ़कर सुनाया। मौके पर झारखंड हाईकोर्ट के सभी जज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री



मिथिलेश ठाकुर, महाधिवक्ता राजीव रंजन, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं महुआ माजी समेत कई अधिवक्ता एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। जस्टिस संजय मिश्रा के पिता का नाम मारकंडा मिश्रा और माता का नाम ज्योतिर्मयी मिश्रा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा टिकरा अपर प्राइमरी स्कूल में की है। वर्ष 1977 में पृथ्वीराज हाई स्कूल, बोलांगीर से हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की। 1982 में बोलनगीर के राजेंद्र कॉलेज से बीकॉम (ऑनर्स), एमकॉम 1984 में दिल्ली विश्वविद्यालय और एलएलबी की पढ़ाई 1987 में विधि संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरा की। उल्लेखनीय है कि सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाईकोर्ट का नया चीफ जस्टिस बनाए जाने की अधिसूचना बीते शुक्रवार को जारी की गई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसम्बर 2022 को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी। झारखंड हाईकोर्ट में 20 दिसम्बर से चीफ जस्टिस का पद रिक्त था।

## NEWS इन ब्रीफ

### भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**उटारी रोड।** भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण 20 फरवरी 2023 को प्रारंभ किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति उंटारी रोड, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित कुमार उंटारी रोड, मध्य विद्यालय चेचरिया के प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव, सीआरपी अश्विनी कुमार सिंह प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्रा ,जोगेंद्र चौधरी, नंदलाल चौबे एवं उंटारी प्रखंड के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे!

### भाजपा नेता के स्वास्थ्य में सुधार

**विश्रामपुर।** भाजपा नेता सह पार्षद सुनील कुमार चौधरी की हालत फिलहाल चिकित्सकों ने खतरे से बाहर बताई है। बता दें की कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में श्री चौधरी बुरी तरह घायल हो गये थे। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु चौधरी को जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया था। वे मेदिनीनगर के नारायणी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के आईसीयू में इलाजरत हैं। जिन्हे इलाज कर रहे चिकित्सक ने उन्हे खतरे से बाहर बताया है।

### ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका की विवाह कराई

**उंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के डेवडर में ग्रामीणों ने प्रेमी प्रेमिका का विवाह कराया। मझीआंव थाना क्षेत्र निवासी बिरेंद्र राम के 22 वर्षीय पुत्र रवि कुमार का प्रेम प्रसंग उंटारी रोड थाना क्षेत्र निवासी चंदीप राम की पुत्री से विगत एक वर्षों से चल रहा था। रवि अपने प्रेमिका से मिलने उसके घर जाया करता था। बीते शनिवार भी रवि अपने प्रेमिका से मिलने उसके घर आया हुआ था। जिसकी भनक ग्रामीणों को हुई तो देर शाम ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को पकड़ कर थाने को सुपुर्द कर दिया। दूसरे दिन लड़का लड़की दोनों पक्षों के सगे संबंधी थाना पहुंचे काफी मान मनौउवल के बाद दोनों पक्षों की सहमति से सोमवार को डेवडर देवी धाम मंदिर में प्रेमी प्रेमिका का विवाह कराया गया। मौके पर लड़का लड़की के परिवार के अलावा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के राजकीयकृत स्नातकोत्तर उच्च विद्यालय नौडीहा के वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नौडीहा मुखिया रंजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सांसद मनोज कुमार पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर दुबे ने किया। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं उपस्थित कर्मियों की ओर से एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें टेन प्लस टू का दर्जा दिलाने, पानी की समस्या, अर्ध निर्मित भवनों के निर्माण, और स्कूल के चाहारदीवारी को ठीक करानें, स्कूल भवन की मरम्मत, शौचालय निर्माण, समेत कई मांगों को सौंपा गया। मौके पर प्रधानाध्यापक राजीव रंजन पांडे, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रामानुज प्रसाद, दिग्विजय सिंह, अयोध्या सिंह,रामाधार सिंह, अर्चना कुमारी, पुष्पा कुमारी, माधुरी कुमारी, सुनीता कुमारी, मुन्ना सिंह, समेत शिक्षक और ग्रामीण मौजूद थे।

# बकाया बिजली बिल को लेकर विभाग ने पोते पर किया केस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बिजली विभाग आजकल बिल वसूलने की मुहिम चला रहा रखा हैं। यदि आपका भी बिजली बिल बाकी हैं तो सतर्क हो जाएं ,वरना आप भी इनके चपेट में आ सकते हैं। बकाये बिजली बिल को लेकर विभाग का ऐसा ही एक अजीबो गरीब मामला महुअरी पंचायत अंतर्गत ग्राम दुलहर घासीखाड़ में देखने को मिला । जहां लगभग 20 वर्ष पूर्व मृतक स्व. रामजीत मेहता के बकाया बिजली बिल के एवज में उनके पोता अनिल मेहता पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित अनिल मेहता ने बताया कि मेरे दादा के नाम से बकाया बिजली बिल की जानकारी मेरे किसी परिवार को नहीं थी। बिजली विभाग



ने भी कभी कोई नोटिस इस संबंध में नहीं दिया है। क्योंकि मैं अपने विधवा मां महेश्वरी देवी के साथ जिस घर में रहता हूं। वहां पर नियमित बिल उपभोक्ता संख्या 168 के तहत जमा कर रहा हूं। लेकिन 18 जनवरी को बिजली विभाग के अधिकारियों ने मेरे मृत दादा स्व. रामजीत मेहता के नाम से बिल दिखाकर मेरे घर का कनेक्शन काट दिया। मैंने अपनी मां के नाम से जमा किया हुआ बिल को दिखाया। लेकिन उन्होंने एक नहीं सुना और मेरे ऊपर मुकदमा दर्ज कर छह हजार रूपए का जुर्माना लगा दिया। तब से मैं बिजली विभाग कार्यालय और थाना का चक्कर लगा रहा हूं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भाजपा नेता सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने भी विद्युत अभियन्ता से इसी तरह के और अनेकों उपभोक्ताओं के ऊपर हुए प्राथमिकी को वापस लेने का अनुरोध किया है। जिसे उन्होंने नकार दिया। आगे कर्नल संजय ने कहा कि अगर बिजली विभाग की दादागिरी नहीं रुकी तो इसके लिए विभाग के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और तालाबंदी करेंगे।

### रामचरित मानस नवाह्न यज्ञ शुरू

# यज्ञ से होता है समस्त मानव का कल्याण : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के खराड़पर गांव में रामचरित मानस नवाह्न यज्ञ की शुरूआत सोमवार को कलश यात्रा के साथे हुई। यज्ञ स्थल से श्रद्धालु बाजे-गाजे के साथ कलश लेकर कररबार नदी पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरी की गई। कलश यात्रा में स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, युवा नेता व प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष विनय पासवान, मनदीप राम, उमेश राम के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं कररबार नदी से जल उठा कर उसे



पुनः यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से विश्व शांति के साथ साथ सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि इससे इलाके में धार्मिक वातावरण भी बनता है। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि यज्ञ से इलाके में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के मौके पर गांव के लोगों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। साथ ही धार्मिक अनुष्ठान भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली आती है। इससे लोगो में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह,विनय यादव, नीतू सिंह, विजय राजवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, गोरख पासवान, पंचायत समिति प्रदीप पासवान, सुभाष पासवान, रविन्द्र कुमार कांस्यकार समेत काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।

### भक्ति जागरण का श्रोताओं ने उठाया आनंद

**हुसैनाबाद।** सिद्धनाथ नगर जपला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समापन समारोह के बाद यज्ञ कमेटी के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसका उदघाटन संरक्षक व भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर और कलाकारो को माला व अंग वस्त्र देकर किया। मौके पर विनोद कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति भाव से लोगों के शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि भक्ति भाव से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता है। मानव को नेक व भक्ति जागरण कार्यक्रमों से प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति मुंबई से आये सुमन सिंह और निशा गुप्ता ने चलों बुलावा आया है माता ने बुलाया है। मौके पर शैलेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, प्रकाश कश्यप, विश्वनाथ सिंह, सोनू सिंह, छोटू सिंह, मिंटू सिंह, हरि सिंह, मुन्ना सिंह, अमित कश्यप समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### दो महीने से नरेगा बंद, मजदूर पलायन को मजबूर



**पाटन।** प्रखंड मुख्यालय को राजनीति का अखाड़ा का केंद्र ना बनाये। बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के प्रखंड उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रखंड में सरकार द्वारा चल रहे अति महत्वपूर्ण विकास योजना पर लगभग ताला बंद है। जिससे मनरेगा मजदूरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मनरेगा मजदूर विवश होकर अन्य राज्य में पलायन के लिए मजबूर हैं। प्रखंड में चयनित सभी पंचायत प्रतिनिधियों मुखिया, पंचायत समिति तथा अन्य प्रतिनिधियों को अपने पंचायत के विकास करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे अति पिछड़े पंचायत क्षेत्र की जनता पूरी तरह से त्रस्त है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से तथा पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि प्रखंड मुख्यालय को राजनीति का अखाड़ा बना कर आम जनों के विकास में बाधक ना बने । उन्होंने पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि सरकार के विकास योजनाओं का लाभ जनता को मिलने दें। राज्य में बेरोजगारी की दंश झेल रहे मजदूर जिनका वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रखंड मे मनरेगा का काम पूरी तरह से बाधित है। जिसकी वजह से प्रखंड में विकास कोसों दूर पर जाकर लटका हुआ है।

### थाना मोड़ पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**विश्रामपुर।** थाना पुलिस ने सोमवार को थाना मोड़ पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे छोटी बड़ी सभी वाहनों की गहनता पूर्वक जांच की गई। चेकिंग अभियान का नेतृत्व थाना में पद स्थापित एएसआई संजय सिंह ने किया। श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की आला अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा के मद्दे नजर यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगी। वही पुलिस ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा की अपने नाबालिक बच्चो को कभी दोपहिया या चारपहिया वाहन चलाने की अनुमति ना दे।

### भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# माता शबरी की भगवान श्रीराम के प्रति छिपी थी प्रेम भावना : चंद्रवंशी

#### माता शबरी मंदिर में होगी प्रतिमा स्थापित

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** पलामू जिले के गुरी पंचायत में शबरी जयंती के अवसर पर 5 मार्च को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जहां गांव में निर्मित शबरी मंदिर में माता शबरी की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जायेगी। साथ हीं पलामू प्रमंडल के हजारों की संख्या में भुइयां समाज के लोगों का जुटान होगा। इसे लेकर गुरी शबरी समाज की 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से साहेब भुइयां को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कमेटी के प्रधान संरक्षण पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। साथ ही शबरी समाज के लोगों ने पगड़ी बांधते हुए फूल माला पहनाकर वह बैर खिलाकर स्वागत किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि माता शबरी ने आश्रम में भगवान श्रीराम का स्वागत सत्कार में जूठे बेर खिलाई। भगवान श्रीराम भी बड़े हीं चाव से जूठे बेर खाए थे। जूठे बेर खिलाने के पीछे माता शबरी की प्रेम भावना छिपी थी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के विकास सहित समाज में समरसता बनाने का हरसंभव प्रयास रहा है। पूर्व से निर्मित शबरी माता की मंदिर में माता शबरी की आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जायेगा।

### अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**उटारी रोड।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने अपनी मांगों के समर्थन में उटारी रोड प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौपा। जिसमें सहायक अध्यापकों की समस्याओं के निराकरण से संबंधित की मांग की। उनकी मांगो में राज्य के 61 हजार सहायक अध्यापकों के वेतनमान दिये जाने ,राज्य के अप्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षण पूरा कराने के साथ साथ सहायक अध्यापकों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की है। उन्होंने उपरोक्त मांगों को लेकर उंटारी रोड प्रखंड के एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं अन्य साथियों के द्वारा ज्ञापन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उंटारी रोड को सौंपा गया।


## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

**Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-26/2022-23 Date – 20/02/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 23/02/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 02/03/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/03/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/03/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790<br>midloh632@gmail.com |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 8877165718 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kuru | Renovation of Kundo Primary School at Vill - Kundo | 10.54000 | 0.02500 | 0.21100 | 2 Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga**

PR 290702 Lohardaga (22-23)_D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.- 289295 (Building) 22-23 (D) has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 23.02.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 24.02.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 290772 (Building) 22-23 (D)



## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा।

पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा

मध्याहन भोजन योजना Mid Day Meal Scheme

Email- mdmloh@rediffmail.com lohardagamdm@gmail.com

**–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लोहरदगा जिला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखण्ड में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से सभी संबंधित प्रखण्ड के विद्यालयों तक सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 42.50 (बियालीस रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो वर्ष 2022–23 तक मान्य होगा के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें किसी भी निविदा दाता का चयन नहीं हो पाने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है।

खाद्यान्न (चावल) के परिवहन–सह–हथालन कार्य करने हेतु लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्डों के विद्यालयों के लिए दिनांक 21.02.2023 से 28.02.2023 के 5.00 बजे अपराह्न तक विहित प्रपत्र में सशर्त खुली निविदा आमांत्रित की जाती है तथा दिनांक 01.03.2023 को 12.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा की अन्य शर्तें https://lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,लोहरदगा। PR 290717 Lohardaga(22-23)D उप विकास आयुक्त, लोहरदगा।



## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा)

**–:आम सूचना:–**

NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना अन्तर्गत रैयतों को सूचित किया जाता है कि निम्न ग्रामों में कैंप कर मुआवजा राशि की भुगतान से संबंधित विभिन्न राजस्व कागजात प्राप्त किया जाना है। संबंधित ग्राम के रैयतों से अनुरोध है कि निम्न तिथियों को आयोजित स्थान पर उपस्थित होकर अपना वांछित राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भूमि स्वामित्व प्रमाण एवं वंशावली प्रमाण पत्र ग्राम में कैंप लगाकर संकलन करना है। शिविर की निर्धारित तिथि निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | मौजा | अंचल | स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खजुरी | गढ़वा | विवाह मंडप ब्रह्म स्थान खजुरी | 19.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 2 | पोटमा | | | | |
| 3 | अकलवानी | मेराल | पंचायत भवन मेराल पूर्वी | 19.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 4 | मेराल | | | | |
| 5 | गोंदा | | पंचायत भवन गोंदा | 20.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 6 | लातदाग | | | | |
| 7 | बगौंधा उर्फ रमना | रमना | पंचायत भवन बगौंधा उर्फ रमना | 20.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 8 | टण्डवा | | | | |
| 9 | करचा | | | | |
| 10 | परसवान | | नव निर्मित तहसील भवन परसवान | 21.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 11 | बहियार खुर्द | | | | |
| 12 | सिरियाटोंगर | | | | |
| 13 | कबिसा | | पंचायत भवन मड़वनिया | 21.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 14 | कोरगा | | | | |
| 15 | मड़वनिया | | | | |
| 16 | मानदोहर | | | | |
| 17 | उसका | नगर उंटारी | पंचायत भवन पाल्हे | 22.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 18 | पाल्हे कला | | | | |
| 19 | जतपुरा | | | | |
| 20 | मर्चवार | | पंचायत भवन नरही | 22.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 21 | कोदवरिया | | | | |
| 22 | नगर उंटारी | | | | |
| 23 | नरही | | पंचायत भवन नरही | 23.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 24 | सिंहपुर | | | | |
| 25 | हलिवंता कला | | पंचायत भवन हलिवंता कला | 23.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 26 | हलिवंता खुर्द | | | | |
| 27 | जोरमा | | | | |
| 28 | चितविश्राव | | पंचायत भवन चितविश्राव | 24.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 29 | बराहपट्टी | | | | |
| 30 | नरखोरिया कला | | पंचायत भवन हलिवंता कला | 24.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 31 | बभनी | | | | |
| 32 | महदेईया | | | | |
| 33 | सरहसताल कला | | | | |
| 34 | कोल्हुआ | | पंचायत भवन अधौरा | 25.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 35 | अधौरा | | | | |
| 36 | गंगटी | | पंचायत भवन बिलासपुर | 25.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 37 | बिलासपुर | | | | |

अतः NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली आदि में किसी भी प्रकार की आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त स्थल पर ससमय निम्न आवश्यक कागजात के साथ पहुँचें।

**आवश्यक कागजात :–** खतियान, केवाला, अद्यतन रसीद, पासबुक की छाया प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों का सहमति पत्र, दो कलर फोटो एवं तीन रेवेन्यु टिकट के साथ–साथ यदि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र/वंशावली (अंचल से निर्गत) हो तो।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा**

PR 290715 District(22-23).D



## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## वन संरक्षक,कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर में दो Plotter क्रमशः (1) Hp Design Jet T1700dr (संख्या–1) एवं (2) Hp design Jet T2500 eMFP (संख्या–1), दो Workstation (Hp Z620) (संख्या–2) तथा तीन Printers क्रमशः (1) Hp LaserJet MFP M436nda (संख्या–1), (2) Hp LaserJet ProM202dw (संख्या–1) एवं (3) Hp LaserJet CP1025 color (संख्या–1) के Annual Maintenance Contract हेतु मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक– 03.03.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु निविदा की शर्तें सहित निविदा सूचना एवं निविदा का आवेदन प्रपत्र वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर के कार्यालय; पलामू जिला के Official वेबसाईट https://palamu.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ से प्राप्त किया जा सकता है।

**वन संरक्षक,**
**कार्य नियोजना अंचल,**
**मेदिनीनगर**

PR290746 (Forest, Environment and Climate Changes)22-23*D



## झारखण्ड लोक सेवा आयोग,सर्कुलर रोड, राँची

**प्रेस विज्ञप्ति**

**झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य में आयुर्वेदिक चिकित्सक (मूल कोटि) विज्ञापन संख्या–09/2022 के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य में आयुर्वेदिक चिकित्सक (मूल कोटि) के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–09/2022 प्रकाशित कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था।

2.विज्ञापित पद हेतु अभ्यर्थियों से दिनांक–21.02.2023 से दिनांक–21.03.2023 तक पुनः ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। अतएव वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में उक्त विज्ञापन के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन समर्पित नहीं किया गया है, वे ही ऑनलाईन आवेदन समर्पित करेंगे। पूर्व में आवेदन समर्पित कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

3.ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि–21.03.2023 के पश्चात् दिनांक–24.03.2023 रात्रि–11:45 बजे तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

4.आवेदक ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित प्रति एवं वांछित प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट एवं हाथों–हाथ द्वारा आयोग कार्यालय में **दिनांक–31.03.2023** तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन अस्वीकृत कर दिए जायेंगे।

5. विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

6.यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
**परीक्षा नियंत्रक,**
**झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची**

PR290670 (Jharkhand Public Service Commission)22-23*D

## NEWS इन ब्रीफ

### समृद्धि की पाठशाला के बच्चों के बीच भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित जनकपुरी निवासी धर्मेन्द्र पाण्डेय और बेबी पाण्डेय ने अपने नाती के जन्मदिन के अवसर पर निः शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के जनकपुरी और कचरवा शाखा में बच्चों को भोजन कराया। समृद्धि की रोटी अभियान में पाण्डेय का निरंतर सहयोग मिलता चला आ रहा है। आज भी खुशी के अवसर पर मिशन के बच्चों के साथ खुशियां बांटने में वे पीछे नहीं रहे। संस्था के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए उनके नाती के लिए मंगल कामना किया गया। साथ ही साथ शिवरात्रि महापर्व के अवसर पर भी मिशन समृद्धि संस्था ने दोना-पत्तल दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी चूड़ा और गुड़ का वितरण किया। संस्था को भोजन देने वाले परिवारों का आभार भी जताया गया। इस कार्य मे बैजन्ती गुप्ता ,शिल्पी गोस्वामी, रंजीता देवी ,अमन चक्र, ऋषि कुमार का योगदान रहा।

### पति पत्नी के बीच विवाद समाप्त, राजी खुशी लौटे घर

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के रिटेनर व एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय के प्रयास से पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलह करा दिया गया । बिदित हो कि लड़की ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मामले में करवाई करने की गुहार लगाई थी। मामला को प्री लिटिगेशन के तहत विविध आवेदन संख्या 108/2022 दर्ज कर लड़की के ससुराल वालों को नोटिस भेजकर कर सात जनवरी को बुलाया गया और पुनः 13 फरवरी को तिथि निर्धारित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने इस मामले की मध्यस्थता कराने के लिए एलएडीसी को अग्रसारित किया और लड़का को पक्ष रखने को कहा। लड़का व लड़की दोनों 13 फरवरी को एलएडीसी कार्यालय में उपस्थित हुए । दोनों पक्षो से बातचीत की गई। जिसके दौरान दोनों पति पत्नी ने साथ रहने पर सहमति ब्यक्त किया। दोनों पक्ष के द्वारा एक संयुक्त सुलहनामा दाखिल किया गया। इसके बाद दोनों की सहमति पर मामला सफल घोषित किया गया। इस प्रकार पति पत्नी के दरकते रिश्ते को बचा लिया गया। बिदित हो कि यह मामला पंडवा गांव का था। एलएडीसी इस तरह के मामला के अलावे गरीबों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करा रहा हैं। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि मामला समझौता हो जाने से एक घर बस गया। साथ ही आर्थिक मानसिक परेशानी से लोगों को राहत मिल गयी। साथ ही विवाद का समाधान भी शीघ्र हो गया।

### स्टेट स्कूल एसोसिएशन का मना पहला स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर।** स्थानीय शिवाय ब्लू होटल में झारखण्ड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के पहले वर्षगांठ पर पलामू में संचालित स्कूल संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने की । उपस्थित सभी सदस्यों ने केक काट कर संगठन के एक वर्ष पूरा होने की खुशियां मनायी। जिसमें रामाकान्त मेहता को सरंक्षक ,नन्दकिशोर भारती एवं मोहम्मद आफताब आलम को उपाध्यक्ष ,राजीव गोयल को सह सचिव ,पंडित प्रदीप नारायण को ज़िला संयोजक सह ज़िला मीडिया प्रभारी,धर्मेन्द्र प्रजापति को कार्यालय सह सदस्यता प्रभारी, शैलेंद्र कुमार सिंह को अनुमंडल अध्यक्ष छत्तरपुर एवं राज नन्दन यादव अनुमंडल सचिव छत्तरपुर बनाया गया। सभी ने अपनी-अपनी ज़िम्मेदारियां संभाली एवं संगठन को मजबूत करने का प्रण लिया। संगठन की अगली बैठक सह होली मिलन समारोह ओरिएंट पब्लिक स्कूल में करने का निर्णय लिया गया।

# धार्मिक आयोजनों से वातावरण होता है शुद्ध : आशीष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध होता है। इस तरह के धार्मिक आयोजन सदैव होते रहना चाहिए। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज का। श्री भारद्वाज विश्रामपुर प्रखण्ड के ग्राम अमवा में चल रहे भागवत कथा के अंतिम दिन भक्ति जागरण के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इसके पूर्व भक्ति जागरण का पंचायत की मुखिया रंभा देवी व प्रवीण मिश्रा ने फीता काट कर उद्घाटन किया। बताते चलें की अमवा ग्राम में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। भागवत कथा का रविवार को भक्ति जागरण के साथ समापन हो गया। समापन समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य



नवीन तिवारी भी शामिल हुए। श्री तिवारी का भागवत कथा कमेटी के अध्यक्ष समाजसेवी प्रवीण मिश्रा ने माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके पूर्व श्री तिवारी ने भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा को धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भागवत कथा आयोजन समिति के सभी सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में परशुराम सेना के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अमवा ग्राम निवासी संजय मिश्रा की भूमिका काफी सराहनीय रही। सात दिवसीय कथा में अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, सचिव त्रिपुरारी मिश्रा, निरंजन मिश्रा, व्यवस्थापक राहुल मिश्रा, मुखिया रंभा मिश्रा, वार्ड सदस्य नागेन्द्र मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा सुरेंद्र मिश्रा, हरिवंश मिश्रा, तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी, संजय चौधरी, लक्ष्मण चौधरी व जगजीवन राम सहित कई सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों के बीच रोटी, सब्जी, चावल, दाल का वितरण वरदान ट्रस्ट के द्वारा रविवार की शाम को किया गया । सबसे पहले बुजुर्गों को प्राथमिकता देते हुए ट्रस्ट के सदस्यों ने पहले उनके बीच भोजन का वितरण किया । उसके बाद दातून, दोना बनाकर स्टेशन पर ही जीवन यापन करने वाली ग्रामीण महिलाओं के बीच भोजन वितरण किया । इस कार्य में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा मन्नत सिंह बग्गा, संध्या अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल , अनिता अग्रवाल और राधिका शामिल थीं।

### द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# खेल से खिलाड़ियों का चरित्र निर्माण होता है: राजेन्द्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने नेशनल गटका खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि खेल से खिलाड़ियों में चरित्र का निर्माण होता है । मुझे यह जान कर बेहद खुशी हो रही है की द कराटे एकेडमी के खिलाड़ी गटका खेल के माध्यम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं । वही द कराटे एकेडमी के निर्देशक शिहान सुमित कुमार ने कहा कि पलामू जिला से पहली बार खेलो इंडिया में यहां के खिलाड़ी इशू सिंह ने भाग लिया । द कराटे एकेडमी में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पलामू का नाम रोशन किया है। सम्मानित हुए खिलाड़ियों में रीतिक राज तिवारी, पंचम कुमार, उज्जवल कुमार, राम प्रताप सिंह, इशू सिंह, अगरिया प्रियदर्शनी, रिशव राज, कुमार मोहित के नाम शामिल है।

# इस सप्ताह आ सकता है सीटेट का रिजल्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सीटेट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे परीक्षार्थियों को इस सप्ताह सीटेट का रिजल्ट जारी होने की संभावना है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 17 फरवरी को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दिसंबर 2022 के लिए आपत्ति दर्ज करने की ऑनलाइन विंडो बंद कर दी है। अब जल्द ही सीटेट रिजल्ट और फाइनल आंसर- जारी की जाएगी। जो उम्मीदवार 28 दिसंबर 2022 से 07 जनवरी 2023 तक आयोजित हुए सीटेट परीक्षा में उपस्थित हुए थे। वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकेंगे। सीटेट की प्रोविजनल आंसर-की 14 फरवरी को जारी की गई थी और उम्मीदवारों को 17 फरवरी तक ऑब्जेक्शन दर्ज करने का मौका दिया गया था। सीबीएसई जल्द ही सीटेट प्रोविजनल आंसर-की के आधार प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कर लेगा। उसी के आधार पर फाइनल आंसर-की और सीटेट रिजल्ट जारी किया जाएगा। सीबीएसई सीटेट रिजल्ट फरवरी के आखिरी सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह में जारी हो सकते हैं। गौरतलब है कि इस साल सीटेट 2022 परीक्षा में लगभग साढ़े 32 लाख उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। जिन्हें अपने रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। सीटेट क्वालीफाई करने के लिए उम्मीदवारों को कम से कम 60 प्रतिशत मार्क्स लाने की जरूरी हैं। एसएससी, एसटी व ओबीसी कैटेगरी के लिए क्वालीफाइंग मार्क्स 55 प्रतिशत है।

# एनपीयू ने पीएचडी आवेदन की तिथि बढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के द्वारा विश्वविद्यालय के अंतर्गत पीएचडी पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु एंट्रेंस टेस्ट के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 फरवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया है । यह जानकारी एनपीयू के कुलसचिव के द्वारा दी गई है।अब इच्छुक योग्य उम्मीदवार 28 फरवरी तक विश्वविद्यालय कार्यालय में अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं । आवेदन करने के लिए सामान्य व ओबीसी कोटि को 1500 रुपये और एसी, एसटी और अन्य को 1000 रुपये का आवेदन शुल्क लगेगा।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर में 40 मरीजों का हुआ ऑपरेशन

# डा. निधि कश्यप ने अंधेपन के मरीजों को भी दी ज्योति

■ माइक्रोस्कोप व अत्याधुनिक फेको मशीन से ली गई सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के हुसैनाबाद में मेगा स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद के 40 मरीजों की आंख का ऑपरेशन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की टीम की डा निधि कश्यप व नेत्र रोग विशेषज्ञ डा प्रसुन्न कुमार ने सैकड़ों नेत्र मरीजों की जांच की। चिन्हित 40 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन आधुनिक तकनीक से



किया गया। डॉ निधि ने अपनी पूरी टीम के साथ अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप व अत्याधुनिक फेको मशीन की सहायता से मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया। एफआर सीएस व आईसीओ की अंतरराष्ट्रीय डिग्री प्राप्त डा. निधि नेत्र प्रत्यारोपण की भी विशेषज्ञ हैं। कश्यप मेमोरियल आई बैंक की सहायता से झारखंड में नेत्र प्रत्यारोपण की अत्याधुनिक तकनीक से पुतली जनित अंधेपन से ग्रसित मरीजों को नई आंख लगाकर ज्योति दी है। उन्होंने शिविर में नेत्र की सुरक्षा व सफाई की भी जानकारी दी। सोमवार की सुबह मरीजों की पट्टी खोल कर उन्हे चश्मा दिया गया। मरीजो को धूल, धूप और धुआं से परहेज रखने की हिदायत दी गई। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आंखों की रोशनी देने से बड़ा पुण्य का कोई काम नहीं।

# भू-माफिया तालाब का कर रहे हैं अतिक्रमण : शैलू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने सोमवार को प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि चैनपुर में बड़े पैमाने पर तलाब, नाहर ,नाली एवं रोड पर भू माफियाओं का बुरी नजर पड़ गयी है । अतिक्रमण का प्रमाण देते हुए कहा कि चैनपुर बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के किनारे समृद्धि मैरिज हॉल के सामने की तलाब का राकेश मेहता के द्वारा अतिक्रमण करने का काम किया जा रहा है। इसी तरह का एक मामला ग्राम हंसा ,पंचायत के झरीवा प्रखंड चैनपुर का भी है। सर्वे नाहर को कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसका प्लॉट संख्या 46, 55, 56 एवं 57 खाता संख्या 13 एवं 23 है । उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इससे जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई अभिलंब की जाए एवं अतिक्रमण को तत्काल रोका जाए। मौके पर उपस्थित ललन वर्मा ,रूपेश कुमार भाजपा महामंत्री, राजेश कश्यप, भरत चंद्रवंशी, आदि उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम के प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाले संत मरियम विद्यालय के तीनों शाखा के कराटेकारों को विद्यालय के चेयरमैन के द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीं देव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा के लिए बेटियों को आत्मरक्षा कला का प्रशिक्षण जरूरी है । सम्मानित होने वाले कराटेकारों में संत मरियम विद्यालय नावाटोली शाखा के 6 वर्षीय बाल कराटेकार रौनक कुमार के द्वारा भूटान में आयोजित साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप के फाईट में गोल्ड मेडल और काता इवेन्ट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया था । वहीं संत मरियम




विद्यालय शाखा कजरी के रवि नयन कुमार एवं ओम प्रकाश मेहता के द्वारा कोलकाता में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप चैम्पियनशिप के फाइट में दो गोल्ड मेडल एवं काता में दो सिल्वर मेडल के जीत अपने नाम किया गया था । संत मरियम विद्यालय शाखा नवाटोली के कराटेकार अभिषेक कुमार सिंह एवं आदित्य उरांव ने आगरा में आयोजित ऑल- इंडिया इन्डो कनटीनेन्टल इन्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप के फाईट में दो गोल्ड मेडल जीत अपने नाम किया वहीं शिवदयाल कुमार, सृष्टि कुमारी, सोनम कुमारी, वर्षा कुमारी ने चार ब्राउज मेडल जीत अपने नाम किया । मौके पर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को भी बुके एंव शॉल देकर चेयरमैन के द्वारा सम्मानित किया गया।

### एलएडीसी के काउंसिल ने अभियुक्त की ओर से पक्ष रखा, केस समाप्त

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिखा अग्रवाल की अदालत ने जीआर केस नम्बर 981/2016 के आरोपी छतरपुर थाना अंतर्गत कुणडैली निवासी बिहारी सिंह उर्फ अरुण सिंह को दोष स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उक्त केस में अभियुक्त द्वारा जेल में बिताये गये अवधि तक ही सजा मुकर्रर कर उक्त केस से मुक्त कर दिया है। हालांकि अभियुक्त अन्य दूसरा केस में भी न्यायिक अभिरक्षा में है । बिहारी सिंह पर आरोप था कि 14 जून 2016 को 11:30 बजे अवैध देशी पिस्तौल, जिंदा गोली व मोबाइल के साथ पुलिस तलाशी में पकड़ा गया था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उसके विरुद्ध छतरपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से अपना पक्ष रखने के लिए सरकारी खर्च पर अधिवक्ता मुहैया कराने का आग्रह किया था। आरोपी को पक्ष रखने के लिए डिस्ट्रिक्ट लिगल एड डिफेन्स काउंसिल की और से अधिवक्ता के रूप में डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय को नियुक्त किया गया था। अदालत ने मधुपुर जेल में बंद कैदी बिहारी सिंह को दोष स्वीकार करने पर भीसी के माध्यम से सजा सुनाया। बिदित हो कि उपरोक्त धारा में अधिकतम सात बर्ष तक की सजा है। अभियुक्त 15 जून 2016 से इस केस में न्यायिक अभिरक्षा में था।

### अखिल भारतीय वैश्य समाज की बैठक में कमिटी गठन पर चर्चा



**मेदिनीनगर।**अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा समाज की एक बैठक 19 फरवरी दिन रविवार को संपन्न हुई । जिसमें आगामी 26 फरवरी दिन रविवार को स्थान होटल रिलैक्स इन आढ़त रोड में समय 11:00 बजे से जिला कमेटी का चुनाव होना निश्चित किया गया है। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदास साव ,केंद्रीय युवा अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ,प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ,प्रदेश युवा अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ,प्रदेश उपाध्यक्ष भीम प्रसाद सहित विश्वनाथ प्रसाद ,विनय कुमार बीनू ,ओम प्रकाश प्रसाद,उमेश प्रसाद चुनाव पदाधिकारी के रूप में सम्मिलित रहेंगे । चुनाव को सफल बनाने के लिए मध्यदेशीय युवा समाज के द्वारा सभी व्यवस्था की जायेगी। इसी दिन अखिल भारतीय मध्यदेशीय महिला समाज का चुनाव भी संपन्न कराया जायेगा। मौके पर नंदकिशोर,भीम प्रसाद,ओमप्रकाश गुप्ता,प्रभात कुमार, अनूप कुमार गुप्ता,मनोहर कुमार,अमर कुमार गुप्ता,सूर्य नारायण सूरज,अनिल कुमार, संतोष कुमार, कन्हाई प्रसाद,प्रेम प्रकाश,शिवकेश्वर प्रसाद,दिनेश प्रसाद,अजीत कुमार,सुरेंद्र प्रसाद,अरुण, विजय प्रसाद,रंजन कुमार,मनोज प्रसाद, आनंद प्रसाद, तरुण कुमार,मदन प्रसाद सम्मिलित हुए। बैठक में स्वःमहेंद्र प्रसाद पांकी एवं स्वःराजू प्रसाद नौडीहा के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही पलामू जिला के स्वजातीय बंधु से चुनाव में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

### सड़क दुर्घटना में टेम्पो चालक गंभीर

**मेदिनीनगर।** कार और टेंपो की टक्कर में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि टेंपो चालक सिंगरा से मेदिनीनगर की ओर जा रहा था । तभी रास्ते में एक स्विफ्ट डिजायर कार ने टेंपो में धक्का मार दिया। जिसमें टेंपो चालक सिंगरा निवासी बाबू शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई। जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कार को अपने कब्जे में लेकर उसे थाना ले गई । वही घायल टेंपो चालक को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जहा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मगही समाज का एक दिवसीय धरना 21 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य से नहीं जन गोष्ठी पर आधारित सामाजिक आर्थिक इकाई के गठन से बनेगा आत्म निर्भर समाज। ऐतिहासिक और अतीत का गौरवशाली मगध अपने आप में विशिष्ट पहचान को धारण किए एक महत्वपूर्ण जन गोष्ठी है। जिसकी आज उपेक्षा ही नहीं, वल्कि इसके भू-भाग को तीन राज्य यथा- बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में विभक्त कर इसका आर्थिक दोहन और शोषण, सामाजिक विघटन और सांस्कृतिक अवदमन किया जा रहा है। प्रकृति ने धरती के प्रत्येक जन गोष्ठी को पूर्ण आत्मनिर्भरता के लिए अपार संसाधन उपलब्ध किया है। किन्तु पूंजीवादी व्यवस्था के कारण मुट्ठी भर लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। इसी अमानवीय और प्रकृति विरोधी कृत्य से मगध को बचाने के लिए, इसे एक कर स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक दर्जा देने की मांग को लेकर 21 फरवरी को दिन के लिए दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक अन्य जिला सहित पलामू में भी एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। उसके बाद ज़िला उपायुक्त के माध्यम से सरकार को मांग पत्र भी सौंपा जायेगा। मगध जन गोष्ठी की तरह ही भारत में प्रमुख रूप से चौवालिस जनगोष्ठी हैं। ये सब भी अपने अपने जन गोष्ठी को सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक अधिकार दिलाने की मांग को लेकर उक्त तारीख को ही अपने अपने जिला मुख्यालय पर प्राउटिष्ट सर्व सम्ज की अगुवाई में धरना देंगे।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को आभार :अभिभावक संघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा कि महाशिवरात्रि में शिवजी की बारात निकलने के लिए जो तोरण द्वार बनाया जाता है । उसमें पांकी में दो गुटों में हुई झड़प जिससे तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जिसमें पत्थरबाजी आगजनी इतनी ज्यादा बढ़ी कि लोग एक दूसरे को मरने -मारने पर उतारू हो गए, जिसमें पाकी पुलिस की थोड़ी लापरवाही दिख रही है वहीं जब पलामू उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को पता चली तो उन्होंने तत्परता पूर्वक संवेदनशील इलाके में पर्याप्त बल तैनात कर तथा विभिन्न इलाकों में पेट्रोलिंग जारी कर व सीआरपीसी की धारा 144 लगाकर तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रण में किया। इस पथराव में अनेक पुलिसकर्मी भी घायल हुए मौके पर डीसी एसपी सहित दर्जनभर से अधिक वरिष्ठ अधिकारी कैंप कर स्थिति को नियंत्रण में किया। श्री पांडे ने कहा कि इंटरनेट बंद होने की वजह से पलामू के अनेक कार्य ठप पड़े रहे, खासकर 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ा उनकी पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हुई। पुनः सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं जिसके लिए हार्दिक दिल से पलामू उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक साधुवाद के पात्र हैं।

**दुर्घटना** | अनियंत्रित वाहन पेड़ से टकराई, आधा दर्जन लोग घायल

# स्थानीय लोगों ने भेजा एमएमसीएच

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ के निकट सोमवार की सुबह 4:00 बजे पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि पिकअप चालक पिकअप छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के बाद सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन रांची से मेदिनीनगर आ रही थी। इसी बीच दुबिया खाड़ के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम



गोराडीह निवासी विनोद विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष, चंदन कुमार शर्मा उम्र 16 वर्ष, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महुअरी डेहरी निवासी लल्लन प्रसाद उम्र 35 वर्ष, मनोज कुमार उम्र 38 वर्ष, रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़मा बभांडी निवासी उमेश कुमार भूइयां उम्र 40 वर्ष और गढ़वा जिले के मझीआंव निवासी प्रदीप कुमार ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर सतबरवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में लेकर उसे थाना ले गई है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन प्रेस के नाम पर फर्जी चलाया जा रहा था। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बिजली के मोटर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर थाने के पुलिस ने चोरी गए बिजली के मोटर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 25/23 दिनांक 19/23 धारा 379 भादवी के अप्राथमिकी अभियुक्त राजा डोम पिता स्व दशरथ डोम (19 वर्ष) एवं विनोद उर्फ बिल्लू डोम पिता जदू डोम का नाम शामिल है। दोनो थाना क्षेत्र के अहिपुरवा गांव के रहने वाले है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी गए तीन बिजली मोटर को बरामद किया गया है। वही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा

**भवनाथपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चल रहे बीते 10 फरवरी से 25 फरवरी तक को लेकर रविवार को डॉ प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में 18 फरवरी तक हुए कार्यों का समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें सभी सुपरवाइजर उपस्थित हुए। डॉ प्रियंका के द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश सभी सुपरवाइजर को दिया गया। डॉक्टर नितेश भारती के द्वारा दवा का प्रतिकूल प्रभाव के बारे में सभी सुपरवाइजर को प्रशिक्षित किया गया। भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी प्रखंड के कुल 197730 व्यक्तियों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिसके लिए 191 टीमों बनाया गया है। जिसका सुपरविजन 37 सुपरवाइजर के द्वारा किया जा रहा है। बैठक में जिला भिबीडी सलाहकार अरविंद दिवेदी, डॉक्टर अभिनीत विश्वास, डॉक्टर नितेश भारती, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, डाटा प्रबंधक अनूप कुमार सहित लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय नाई महासभा ने नए प्रखंड कमेटी के चयन का किया विरोध

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय नाई महासभा के भवनाथपुर प्रखण्ड अध्यक्ष भरत ठाकुर ने गुपचुप तरीके से हुए नए प्रखण्ड कमेटी के चयन का प्रेस वार्ता कर विरोध किया। प्रेस वार्ता में कहा कि समाज कुछ लोग समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं इस लिए समाज किसी भी लोगों को बिना सूचना के भवनाथपुर प्रखंड कमेटी का गठन बंद कमरे में किया गया। और समाज के लोगों में नए कमेटी गठन का भ्रम फैलाया जा रहा है। मैं समाज के तोठने वाले लोगो कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस मौके पर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष बुधन ठाकुर, सुरेश ठाकुर, धर्मदेव ठाकुर, संजय ठाकुर, राकेश ठाकुर, सतीश ठाकुर सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रशासन की मिलीभगत से भवनाथपुर व केतार में सरेआम चल रहा है अवैध बालू का उठाव

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

उपायुक्त के सख्त निर्देश के बावजूद प्रशासन की मिलीभगत से भवनाथपुर एवं केतार थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों और नालों से बालू माफिया खुलेआम बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू की उठाव कर सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों में ऊंचे दामों पर बेच कर सरकारी राजस्व का चूना लगा रहें हैं। आपको बता दें कि भवनाथपुर के ढढरा नदी, मकरी, बरवारी, झगराखांड़, कैलान सहित केतार के पंडा नदी से बालू माफियाओं द्वारा खुलेआम बालू की उठाव कर भवनाथपुर के सरकारी



योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए लाकर गिरा रहें हैं। इतनी बड़े पैमाने पर बालू की किये जा रहे ढुलाई के बाउजूद भी इसपर प्रशासन की नजर नहीं है। जबकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने सहित चोरी चबारी रोकने के लिए पुलिस गश्ती भी करती रहती है, इसके बाउजूद पुलिस की नजर बालू माफियाओं की ओर नहीं गई। इससे पुलिस की ओर उंगली उठना लाजमी है। केतार क्षेत्र के नदियों से बालू की उठाव कर बालू लदे ट्रैक्टर फर्राटे भरते हुए 15 किमी की दूरी तय करते हुए भवनाथपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न योजनास्थल पर गाड़ी पहुंचती है,लेकिन इनपर नजर न तो केतार थाना के कर्मियों की नजर जाती है, और न ही भवनाथपुर थाने के कर्मियों की।

वहीं अवैध बालू लेकर जाने में तेज रफ्तार में ट्रैक्टर चलाने से आये दिन घटना दुर्घटना भी होते रहती है। भवनाथपुर थाना द्वार कुछ बाल वाले ट्रैक्टर पर कार्रवाई कि गई है, उसके बाद भी बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर श्रीबंशीधर एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी नही है जांच जो भी इस कार्य मे संलिप्त है उनके ऊपर कारवाई किया जाएगा।

### 38 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# उग्रवाद का एक भी मुकदमा दर्ज होगा तो इस्तीफा दे दूंगा: भानु



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

सोमवार को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने अपनी उपस्थिति में 38 लाख रुपये की लागत से दो योजनाओं का शिलान्यास ग्रामीणों के हाथों सम्पन्न कराया। सर्व प्रथम पालनगर गांव में दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास बीडीसी प्रतिनिधि ललू जयसवाल ने किया। जबकि मुकुन्दपुर गांव में 28 लाख 17 हजार रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण का शिलान्यास बुजुर्ग ग्रामीण महेशी बियार ने नारियल फोड़कर कराया।इस अवसर पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा की मुकुंदपुर पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन नहीं रहने से स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सम्बन्धी बहुत परेशानी होती थी। लेकिन अब स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण होने से आमजनों को काफी सहुलियत होगा। उन्होंने पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर तंज कसते हुये कहा की चुनाव हारते- हारते उनका मानसिक संतुलन खराब हो गया है। उन्होंने कहा की पुर्व विधायक मुझे उग्रवादी कहते हैं, मेरे उपर उग्रवाद का एक भी मुकदमा दर्ज होगा तो मैं विधायकी से स्थिफा दें दुंगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया मुंगा साह, प्रमोद कुमार, धीरेन्द्र शुक्ल, ललू जयसवाल, राम प्रसाद कमलापुरी, सिताराम जयसवाल, सुनील सिंह, देवेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, राकेश सिंह, गौरव सिंह, अमित चंद्र सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक मद से अतिरिक्त भवन का शिलान्यास

**खरौंधी।** अरंगी किसान डिग्री कॉलेज का विधायक मद से लगभग 10 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त भवन का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही ने सोमवार को नारियल फोड़कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रा ने स्वागत गीत के साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा भ्रूण हत्या बंद करो गीत प्रस्तुत किया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कॉलेज में रूम कम था। जिससे छात्राओं को बैठने में परेशानी होती थी। लेकिन अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हो जाने से छात्राओं को परेशानी नहीं होगी। इसके अलावे दिसंबर 2025 तक किसान डिग्री कॉलेज का दस अतिरिक्त कक्ष विधायक मत से बनवा लिया जायेगा। साथ ही कहा अरंगी में किसान डिग्री कॉलेज संचालित होने से क्षेत्र के लड़का लड़कियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई है। बहुत जल्द ही कूपा मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में अपग्रेड किया जायेगा। होली के पश्चात अरंगी में लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से पंडा नदी पर पुल का स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही उसका शिलान्यास करते हुए काम चालू किया जायेगा। विधायक भानू प्रताप शाही ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव तथा ताहिर अंसारी दोनो पर हमला बोलते हुए कहा मैंने हमेशा क्षेत्र का विकास करने का काम किया है। लेकिन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव तथा ताहिर अंसारी दोनो मुझे गाली देते धूम रहे है। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव अपने कार्यकाल में लोगो को भ्रमित कर राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से भवनाथपुर में पावर प्लांट तथा खरौंधी में डोमनी बराज का झूठा शिलान्यास किया गया था। इसके अलावे कैसे अनंत प्रताप देव 50 लाख रुपए लेकर राज्य सभा चुनाव में पार्टी विरोधी काम करते हुए अपना वोट बेच दिया था। इसके पश्चात सीबीआई का नगरगढ़ में छापा पड़ा था जो सर्व विदित है। कूपा मुखिया प्रमोद कुमार राम ने बताया पंचायत स्तर से विद्यालय में 2.50 लाख का शौचालय निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गया है। जल्द ही विद्यालय परिसर में उसका निर्माण करवाया जायेगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संचालन विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, विनोद चौधरी, क्लामुदिन अंसारी, पूर्व मुखिया शिवकुमार यादव, बैजू गुप्ता, अभय कुमार सिन्हा कई भाजपा नेता तथा कॉलेज के शिक्षक, सभी छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# मुखिया सुकनी ने पीसीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कैलान पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण का पंचायत के मुखिया सुकनी देवी ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जहां पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए मुखिया सुकनी देवी ने कहा कि यह सड़क 15वें वित्त आयोग से राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। इसकी लागत लगभग दो लाख पचास हजार रुपये होगी। उक्त सड़क वीर कुंवर स्थान से सुरेंद्र यादव के घर तक निर्माण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास करते हुए कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। इससे इस सड़क निर्माण के हो जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। इधर मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में इस सड़क से पार होने में काफी परेशानी हो रही थी। वही अब इस सड़क के बन जाने से हमारी समस्या दूर हुई। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सुकनी देवी का सड़क निर्माण को लेकर धन्यवाद किया। मौके पर राम प्रताप यादव, उपमुखिया सुरेंद्र यादव, संजय यादव, भीम यादव, सुजीत यादव, वार्ड सदस्य पप्पू सिंह रामाधार यादव, मानिक यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तत्वावधान में झारखंड में नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक विद्यालयों के बच्चो को मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को मध्य विद्यालय बलिगढ़ में चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षण कर्ता शिक्षक देवेन्द्र



कुमार, जितेन्द्र पाठक,और नवीन प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर शिक्षक देवेन्द्र कुमार ने कहा की पहली और दुसरी कक्षा में पढ़ाने वाले 42 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के उद्देश्यों को सभी शिक्षक अपने विद्यालय में जाकर बच्चों का प्रतिभा निखारने का काम करेंगे। इसलिए विभाग द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ताकि विद्यालयों के बच्चो को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान में निपुण हो सके। यह प्रशिक्षण 23 फरवरी को सम्पन्न होगा।

# प्राथमिक विद्यालय बेसरी स्कूल की रसोइया खाना बनाने के क्रम में बेहोश

**नवीन मेल संवाददाता। चिनीया**

चिनीया थाना क्षेत्र के बेशरी गांव में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की रसोइया बरती कुवर सोमवार की सुबह करीब 10:30 बजे खाना बनाने के क्रम में अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। वही गिरने की आवाज सुनकर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेसरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिलाल यादव दौड़ कर रसोई घर में पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि रसोइया बरती कुवर अचेत अवस्था में पड़ी हुई है।उन्होंने तत्काल सीआरपी एवं वहां के ग्रामीणों की सूचना दी। जहां उपस्थित लोगों ने देखा कि उसका दाहिना हाथ-पैर नहीं उठ रहा है।



सारा शरीर सुन्न पड़ा हुआ है साथ ही चेहरे की बनावट बिगड़ी हुई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सीआरपी द्वारा तत्काल आनन-फानन में रसोईया की बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा डॉक्टर ने इलाज कर बताया कि इसका दाहिना तरफ हाथ पैर सुन हो गया है यह लकवा की शिकायत है। वही रसोइया की बेहतर इलाज हेतु पुनः मेराल थाना क्षेत्र के संगबरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां रसोईया का इलाज जारी है। बताते चलें कि विगत कई महीनों से रसोईयों का मानदेय नहीं मिल रहा है। जिससे रसोईया भी काफी चिंतित रहा करती थी। रसोइया की बेहतर इलाज हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिलाल यादव एवं सीआरपी मंदीप राम द्वारा काफी मदद की गई। तथा नगद राशि भी उपलब्ध कराई गई है।

# सहायक अध्यापकों ने मांग पत्र सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव व सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने झारखंड सरकार के शिक्षा सचिव के नाम लिखे तीन सूत्री मांग पत्र प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपा। मांगपत्र में सहायक अध्यापकों ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्रो में विगत 17-18 वर्षों से शिक्षण कार्य करा रहे झारखंड मूलवासी 62000 सहायक अध्यापक न्यूनतम मानदेय व असुरक्षित भविष्य के साथ कार्य करने को विवश हैं। सहायक अध्यापक सरकारी शिक्षकों के साथ कार्य करते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक सहायक अध्यापकों के साथ उचित न्याय नही हो सका है। सहायक अध्यापकों ने अनुभव के आधार पर वेतनमान देने, शैक्षणिक प्रमाणपत्र का सत्यापन शीघ्र कराने व आंदोलन के क्रम में सहायक अध्यापकों पर हुये मुकदमें वापस लेने की मांग किया है। मौके पर आशीष कुमार, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, विनोद राम, अरविन्द कुमार ठाकुर, राधा प्रसाद यादव, अनुज कुमार यादव, हफीज अंसारी, उस्मान अंसारी, राकेश वर्मा, धीरेन्द्र कुमार सिंह, परवेज आलम, मुनेश्वर मेहता, रामलखन पाल, सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

# चौपाल अतिक्रमण करने की शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं, लोगों में नाराजगी



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बाजार परिसर स्थित चौपाल पिछले दो वर्षों से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे आम लोंगो को परेसानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि आसपास के लोंगो के द्वारा चौपाल अतिक्रमण करने की शिकायत सीओ व पूर्व थाना प्रभारी से लोंगो के द्वारा लिखित व मौखिक शिकायत की जा चुकी है। परन्तु आज तक चौपाल को अतिक्रमण मुक्त नही कराया गया। लोंगो के द्वारा बताया गया कि एक सब्जी दुकान दार के द्वारा उक्त चौपाल को अतिक्रमण कर सब्जी का दुकान इकलौता लगाया जा रहा है या कहिए कि भंडार कक्ष बना दिया गया है। बताते चले कि डेढ़ दशक पूर्व पूर्व मंत्री रामचन्द्र केसरी के द्वारा वेवसाइयो के आग्रह पर बैठक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में असुविधा को दूर करने के लिए बाजार परिसर में इसका निर्माण कराया गया था। परन्तु देख रेख के अभाव में चौपाल को निजी तौर पर अतिक्रमण कर उपयोग किया जा रहा है और स्थानीय प्रसाशन भी इस पर चुपी साधे हुए है।

## खेलकूद

### आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन समारोह

# प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित





**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

स्थानीय परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में सरूवत हिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजन का समापन एसोसिएशन के कोर कमेटी सदस्य सह झारखंड के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक दिलीप तिर्की के द्वारा एसोसिएशन का प्रतिक चिन्ह लगा ध्वज का ध्वजारोहण कर किया गया।

आयोजन के दूसरे दिन आयोजन समिति के द्वारा बालक एवं बालिकाओं का सीनियर एवं जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों के लिए लंबी दौड़, रिले दौड़, तिरंदाजी, ऊंची कूद एवं लंबी कूद प्रतियोगिता आयोजित किए गए। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित उपस्थित अतिथियों के कर कमलों द्वारा देकर सम्मानित करने का कार्य किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक दिलीप तिर्की ने कहा कि दो दिवसीय आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जिस तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दिखाया है वे नेशनल एवं इंटरनेशनल गेम मैं भी भाग ले सकते हैं बशर्ते लगन के साथ लगातार प्रयास करने की आवश्यकता है। आने वाले समय में आप की प्रतिभा को और निकालने के लिए यहां डे बोर्डिंग स्कूल खुलवाने का प्रयास किया जाएगा। समापन समारोह में बतौर अतिथि के रूप में एमाकुलता लकड़ा, सुमन्त तिर्की, शशि नीलिमा डूंगडूंग, खिस्तोफर तिर्की, जयप्रकाश मिंज, आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सरूवत हिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तीनों इकाई कोर कमेटी, सहायक सामान्य कमिटी एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

# उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**गुमला।** गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को घाघरा प्रखण्ड का दौरा कर टाना भगत इंटर कॉलेज, प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे पुस्तकालय भवन व स्टाफ क्वार्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में टाना भगत इंटर महाविद्यालय में शिक्षकों से कॉलेज में मूलभूत सुविधा की जानकारी ली लेते हुए उपायुक्त कॉलेज में 12000 लीटर का टंकी का एक जल मीनार और विद्यार्थियों कि मूलभूत सुविधा कॉलेज में बहाल करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे प्रखंड स्तरीय 200 से अधिक क्षमता वाले पुस्तकालय भवन का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश अपर समाहर्ता व बीडियो के अलावे कनीय अभियंताओं को दिया और पुस्तकालय भवन को मार्च के अंत तक बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने प्रखंड के कर्मियों के लिए बनाए जा रहे क्वार्टर का भी निरीक्षण किया जिसके बाउंड्री के कार्यों से असंतोष व्यक्त किया।

# शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन




**भंडरिया।** भंडरिया बीआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण भवन में शिक्षकों की एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बीपीएम रवि कुमार, सीआरपी विजयकृष्णन सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर बीपीएम में रवि कुमार ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों एफएलएन की प्रशिक्षण दी जा रही है। शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय में जाएंगे और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करेंगे। साथ ही सरकार की महत्वकांक्षी योजना निपुन भारत को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि 4 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को बच्चों की शैक्षणिक एवं शारीरिक विकास एवं बोध की अवधारणा से संबंधित प्रशिक्षण दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक कमील तिर्की, मनीष कुमार, अमित कुमार एक एक बिंदु पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस मौके पर शिक्षक जॉन पीटर गिद्ध, दिनेश कुमार सहित 40 की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थी।

# हाथियों से प्रभावित टोला डुमरचुआं गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर



## 16 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान के अनुरोध पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नंदकुमार पांडे के निर्देश पर बोदा पंचायत के हाथी से प्रभावित टोला डुमरचुआं गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में एम्पीडब्ल्यू सीताराम कुमार, एमटीएस कृष्ण कांत कुमार, बीटीटी पुरुषोत्तम मुंडा, अस्पताल कर्मी धनेश्वर प्रसाद की टीम के द्वारा 16 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवा दी गई वहीं टीबी रोग से पीड़ित फुलदेव गंझु को दवा दिया गया। टीबी रोग से पीड़ित फुलदेव गंझु को जांच के लिए सीएचसी बुलाया गया है। स्वास्थ्य शिविर में बोदा मुखिया ललिता देवी,जगेश्वर गंझु, सुरेश गंझू, सुलेनद्र गंझु, कृष्ण गंझु, बलेशर गंझु, बाबूलाल गंझु,संतोष गंझु, पार्वती देवी, सुगनी देवी व अन्य शामिल थे। गौरतलब हो कि कामता पंसस खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर, मुखिया ललिता देवी व अन्य ने रविवार को हांथी के हमले में जान गंवाने वाले प्यासो देवी के परिजनों से मिलने डुमरचुआं गांव गए थे इस दौरान जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने बताया था कि मृतक के पति बिमार हैं वहीं दुसरे ग्रामीण का एक पैर और एक हांथ कटा है जिसे इलाज की जरूरत है। इसके बाद कामता पंसस और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच करने की मांग की थी।

# इटखोरी महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समा

## मंत्री, सांसद व उपायुक्त ने कलाकारों को प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित




इटखोरी(चतरा)। तीन धर्मों के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ नगरी चतरा जिले के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर क्षेत्र को जिला प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर दुल्हन की तरह सजाया गया है। इटखोरी चतरा रोड स्थित द्वार से माता भद्रकाली मंदिर तक लाइटिंग से सड़क को चमाचम किया गया है। पूरी सड़क में महोत्सव के खूबसूरत फ्लेक्स बोर्ड लगाने के साथ दूधिया रोशनी से सजाया गया है। साथ ही भद्रकाली मंदिर परिसर के सभी मंदिरों को बहुत ही आकर्षक रूप से सजाया गया है। महोत्सव के प्रथम शाम कस्तूरबा गांधी विद्यालय इटखोरी की छात्राओं ने अपने कार्यक्रम को प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। वहीं मुकुंद नायक ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर एवं झारखंडी संस्कृति को प्रस्तुत किया। गजल गायिका राधिका चोपड़ा ने हमरी अटरिया पर आजा रे सांवरिया देखा देखी तनिक हुई जाए समेत कई गजल व भजन गाकर लोगों को खुब झुमाया। अंत में धनबाद की बेटी पूजा चटर्जी ने ओ मेरे दिल के चैन चैन ना आए मेरे दिल को दुआ दीजिए, आई एम ए डिस्को डांसर, चल छैया छैया समेत अन्य गानों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस दौरान लोगों ने पूजा चटर्जी के सुरों की काफी तारीफ की। आंत में सभी कलाकरों को राज्य कें श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह व उपायुक्त अबु इमरान आदि के द्वारा संयुक्त रुप से महोत्सव का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी वीवीआईपी व वीआईपी समेत सामान्य एरिया में कुर्सियां खाली रही।

### कार्यक्रम का मीनाक्षी शर्मा ने किया संचालन

बीते संध्या से रात्रि तक तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया गया। इटखोरी के स्थानीय एवं बाहर से आए बहुप्रसिद्व कलाकारों द्वारा नृत्य एवं संगीत के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं बड़े हीं कुशलतापूर्वक मधुर आवाज के साथ मंच का संचालन मीनाक्षी शर्मा ने करते हुए एक-एक कर सभी कलाकारों को मंच पर आमंत्रित किया। मुख्य रूप से डॉ. विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (इटखोरी), मुकुंद नायक एवं ग्रुप, राधिका चोपड़ा एवं ग्रुप (गजल गायिका), सत्या ठाकुर एवं ग्रुप एवं पूजा चटर्जी (गायिका) द्वारा मंच से लोगों का खूब मनोरंजन किया गया।




## इटखोरी के पुरातात्विक महत्व पर सेमिनार का आयोजन



**इटखोरी (चतरा)।** सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन जिला प्रशासन द्वारा भारतीय इतिहास में इटखोरी के पुरातात्विक महत्व पर माता भद्रकाली मंदिर परिसर क्षत्र में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता व उपायुक्त अबू इमरान आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में पर्यावरण सरक्षण को लेकर मंत्री को उपायुक्त ने पौधा भेंट किया। मंच संचालक मीनाक्षी कुमारी ने किया। बंगाल के पुरातत्वविद प्रो. रूपेंद्र चटोउपाध्याय ने कहा कि मानव धर्म द्वारा नैतिक प्रकाश बढ़ाने का संदेश तीन धर्मों का यह संगम स्थल देता है। यहां नवीं व दसवीं शताब्दी में भी तीन धर्मों का संगम रहा है। सहायक अधीक्षण पुरातत्व विभाग रांची के नीरज मिश्रा ने कहा कि यह स्थल सामाजिक एवं सांस्कृतिक को दर्शाता है।

## महुआडांड़ में रॉलिक आइसक्रीम सेंटर खुला



**महुआडांड़।** जुगनू इंटरप्राइजेज महुआडांड़ ने किया बिरसा चौक के समीप में रॉलिक आइसक्रीम सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन जुगनू इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर मोहम्मद मुस्तकीम के द्वारा फीता काटकर किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जुगनू इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर मोहम्मद मुस्तकीम ने बताया कि अब यहां पर हमेशा रोलिक आइसक्रीम मिलेगा। शादी पार्टी एवं अन्य समारोह के लिए भी संपर्क कर उचित मूल्य पर आइसक्रीम ले सकते हैं। सेन्टर में 5 रुपए से लेकर 349 तक का रेंज उपलब्ध है।

## शौच करने गए युवक को हाथी ने किया घायल

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के बेसरा ग्राम स्थित भुरंडवा गांव में बुधन मिस्त्री उर्फ कुलेश्वर मिस्त्री ( 28)पिता पैरु मिस्त्री शौच करने के लिए सोमवार सुबह घर के सामने गया था कि पीछे से अकेला हाथी ने सूंड से लपेटने का प्रयास किया जिससे बुधन गिर गया हाथी कुचलने का भी प्रयास किया, लेकिन युवक अपने सूझबुझ से गड्ढे मे जा गिरा जिससे शरीर के कई हिस्से मे गंभीर चोट लगी है। घायल अवस्था में दौड़कर अपने घर मे घुस गया तब हांथी वहां से भाग निकला। दौड़कर घर में जाने के बाद भय से बेहोश हो गया था। हालांकि घर में आ गया और बेहोश हो गया। होश आने के बाद भुक्तभोगी ने आपबीती घटना को बताया। इस तरह हाथी द्वारा जानलेवा हमला करने से बहुत बड़ा घटना होने से टल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलम्ब अकेला हाथी को क्षेत्र से हटाने की मांग की हैं।

## जनप्रतिनिधियों के पहल पर बिजली बहाल



**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत सेरेगाड़ा के बुकरु ग्राम में बीते 4 वर्षो से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी व भाजपा मंडल अध्यक्ष के प्रयास से बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने से पूरे ग्राम में खुशी का माहौल देखा जा रहा। विगत 4 वर्षों से अंधेरे में जीने को विवश ग्रामीण अब बिजली का सुविधा ले सकेंगे। मौके पर जिप सदस्य प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार निर्मल यादव लक्ष्मी देवी विजय गंजू विजय राम मोहन पांडे मुनेंगवासर गंजू चमन गंजू मंगर गंजू बिंदु गंजू किशु गंजू देवा गंजू मालती देवी कुंती देवी यशोदा देवी मानव देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## अपहरण के आरोप में युवक गिरफ्तार, जेल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने एक नाबालिग युवती के अपहरण के आरोप में थाना क्षेत्र के केरी ग्राम निवासी ऋतिक महतो(23वर्ष) पिता काली महतो का अपहरण कर लिया गया था । नाबालिक युवती के परिजन के थाने में लिखित आवेदन के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीपीओ अजित कुमार द्वारा गठित टीम थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी कर युवती व युवक को बरामद की गई। जिसके बाद युवती के बयान के आधार पर उक्त युवक को अपहरण के आरोप में कांड संख्या 29/23,धारा 366 (ए) भादवि के तहत जेल भेज दिया गया। इस छापेमारी अभियान में बालूमाथ के कई पुलिस पदाधिकारी व शस्त्रबल के जवान शामिल रहे।

# बरवाडीह में चेतना परिषद का 17 वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के गढ़वाटाड़ के मैदान में अंबेडकर चेतना परिषद का 17 वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय कुमार सुमन (बिहार), विशिष्ट अतिथि डॉ डी सुरेंद्र नायक और डॉ पूनम कुमारी प्रोफेसर बीएच्यू वाराणसी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ डॉ भीम राव अम्बेडकर, महात्मा बुद्ध के तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। और सभी मुख्य अतिथियों को वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सुमन ने कहा कि हमारा समाज बहुत ही पिछड़ा है लोकतंत्र और संविधान क्या है लोगो को कोई जानकारी नहीं है लोगों को जानने के लिए उन्हें प्रशिक्ष की जरूरत है तभी हमारा भारत देश आगे बढ़ेगा। उन्हों ने कहा कि हमारे भारत में लोकतंत्र और संविधान को बढ़ावा देने के लिए हजारों हजार संस्था चल रही है लेकिन उन्नति काम दिख रही है। वही डॉ सुरेंद्र नायक ने कहा कि हमारी समाज को संविधान को पढ़ने की जरूरत है संविधान पढेंगे आजादी मिल सकती है। उन्हों ने कहा लड़का और लड़की सम्मान तरजीह दे छोटा बड़ा नही समझे उन्हें सम्मान अधिकार दे। तभी हमारा देश आगे बढ़ सकता है। डॉ पूनम ने कहा कि बाबा साहेब ने बोले थे कि मेरे जीवन के दर्शन तीन पवित्र तत्वों में समाहित है जिसे मैंने अपने गुरु बुद्ध की शिक्षाओं से ग्रहण किया है। ये तत्व है स्वतंत्रता, समानता, और प्रभत्व लोकतंत्र सासन के सभी पद्धतियों में बेहतर सर्व हितकारी है इस लिए इसकी चंगाई और मजबूती जरूरी है। वहीं इसके अलावा सुमन कुमारी, रमेश कुमार, गोपाल बौद्ध, मुंद्रिका बौद्ध समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सम्मेलन को सफल बनाने में रमेश कुमार, रविंद्र राम, मुनेश्वर राम, श्री राम राम, अजय दास, सुमन कुमारी, वीगन राम, दिलकेश्वर राम समेत अन्य लोगो ने काफी सहयोग किया।

# जनसमस्याओं से विधायक हुए रूबरू



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बाजार चौक के समीप दिन सोमवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह रांची जाने के क्रम मे अपने कार्यकर्ताओ से मिलकर प्रखंड की जनसमस्याओ से रूबरू हुए। इस दौरान विधायक ने कहा की मनिका प्रखंड के नुनफोरवा को पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित किया जायेगा। वही विशुनबांध गांव मे चेकडेम का जीर्णोद्धार किया जायेगा। मनिका पंचायत के भदईबथान मे चेकडेम का निर्माण कराया जायेगा। विधायक ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए सभी को मिलकर सोचने की जरूरत है। जनसमस्याओ से रूबरू होने के क्रम मे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने विधायक से कहा की मनिका मे सरकारी जमीन को चिन्हित कर टेम्पु स्टैंड खोला जाये। साथ ही मनिका प्रखंड मुख्यालय के हॉस्पिटल के समीप बाबु जगजीवन राम छात्रावास मे चल रहे गुरूकुल कौशल विकास केंद्र को खाली कराया जाये। ताकी उक्त भवन मे दलित छात्राऐं रह कर अपनी पढ़ाई कर सके।

# जंगली जानवर के हमले में चार बकरियों की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेंदी पंचायत के लेदपा गांव निवासी किसान विनोद सिंह के चार बकरियों को जंगली जानवर के द्वारा मौत के घाट उतार दिया गया है। जबकि एक बकरी को जानवरों के द्वारा घायल कर दिया गया है। बकरियों के मालिक बिनोद सिंह बकरियों के सहारे ही अपनी जीवका चलाते थे उनके परिवार में दस सदस्य हैं। 4 बकरियों के खोने से वह काफी दुखी और चिंतित है कि अब हमारे परिवार का क्या होगा। पीड़ित ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही बेंदी मुखिया रामदयाल उरांव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार के साथ संतावना व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा की मांग कि है नहीं तो आंदोलन करने की भी बात कही है। वही आजसू नेता श्रवण पासवान भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर विनोद सिंह को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। जंगली जानवरों के आतंक से गांव के ग्रामीण काफी भयभीत है ग्रामीणों का कहना है कि कब जंगली जानवर हमला कर दें कहना मुश्किल है। मवेशियों को अब जंगलों की ओर ले जाने से भी डर लग रहा है। सदर प्रखंड के बेंदी पंचायत के लेदपा ग्राम में रविवार रात जंगली जानवर ने पांच बकरियों को अपना शिकार बना लिया। जंगली जानवर के हमले से चार बकरियों की मौत हो गयी। जबकि एक बकरी घायल हो गया।

### मुखिया-आजसू नेता ने मुआवजा दिलाने का दिया भरोसा

घटना की सूचना पाकर बेंदी पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव लेधपा गांव पहुंचे और विनोद सिंह से मुलाकात की। विनोद सिंग ने वन विभाग व प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की। मुखिया ने भी सरकारी प्रावधानों के अनुसार मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं आजसू नेता श्रवण पासवान भी पीड़ित से मुलाकात की और संबंधित अधिकारियों से मोबाइल पर बात कर मुआवजा दिलाने की मांग की।

**ग्रामीण मायूस** | महुआडांड़ में तीन वर्ष पूर्व बने प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद

# नहीं हुआ उपयोग, सरकारी पैसों का दुरुपयोग

अजय/रुस्तम




**महुआडांड़।** सरकारी पैसे का दुरुपयोग कैसे किया जाता है इसकी एक बानगी देखनी हो तो महुआडांड़ प्रखंड के बरदौनी ग्राम में देखा जा सकता है। गौरतलब है तीन वर्ष पूर्व भवन प्रमंडल द्वारा बरदौनी में लगभग 3. 5 करोड़ की लागत प्राथमिक स्वास्थ उप केन्द्र का निर्माण कराया गया था साथ ही कई भवन भी बनाए गए थे। भवन तो बना दिए गए लेकिन निर्माण उपरांत आज तक एक भी चिकित्सक की बहाली नही की जा सकी। लेकिन इन सबके बावजूद पुनः बरदौनी ग्राम में भवन प्रमंडल लातेहार द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना द्वारा बरदौनी ग्राम में 55 लाख की लागत से स्वास्थय उप केंद्र के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में बरदौनी के ग्रामीण जगन्नाथ नायक गुप्तेश्वर सिंह बिटून मुण्डा आदि ने बताया कि चार साल पूर्व जब गांव में साढ़े तीन करोड़ की लागत से 40 बेड की क्षमता वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण वर्ष 2019 में किया गया था,तो ग्रामीणों में एक उम्मीद जगी थी क्योंकि इस तरह का स्वास्थ उप केंद्र भवन पूरे अनुमंडल में कहीं नहीं है,लेकिन इस अस्पताल में आज तक डॉक्टर नहीं आने से ग्रामीणों को निराशा ही हाथ लगी है। यहां रहने के लिए एक भी डाक्टर बहाल नहीं किया गया है। वर्ष 2019 में भवन बनने के बाद बरदौनी कला, बरदौनी खुर्द, लुरगुमी, साले, टीमकीटाड़, पाकरडीह, मौनाडीह समेत कई गांव के ग्रामीणों में एक उम्मीद जगी थी कि उन्हें प्राथमिक इलाज और उपचार के प्रखंड मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा परंतु आज भी यहाँ के ग्रामीण चिकित्सकों के नहीं रहने से काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं, दुरूप पंचायत के अगल बगल के गांव की लगभग 10 हजार आबादी की स्वास्थ्य व्यवस्था मात्र एक एएनएम के भरोसे निर्भर है। ऐसे में पुनः 55 लाख की बिल्डिंग का निर्माण करना सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही है। अगर करना ही है तो इन पैसों से अच्छे डॉक्टर अस्पताल में भेजे जाए ताकि पैसे का उपयोग सही जगह पर हो सके।

# शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता




**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय शांति निकेतन पब्लिक आवासीय नए भवन परिसर में में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार, संचालिका सीमा गुप्ता एवं प्रिंसिपल विवेक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय में अध्ययनरत वर्ग एक से दसवीं वर्ग के सभी बालक बालिकाओं के बीच सभी तरह खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लंबी दौड़, बाधा दौड़, गणित दौड़, जलेबी दौड़, 50 मीटर से लेकर 500 मीटर तक की लंबी दौड़ से लेकर 20 दर्जन से अधिक बालक बालिकाओं की विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों का पुरस्कार हेतु चयन किया गया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले तीनों प्रतिभागियों के बीच विद्यालय के निदेशक पवन कुमार द्वारा बारी-बारी से पुरस्कार वितरण किया गया। वही इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये, विद्यालय निर्देशक पवन कुमार ने कहा खेल हमारे दैनिक जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# चालक की लापरवाही से किसी की गई जान, तो किसी के टूटे पैर

**घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी किसी को जानकारी तक नहीं**

**गाड़ी मालिक ने रातों रात घटना पर डाला पर्दा**




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** बीते गुरुवार को 16 फरवरी को रात्रि लगभग 11 से 12 बजे के बीच जलडेगा थाना क्षेत्र के पतिअम्बा सराईटोली आम बगीचा के पास बारात से वापस लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना से एक महिला की मौत हो गई और एक महिला का दोनो पैर टूट गया है। घटना देर रात होने के कारण गाड़ी मालिक ने घटना को बड़ी सफाई से परदे में रख दिया था। घटना के अगले दिन सुबह खबर आई कि दुर्घटना हुई है लेकिन घटना के विषय में किसी को पूर्ण जानकारी नहीं थी। लेकिन बाद में पता चल ही गया कि चालक की लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली और एक का दोनों पैर टूट गया। मृतका की पहचान सरोज डुंगडुंग पति सुरेश डुंगडुंग, ग्राम कोम्बाकेरा जिदीया टोली के रूप में हुई है। मृतका दीपक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई थी, और इसके दो बेटे हैं। वहीं पैर टूटने वाली महिला की पहचान सुनीता टेटे, पति जस्टिन टेटे, ग्राम कोम्बाकेरा जिदीया टोली के रूप में हुई है। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि जिस गाड़ी से दुर्घटना हुई वो स्कॉर्पियो गाड़ी (जेएच-02 ई-3277) था और उसका मालिक का नाम अनिल कुमार साहू (सौंडिक) है, जो कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरागढ़ का रहने वाला है। यही नहीं परिजनों ने बताया कि घटना के बाद ड्राइवर ने घायलों को ऐसे ही छोड़कर चाभी लेकर भाग गया।

**कैसे हुई दुर्घटना**

जलडेगा थाना क्षेत्र के जामपानी (मामा भगिना रोड) शादी समारोह से वापस लौटने के क्रम में पतिअम्बा सराई टोली के पास गाड़ी में बैठे एक बच्चे को उल्टी लगी। चालक ने गाड़ी को बायां साइड में खड़ा करने के बजाय दायां तरफ खड़ा किया। और गेट खोला, इतने में गाड़ी में हलचल हुई और गाड़ी पीछे की ओर लुढ़क गया और ड्राइवर ने गाड़ी में हैंड ब्रेक नही लगाया था। जिससे गाड़ी रोड से नीचे उतर गया इस दौरान गेट से सरोज डुंगडुंग गिर गई और उसके ऊपर गाड़ी का चक्का चढ़ गया, गाड़ी सामने में बने आरती देवी, पति स्व सुरेश साहु का पीएम आवास से टकरा गई, दीवार में टकराने से सुनीता टेटे का पैर गाड़ी का गेट से टकरा गया जिससे उसका दोनो पैर टूट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की आवास में भी दरार आ गया है। आवास के सामने खून भी पड़ा हुआ था जिसको बालू से ढका गया है।

**मामला दर्ज होने पर करेंगे कार्यवाही : थाना प्रभारी**

इधर घटना के संबंध में थाना प्रभारी हीरालाल महतो ने बताया कि घटना के दूसरे दिन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली थी, परंतु घटनास्थल में कुछ भी नही था, अभी तक थाना में कोई फर्जबयान नहीं आया है, और ना ही किसी पीड़िताओं के परिजनों ने कोई लिखित शिकायत की है, उन्होंने कहा की जैसे ही फर्जबयान आएगा तुरंत केस करते हुए करवाई की जायेगी।

# 2 बाइकों की टक्कर, 3 जख़्मी, रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू** कैरो थाना क्षेत्र के उतका और बंडा के बीच सोमवार 20 फरवरी की सुबह करीब 9:30 बजे दो बाइक की आपस में हुई जोरदार भिड़ंत में दोनो बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कैरो थाना क्षेत्र के सढाबे गांव निवासी सनी भगत का 28 वर्षीय पुत्र राजू भगत उर्फ बबलू अपनी पत्नी सोनी भगत के साथ अपनी केटीएम बाइक से लोहरदगा जा रहा था। वहीं दूसरी ओर से बाइक में आ रहे चट्टी बबंडीहा निवासी सुकरा उरांव 50 वर्ष पिता स्व मंगिया उरांव की बाइक से आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। घटना में सुकरा उरांव का दायां पैर पूरी तरह कट गया जबकि राजू भगत का बायां हाथ टूट गया और उसकी पत्नी को भी गंभीर चोट आई है। सूचना पर मौके पर पहुंचे कैरो थाना के ऐसे ऋषिकांत कुमार ने सभी घायलों को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को रिम्स रेफर कर दिया।

**NEWS इन ब्रीफ**

## रंगदारी मांगने के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल



**सिमडेगा।** रंगदारी मांगने एवं रंगदारी ना देने पर लाठी,डंडे और छुरा से मारकर जख्मी करने के आरोप में सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। दोनों युवक सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के केलाघाघ रोड निवासी इमरोज एवं अहमद एवं सदर अस्पताल निवासी विकास कुमार पासवान उर्फ लड्डू को कांड संख्या 136/22 भादवि की धारा 341/342/323/ 386/34 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने बताया कि आरोपियों के द्वारा पाकरटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत बसतपुर निवासी मो० जावेद ओहदार से रंगदारी मांगी गई थी। जिसके बाद जावेद ओहदार के द्वारा इस संबंध में मामला दर्ज करवाया गया था। मामला दर्ज होते ही दोनों आरोपी सिमडेगा से फरार हो गए थे। जैसे ही दोनों आरोपीयों के सिमडेगा पहुंचने की सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## कुरडेग पुलिस ने कुएं से युवक का किया शव बरामद

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के परकला में सुनसान जगह पर स्थित कुआं से लगभग 25 वर्षीय युवक का कुरडेग पुलिस ने शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मोहन महतो, पिता मुकुन्द महतो ग्राम खिंडा पकरीटोली के रूप में हुई मृतक के बड़े भाई सुरज महतो ने बताया कि मेरा भाई 10 फरवरी 2023 को घर से लगभग 10:00 बजे निकला था फिर घर वापस नहीं आया हम लोगों को शक है कि मेरा भाई मृतक मोहन की हत्या कर शव छिपाने के उद्देश्य से कुआं में फेक दिया गया है। वहीं इस सम्बंध में थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने बताया कि शव पोस्ट मार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया गया है। रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा हत्या है या किसी अन्य कारण से मृत्यु। फिलहाल सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

## कैरो में सड़क दुर्घटना तीन घायल

**कैरो।** सोमवार को थाना क्षेत्र के खंडा जोड़ा पुल के समीप हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घटना लगभग 9 बजे सुबह की थी भंडरा थाना क्षेत्र के ब्रह्माण्डीहा निवासी सुकरा भगत पिता मालिया भगत उम्र लगभग 55 वर्ष मोटरसाइकिल जेएच-01क्यू-8648 से कैरो की ओर आ रहे थे। दूसरी छोर से बब्लू उरांव पिता सानिया उरांव लगभग 30 वर्ष अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल जेऐच-01ईएच-2572 से खंडा की ओर जा रहे थे। इसी बीच खंडा जोड़ा पुल के समीप दोनों के बीच आमने सामने की टक्कर हो गई। जिससे तीनों व्यक्ति घायल हो गया। बब्लू उरांव व उनकी पत्नी के सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं सुकरा भगत को दाहिना पैर में गंभीर चोट लगा है। सूचना पाकर थाना के एसआई ऋषि कांत शर्मा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायलों को उप स्वास्थ्य कुडू भेज दिया।

# पशु हत्या के मामले में 10 आरोपियों को जेल




**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** थाना क्षेत्र के कोलेबिरा थाना अंतर्गत बरवाडीह टैसरा गांव में प्रतिबंधित पशु की हत्या करने के मामले में पुलिस प्रशासन के द्वारा संबंधित विषय पर कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार कर कोलेबिरा पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया। सभी लोग बरवाडीह के टैसरा गांव के हैं। मामला बीते रात की है जहां शादी समारोह के लिए प्रतिबंधित गौवंशी की हत्या की गई। गिरफ्तार लोगों में विजय तोपनो प्रकाश कांडूलना, गुलशन कांडुलना, नुवाश कांडूलना, अभीराम टोपनो, सुखलाल, सिपिरियन डांग, सुखलाल विकाश नायक और ज्ञान रंजन एक्का हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह टैसेरा गांव में कुछ लोगों द्वारा गौकशी की जा रही थी। इसकी सूचना कोलेबिरा पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पंहुची। लेकिन तबतक वहां गौकशी की घटना घट चुकी थी। पुलिस गौकशी करने के मामले में दस लोगों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई। इधर दस लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में गांव वाले भी थाना पंहुच कर बैठे रहे और गिरफ्तार लोगों को छोड़ने की बात करते रहे। बताया गया कि टैसेरा गांव में एक शादी समारोह था। जिसके लिए गौकशी की गई थी। इधर पुलिस दसों गिरफ्तार लोगों को केस दर्ज करते हुए जेल भेज दी। इधर रात में ही घटना की जानकारी मिलते ही सीओ हरीश कुमार और बीडीओ अखिलेश कुमार घटना स्थल पहुंचे थे।

# पीएलएफआई नक्सली बालक राम गिरफ्तार

## पोस्टर, पंपलेट, बम बनाने के सामान और चाकू बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** कुडू थाना की पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी बालक राम उर्फ कबीर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से नक्सली पर्चा, पोस्टर, बम बनाने के समान, चाकू समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। इस संदर्भ में सोमवार को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पत्रकारों को बताया कि कुड् थाना अन्तर्गत मकान्दू क्रेशरों में पोस्टरबाजी एवं सुतली बम द्वारा विस्फोट कर पीएलएफआई उग्रवादियों के द्वारा दहशत फैलाने का काम किया गया था। इस संबंध में कुडू थाना में कांड दर्ज किया गया है। घटना को लेकर गठित एसआईटी टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में 19 फरवरी 2023 को सध्या समय अभियुक्त बालक राम उर्फ दिलिप राम एवं कृष्णा यादव उर्फ सुलतान जी के कालीपुर जंगल के आसपास के क्षेत्र में आने की गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में जंगली क्षेत्र से अभियुक्त बालक राम को पकड़ा गया। अभियुक्त के पास बम बनाने का सामान एवं धमकी भरा नक्सली पर्चा बरामद किया गया। पकड़ाये अभियुक्त के द्वारा मकान्दु केशरों में पोस्टरबाजी, बम फोड़कर दहशत फलाने, फोन से व्यापारियों को धमकी देने एवं विकास साहु की हत्या जैसे कई कांडों को अंजाम दिया गया है। पकड़ाये अभियुक्त बालक राम प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन का सक्रिय सदस्य है। वही पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का मुख्य सरगना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान पुलिस गिरफ्त से दूर है। हालांकि पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर कृष्णा यादव की गिरफ्तारी के लिए जुटी है। छापामारी दल में वरीय पुलिस उपाधीक्षक (अभि0), लोहरदगा दीपक कुमार पाण्डेय, कुडू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, अभिनव कुमार, तकनिकी शाखा, दिनेश प्रसाद मेहता, संजय कुमार, नीरज मिश्रा, तकनिकी शाखा, आशुतोष कुमार सिंह, क्यूआरटी0 (सैट-02, सशस्त्र बल), चांपी पिकेट, कुडू शामिल थे।

**बरामद सामग्रियों की सूची**

एक काला रंग का बैग जिसके अन्दर आसमानी काला रंग का प्लास्टिक करीब 2 फीट चौड़ा एवं पांच फीट लम्बा, एक धारदार चाकु फाईबर का मूट लगा हुआ, एक डायरी, एक रेती बाँस का घेत लगा हुआ, कॉपर तार, एक फेविकॉल, एक स्टेपलर, बम बनाने के प्रयोग में आनेवाली सामग्री- बारूद, छर्रा इत्यादि, एक लाल बॉल पेन, एक ब्लु बॉल पेन, एक काला बॉल पेन, एक लाल रंग का मार्कर पेन, दिलीप राम का ड्राईविंग लाईसेस जिसका नं- जेएच. 08/2004/0001702, एक पीपुल्स लिब्रेसन फ्रंट ऑफ इंडिया का त्रिपुरारी जी के नाम से निवेदक पीएलएफआई कबीर जी एरिया कमाण्डर कृष्णा यादव का धमकी भरा लाल पेन से लिखा नक्सली पथ, एक भुरा रंग का पर्स जिसके अन्दर व्यावसायी एवं क्रेसर मालिकों का नम्बर लिखा एक कागज, अभियुक्त द्वारा प्रयुक्त एक ब्लू रंग का स्क्रीनटच मोबाईल।

# वाहन जांच अभियान चला,11 बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में स0आ0नि0 राजेश शर्मा द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान स्कूटी एवं बाइक चालकों का हेलमेट,वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, थैला का जांच किया गया। वही बाइक चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों का तथा वाहन का कागजात नही रहने के कारण 11 बाइक को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया जिस दौरान बिना हेलमेट के स्कूटी एवं बाइक चलाते 11 लोगों का वाहन को जब्त कर नियम संगत कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सेन्हा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान लगतार चलाया जाएगा और हेलमेट नही पहनने वालों पर सख्त कारवाई जारी रहेगा।

# पशुपालन विभाग ने लगाया शिविर

**सेन्हा।** पशुपालन विभाग के द्वारा डांडु पंचायत ग्राम में शिविर आयोजन कर 56 पशुपालक को योजनाओं की जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को पशुपालन विभाग सेन्हा के द्वारा शिविर आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के माध्यम से पशुपालको को मवेशी में होने वाली बीमारी एवं बचाव को लेकर डॉक्टर मनोज कुमार द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। इसके अलावे 56 पशुपालक का 172 मवेशियों को एफ एम डी का टीका रानी खेत एवं विटामिन का दवा निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर के दौरान 10 मवेशी का इलाज निःशुल्क किया गया और पशुपालकों को बताया गया कि कुछ ऐसे बीमारी पशु में पाया जाता है जो मौसम के अनुसार होता है। इसके लिए पशुपालक को जानकारी एवं मवेशी के रख रखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आयोजित शिविर के दौरान डॉक्टर मनोज कुमार, शशि कुमार महतो, महली पशु सखी रमित उरांव आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

# संस्थागत प्रसव में सुधार करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग का समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने बैठक के दौरान जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न कार्यो की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य से ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, ई-संजीवनी, मैटरनल डेथ, शिशु मृत्यु, लो बर्थ वेट बेबी, टीकाकरण, एमटीसी केंद्र, एचआईवी जांच, टी.वी. जांच, गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन जांच, आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड निर्माण समेत अन्य विषयों पर गहन समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पिछले माह जिले में हुए गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन में सुधार करने का निर्देश दिया। शत प्रतिशत महिलाओं का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने की बात कही। साथ ही संस्थानों में ओपीड़ी व इमरजेंसी सेवाओं को सुदृढ़ रखने की बात कहीं। आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड निर्माण की समीक्षा कर उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कई आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन डां. नवल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला आयुष चिकित्सक पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, अस्पताल प्रबंधक सिमडेगा एवं अन्य उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय पेंटिंग, निबंध और क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**सेन्हा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तरीय पेंटिंग, निबंध और क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित बुनियादी उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भविष्य में विज्ञान की संभवनाएं विषय पर प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीठीयो, गगेया, शाहबुटी, अरु, सेन्हा और चितरी विद्यालय के 28 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय नेहा कुमारी तथा तृतीय शोभा कुमारी व करिश्मा कुमारी रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम अहमद रजा, द्वितीय कृति कुमारीऔर तृतीय रेखा कुमारी को मिला तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम अनामिका उरांव व करण मुंडा द्वितीय पवन साहु व नीतू कुमारीऔर तृतीय सुमित उरांव व विश्वम साहू रहे।

**समस्या** मंत्री ने भंडरा में विभागीय अधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक

# ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष रखी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** मंत्री सह लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव ने सोमवार को भंडरा प्रखंड सभागार भवन में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण अपनी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। जिसपर मंत्री ने सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को त्वरित करवाई करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष अनाज वितरण , समय पर जमीन का ऑनलाइन नही करने , दाखिल खारिज के लिए बिना मतलब के कर्मचारियों द्वारा परेशान करना आदि मुख्य समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण योजनाओं ग्रामीण जनता के लिए चलाई जती है जिसे पदाधिकारी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिले एवं ग्रीन राशन कार्ड धारियों को अनाज वितरण बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिसका टेंडर प्रकिया सरकार द्वारा कर लिया गया है। अधिकारी ग्रामीण जनता को अनावश्यक परेशान न करे उनका कार्य यथा शीघ्र करे लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी पर करवाई की जा सकती है। मौके पर डीएसओ अमित बेसरा, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा , सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निषिथ जायसवाल, डॉ अजय नाथ शाहदेव, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत सहित प्रखंड कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## भंडरा पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिले मंत्री रामेश्वर उरांव



**सोमवार** को भंडरा प्रखंड के ग्राम हाटी लराई टंगरा टोली में सुबह करीब 5:00 बजे जंगली हांथियो के झुंड के द्वारा आम ग्रामीण को कुचल दिया गया जिसमे 4 ग्रामीणों की मृत्यु हो गई एवं कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । जिसकी सूचना पाकर मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने घटना स्थल का जायजा लिया गया और भंडरा प्रखंड के ग्राम हाटी लराई टंगरा टोली पहुंच मृतक के परिजनों एवं घायल व्यक्ति के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किए। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की यह काफी दुखद समय है और इस दुख की घड़ी में हम सब हमेशा मृतकों के परिवार के साथ हैं। आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपए सरकारी सहायता प्रदान करने को कहा, और विश्वास दिलाया कि जल्द ही सभी मृतक के परिजन एवं घायल ग्रामीण परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता हमारे द्वारा प्रदान की जाएगी। वन विभाग एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से बात कर जल्द ही हाथियों के झुंड को खदेड़ने का काम करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, कांग्रेस नेता सलीम अहमद बड़े, हाजी सिकंदर अहमद,युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, विनय उरांव, कुडू 20सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरुल अहमद,किस्को 20सूत्री में अध्यक्ष सामूल अंसारी,भंडरा प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष डोमना उरान, संभू प्रजापति, जमील अंसारी, आजाद खान, खुरसीद अंसारी इकबाल अहमद, नेसार खान, मजीद पवरिया, देवनाथ उरांव, हरिदास उरांव, एवं अन्य ग्रामीण जनता, प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कुडू में जलापूर्ति की दूर-दूर तक संभावना नही



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू** कुडू में जलापूर्ति योजना ढाक के तीन पात हो गई है। जल हीं जीवन है। इस प्रखंड में श्लोगन बनकर रह गया है।जानकारी के अनुसार कुडू में एक हजार पांच सौ से अधिक हीं कनेक्शन धारी हैं। कुडू प्रखंड में ग्राम स्वच्छता समिति टाटी कुडू को जलापूर्ति का जिम्मा दिया गया था।यह सत्य है कि इसके एवज कनेक्शन धारियों को एक सुनिश्चित रकम अदा करनी थी। कनेक्शनधारियों का कहना है कि 2020 से कभी भी नियमित जलापूर्ति नहीं हुई है। कभी स्वीच बोर्ड, कभी जल शोधन रसायन का नहीं रहना,कभी जलस्तर की कमी, लंबे समय तक मोटर जला रहना वह भी छह से सात महीने तक। इस संदर्भ में उपायुक्त लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्ण को जिला परिषद सदस्य पूर्वी क्षेत्र गंगोत्री देवी एवं लाल गुड्डू नाथ साहदेव आजसू केन्द्रीय सचिव ने अगस्त माह में कुडू में जलापूर्ति चालू करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रखंड कार्यालय कुडू के सभागार में बीस सुत्री अध्यक्ष कुडू एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें जलापूर्ति चालू करवाने का निर्णय हुआ। गांधी जयंती के दिन जलापूर्ति चालू भी हुआ, लेकिन 11 अक्टूबर 22 से पैनल स्वीच बोर्ड जल जाने के कारण उसके बाद आज तक चालू नहीं कराया जा सका है। जबकि जिला स्तरीय शांति समिति की 31 जनवरी 23 को संपन्न बैठक में भी कुडू प्रखंड भाजपा को नेताओं ने भी जलापूर्ति मामले को जोर शोर से उठाया। लेकिन मामला ढांक के पात रहा।

# कीमत को लेकर सोनी, जी स्टार के चैनल बंद




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के तीन प्रमुख टेलीविजन प्रसारक जी एंटरटेनमेंट, स्टार और सोनी नए टैरिफ ऑर्डर 3.0 के लागू होने के बाद मूल्य निर्धारण के मुद्दों के कारण केबल नेटवर्क से दूर हो गए हैं। इस नए कदम ने भारतीय मीडिया परिदृश्य को बाधित कर दिया है और केबल टीवी ऑपरेटरों के लगभग 4.5 लाख उपभोक्ताओं के प्रभावित होने की उम्मीद है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पिछले नवंबर में बुके का हिस्सा बनने के लिए एक टीवी चैनल के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को बहाल कर दिया था। इसके ऑर्डर से बुके में टेलीविजन चैनल की कीमतें करीब 10-15 फीसदी तक बढ़ गईं। एनटीओ 3.0, जिसे 1 फरवरी को लागू किया गया था, जिसकी कीमत में 10-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, मीडिया कंपनियों और स्थानीय केबल ऑपरेटरों के बीच विवाद का कारण बना था और मूल्य निर्धारण संबंधी असहमति के कारण कई चैनलों को हवा से हटा दिया गया था। ऑल इंडिया डिजिटल केबल फेडरेशन (एआईडीसीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसके सदस्य प्रसारकों द्वारा अनुचित मूल्य निर्धारण के विरोध में नए समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। इस बीच, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) ने एक बयान में कहा कि कुछ केबल ऑपरेटरों ने उचित नोटिस देने के बाद अपनी सेवाओं को बंद करने के लिए मजबूर करते हुए नए समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं किए।

## कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए हो रहा है काम

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने सोमवार को कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए वह हर प्रकार की प्रौद्योगिकी पर काम करना जारी रखेगी। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को बताया कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वह स्थानीय विनिर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। निवेशकों की बैठक में प्रस्तुतीकरण के दौरान कंपनी ने कहा, कार्बन उत्सर्जन लगातार कम करने के लिए मारुति सुजुकी सभी प्रौद्योगिकियों पर काम करती रहेगी। यह पर्यावरण के लिए, ग्राहक के लिए और ह्यमेक इन इंडिया के लिए अच्छा है।

कंपनी ने कहा कि भारतीय वाहन क्षेत्र को कार्बन रहित करने की दिशा में कई प्रौद्योगिकियों की जरूरत पड़ेगी। कंपनी ने कहा कि प्रत्येक प्रौद्योगिकी की कार्बन उत्सर्जन कम करने की अपनी क्षमता है।

# गिरावट के साथ शेयर बाजार हुआ बंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हफ्ते का पहला कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद निराशाजनक रहा है। सुबह बाजार हरे निशान के साथ खुला था। लेकिन दिन में मुनाफावसूली के चलते बाजार में गिरावट आ गई। और आज के कारोबारी सत्र के खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 311 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंकों की गिरावट के साथ 17,844 अंकों पर बंद हुआ है। बाजार की गिरावट की बड़ी वजह बैंकिंग स्टॉक्स में मुनाफावसूली रही। बैंक निफ्टी 1.05 फीसदी या 430 अंक गिरकर 40,701 अंकों पर बंद हुआ है। बैंक निफ्टी में शामिल 12 में से 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा एनर्जी, एफएमसीजी, मेटल्स, फार्मा सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में भी गिरावट रही है। आज के ट्रेड में केवल ऑटो और आईटी सेक्टर के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। निफ्टी मिडकैप 50 और निफ्टी स्माल कैप 100 भी गिरकर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 12 शेयर तेजी के साथ तो 18 गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 19 तेजी के साथ जबकि 31 गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबारी सत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट 1.75 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.35 फीसदी, पावर ग्रिड 0. 91 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.67 फीसदी, इंफोसिस 0.62 फीसदी, एचसीएल टेक 0.47 फीसदीस, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.43 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है।

### पीएम की मौजूदगी में भारत-सिंगापुर के बीच डिजिटल लेनदेन सुविधा आज से शुरू

# यूपीआई से पेमेंट का लेन-देन




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिंगापुर में रहने वाले भारतीय अब यूपीआई के जरिए भारत में पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे या फिर कोई भारतीय छात्र जो सिंगापुर में पढ़ाई कर रहा है, उसके अभिभावक बेहद आसानी से डिजिटल पेमेंट कर यूपीआई से उसे पैसे भेज सकेंगे। 21 फरवरी 2023 को भारत और सिंगापुर के बीच रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम लिकेंज को लॉन्च किया जाएगा जिसमें दोनों देशों के बीच क्रॉस-बार्डर कनेक्टिविटी के तहत बेहद आसानी से तेजी के साथ पैसे ट्रासंफर किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग की मौजूदी में भारत की यूपीआई और सिंगापुर के पेनाओ के बीच करार किया जाएगा। दोनों ही देशों के प्रधानमंत्री वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। 21 फरवरी को दिन में 11 बजे दोनों देशों के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी की शुरूआत की जाएगी। भारत की तरफ से आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर की ओर से मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि मेनन इस सुविधा को लॉन्च करेंगे। भारत और सिंगापुर के बीच पेमेंट सिस्टम के आपस में जुड़ जाने से दोनों देशों में रहने वालों लोगों को फायदा होगा। वे तेजी के साथ क्रॉस बार्डर रेमिटेंस बेहद तेजी और सस्ती दरों पर भेज सकेंगे। सिंगापुर में रहने वाले भारतीयों को सबसे ज्यादा इसका फायदा होगा, खासतौर से माइग्रेंट वर्कर्स और छात्रों को इसका जबरदस्त लाभ होगा। माइग्रेंट वर्कर्स अब यूपीआई और पेनाओ के जरिए तेजी के साथ सस्ती दरों पर रेमिटेंस का पैसा भारत भेज सकेंगे। तो सिंगापुर में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों को उनके अभिभावक यूपीआई के जरिए सिंगापुर में पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे। दरअसल अभी तक एनआरआई यूपीआई के जरिए भुगतान करने में असमर्थ थे।

## सुधर रहा सेक्टर का हाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र तेजी से उबर रहा है। पिछले साल इस सेक्टर में बढ़िया सुधार देखने को मिला। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के आंकड़ों में यह बात सामने आती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में घरेलू विमानन यात्रा कोरोना महामारी से पहले यानी साल 2019 के स्तर के 85 फीसदी के पार निकल गई। एएनआई की एक खबर में आईएटीए के हवाले से कहा गया है कि पिछले साल घरेलू विमानन यात्रा 2019 के स्तर के 85.7 फीसदी के बराबर रही। इससे पहले आईएटीए ने इसी महीने कहा था कि विमानन यात्रा में सुधार का ट्रेंड दिसंबर 2022 में भी जारी रहा। साल 2021 की तुलना में 2022 में लगभग हर महीने ट्रेंड मजबूत बना रहा। भारत के संदर्भ में बात करें तो कोविड-19 महामारी की नई लहर की आशंकाएं कमजोर पड़ने से विमानन सेक्टर को खासी मदद मिली है। इसके चलते विमानन कंपनियों को घरेलू यात्रा के साथ-साथ राजस्व के मोर्चे पर भी काफी सुधार देखने को मिला है। आईएटीए के अनुसार, साल 2021 की तुलना में पिछले साल भारत में घरेलू आरपीके में 48.8 फीसदी की तेजी आई। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अहम सुधार एयर ट्रैफिक के मामले में हुआ। दिसंबर 2022 में एयर ट्रैफिक महामारी से ठीक पहले यानी दिसंबर 2019 की तुलना में महज 3.6 फीसदी कम रहा।

## कर्मचारी पेंशन योजना के लिए प्रक्रिया शुरू की

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत अधिक पेंशन के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू की। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ने बताया कि इसके लिए सदस्य और उनके नियोक्ता संयुक्त रूप से आवेदन कर सकेंगे। नवंबर, 2022 में उच्चतम न्यायालय ने कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2014 को बरकरार रखा था। इससे पहले 22 अगस्त, 2014 के ईपीएस संशोधन ने पेंशन योग्य वेतन सीमा को 6,500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। साथ ही सदस्यों और उनके नियोक्ताओं को ईपीएस में उनके वास्तविक वेतन का 8.33 प्रतिशत योगदान करने की अनुमति दी थी। ईपीएफओ ने एक कार्यालय आदेश में अपने फील्ड कार्यालयों द्वारा संयुक्त विकल्प फॉर्म से निपटने के बारे में जानकारी दी है।

# हिंदुस्तान जिंक की वेदांता के जिंक ऐसेट्स खरीदने का विरोध



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंदुस्तान जिंक के शेयर आज महीने के निचले स्तर पर आ गए हैं और इसके पीछे एक बड़ा कारण है। दरअसल केंद्र सरकार ने हिंदुस्तान जिंक की वेदांता के जिंक ऐसेट्स खरीदने की योजना का विरोध किया है। हिंदुस्तान जिंक 2.98 अरब डॉलर (24,649 करोड़ रुपये) में वेदांता लिमिटेड के जिंक ऐसेट्स खरीदने की कवायद कर रही है। केंद्र सरकार का मानना है कि इस डील के वैल्यूएशन पर संशय है। सरकार ने कहा है कि वो इस प्रस्तावित सौदे के लिए वो कानूनी विकल्पों को तलाशेगी। सरकार ने वेदांता के जिंक ऐसेट्स को खरीदने के लिए हिंदुस्तान जिंक को किसी और तरीके की तलाश करने और कैशलेस तरीके पर काम करने के लिए कहा है। इस सौदे के बारे में पहले भी मतभेद सामने आ चुके हैं जब कंपनी ने कहा था कि वो मतभेदों को सुलझाने के लिए देश के खनन मंत्रालय के साथ चर्चा करने की योजना बना रही है। चूंकि सरकार ने वेदांता के जिंक ऐसेट्स के वैल्यूएशन को लेकर कई तरह की चिंताएं जताई थीं। सरकार की ओर से नियुक्त किए गए डायरेक्टर्स की ओर से मुख्य तौर पर ये मतभेद सामने आए हैं, जिनके नाम फरीदा नाइक, वीना कुमारी डेरमल और निरुपमा कोटरू हैं। वेदांता समूह के जिंक ऐसेट्स जो कि दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में हैं, उनकी पेरेंट कंपनी वेदांता रिसोर्सेज की लिक्विडिटी को लेकर गंभीर चिंताएं सरकार की ओर से जताई गई हैं। वित्तीय जानकारों का कहना है कि वैल्यूएशन के आधार पर हिंदुस्तान जिंक के बहुलांश शेयरधारकों के लिए ये डील उनके हित में नहीं है। केंद्र सरकार की हिंदुस्तान जिंक में 30 फीसदी हिस्सेदारी है और वेदांता की करीब 65 फीसदी हिस्सेदारी इस कंपनी में है। सोमवार दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर हिंदुस्तान जिंक का शेयर 2.15 रुपये या 0.66 फीसदी की गिरावट के बाद 321.80 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहा था।

# विज्ञापनों से भरा गूगल का खजाना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

डिजिटल विज्ञापनों से टेक या अन्य सेक्टर की कंपनियों को होने वाले राजस्व को देखें तो ये कमाई के अथाह समंदर के रूप में नजर आता है। ऑनलाइन विज्ञापनों के क्षेत्र की बात इसलिए लाइमलाइट में आ रही है क्योंकि ट्विटर के बाद अब मेटा भी अपने ब्लू टिक के यूजर्स से पैसा वसूलने के लिए नियम लेकर आई है। ध्यान देने वाली बात ये है कि मेटा का प्लान इस समय ट्विटर के प्लान से महंगा है। यानी अगर आपको मेटा पर ब्लू टिक चाहिए तो आपको ट्विटर से ज्यादा पैसा खर्च करना होगा। ऑनलाइन विज्ञापनों की दुनिया में गूगल और मेटा ये दो कंपनियां ऐसी हैं जिनका दबदबा बना हुआ है। डिजिटल एडवर्टाइजिंग की दुनिया इतनी बड़ी है कि गूगल को अकेले इस माध्यम से साल 2022 में 168 अरब डॉलर (भारतीय रुपये में 13.89 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमाई हुई है। गूगल को 16,800 करोड़ डॉलर की ये रकम अकेले विज्ञापन राजस्व से मिलती है और इसके साथ कंपनी की बादशाहत ऑनलाइन विज्ञापनों की दुनिया में है। गूगल और मेटा दोनों कुल मिलाकर दुनिया के डिजिटल एडवर्टाइजिंग रेवेन्यू के कुल 50 फीसदी हिस्से पर काबिज हैं। इन ऐड राजस्व के जरिए दोनों कंपनियों को हर साल अरबों डॉलर्स का फायदा होता है।

## हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली।** हाजिर मांग में तेजी के बीच वायदा कारोबार में सोमवार को जस्ता की कीमत 1.10 रुपये की तेजी के साथ 272.55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 1.10 रुपये या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 272.55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 2,322 लॉट के लिए कारोबार हुए।

# महंगाई पर बोलीं वित्त मंत्री: आरबीआई करेगा काबू में रखने का हर संभव उपाय



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले एक साल से ज्यादा समय से लोगों की हालत खराब कर रही महंगाई अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। दो महीनों की राहत के बाद पिछले महीने एक बार फिर से यह रिजर्व बैंक के दायरे के बाहर निकल गई। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महंगाई को लेकर एक अहम टिप्पणी की। उन्होंने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि रिजर्व बैंक महंगाई को अनुमानित दायरे में रखने के लिए हरसंभव उपाय करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को जयपुर में बजट के बाद उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक महंगाई को अनुमानित सीमा में बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। उभरते बाजारों में हर देश के लिए परिस्थितियां अलग-अलग हैं। ऐसे में मुझे लगता है कि रिजर्व बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था पर नजरें बनाए हुए है और जब उसे जरूरी लगेगा, वह कदम उठाएगा। पिछला साल महंगाई के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण रहा। साल 2022 के पहले 10 महीनों के दौरान तो खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक के 6 फीसदी के दायरे के पार रही। अंत के दो महीनों में इसमें कुछ नरमी देखने को मिली और दिसंबर 2022 में यह 12 महीने के निचले स्तर 5.72 फीसदी पर आ गई। हालांकि राहत का यह सिलसिला लंबा नहीं चल पाया और जनवरी 2023 में फिर से इसमें तेजी देखने का मिली। इस साल के पहले महीने यानी जनवरी 2023 में खुदरा महंगाई की दर 6.52 फीसदी रही यानी यह एक बार फिर से रिजर्व बैंक के दायरे के बाहर निकल गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खुदरा महंगाई की दर तीन महीने में सबसे ज्यादा रही। सेंट्रल बैंक की मानें तो खुदरा महंगाई आगे भी उसके दायरे से बाहर रह सकती है। रिजर्व बैंक का मानना है कि वित्त वर्ष 2023 में खुदरा महंगाई की दर पहले के 6.7 फीसदी के अनुमान की तुलना में 6.5 फीसदी रह सकती है और वित्त वर्ष 2024 में यह कम होकर 5.3 फीसदी पर आ सकती है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसी महीने कहा था, ₹वैश्विक अर्थव्यवस्था की तस्वीर अब चंद महीने पहले की तुलना में कम धुंधली है। ज्यादातर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की संभावनाएं बेहतर हुई हैं और महंगाई की दर कम हुई है। हालांकि महंगाई अभी भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लक्ष्य की तुलना में ज्यादा है।

### सहायता | अडाणी के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने खोले दरवाजे

# भविष्य में भी लोन देना जारी रखेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के बड़े कारोबारी अडाणी ग्रुप के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है। अडाणी ग्रुप को बैंको की तरफ से दिए गए कर्जे को लेकर देशभर में सड़क से संसद तक जमकर विरोध का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब इस ग्रुप को धीरे धीरे राहत मिल रही है। देश और दुनिया में अमीरों की लिस्ट में शामिल गौतम अडाणी के अडानी ग्रुप को कर्जा देने के लिए देश की बड़ी बैंक ने अपने दरवाजे खोल दिए है। बैंक ऑफ बड़ौदा के सीईओ और एमडी संजीव चड्ढा का कहना है कि वह अडाणी ग्रुप को भविष्य में आगे भी लोन देना जारी रखेंगे। चड्ढा ने कहा कि अडाणीग्रुप के लोन प्रपोजल को स्वीकर किया जाएगा। दुनिया के सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती को रीमॉडल बनाने के लिए अडाणी ग्रुप के सामाजिक प्रोजेक्ट के साथ-साथ बाकी प्रपोजल के लिए भी बैंक ने अतिरिक्त लोन देने के लिए हरी झंडी दे दी है।

पिछले साल 2022 में देश और दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती मुंबई की धारावी को रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप ने 5070 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। जिसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने लोन बढ़ाने को लेकर मंजूरी दे दी है। हालांकि संजीव चड्ढा ने अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी उतार-चढ़ाव को लेकर कुछ नहीं कहा है। अडानी ग्रुप पर 50 करोड़ डॉलर का ब्रिज जोन ड्यू चल रहा है। इसकी रीफाइनेंसिंग के लिए कुछ बैंकों ने अपने हाथ पीछे खींच लिए है। इस मामले पर बैंक इसलिए पीछे हट रहे, क्योंकि हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप पर कई आरोप लगाए है। ऐसे में बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से अडानी ग्रुप को बड़ी राहत मिली है। चड्ढा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के फ्रेमवर्क के हिसाब से जितनी मंजूरी है, उसका एक-चौथाई ही ग्रुप में एक्सपोजर है। जबकि एसबीआई बैंक का अडाणी ग्रुप में करीब 27000 करोड़ रुपये का एक्सपोजर है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक 26 जनवरी 2023 को आई रिपोर्ट ने अडानी ग्रुप को काफी नुकसान पहुंचाया है। अडाणी के शेयरों में अचानक उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप की कंपनियों पर स्टॉक मैनिपुलेशन का आरोप लगाया था। लेकिन बाद में अडानी ग्रुप ने इन सभी आरोपों से इनकार कर दिया।

## सोना और चांदी की बढ़त बरकरार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के सोमवार के दाम वैसे तो हल्की बढ़त पर हैं लेकिन इनकी तेजी में ज्यादा मजबूती नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों कीमती मेटल्स में बढ़त के साथ कारोबार हो रहा है जिसके असर से घरेलू बाजार में भी सोना और चांदी के दाम में बढ़त बरकरार है। एमसीएक्स पर सोना आज मामूली तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। सोना आज 8 रुपये या 0.01 फीसदी की तेजी के साथ 56265 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर बना हुआ है। सोने के दाम में आज ज्यादा बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं देखा जा रहा है। सोने के दाम 56201 रुपये तक नीचे गए थे और 56270 रुपये तक के ऊपरी स्तर पर आ चुके हैं। सोने के ये दाम इसके अप्रैल वायदा के लिए हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी भी आज हल्की तेजी के साथ कारोबार कर रही है।

# एक और ई-फार्मा कंपनी खरीदने वाली है फ्लिपकार्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-रिटेल कंपनी फ्लिपकार्ट जल्दी ही ई-फार्मा सेक्टर में एक और अहम डील कर सकती है। फ्लिपकार्ट मेरा दवाई प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप फार्माल्लामा में हिस्सेदारी खरीदने को लेकर बातचीत कर रही है। लाइव मिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्लिपकार्ट बेंगलुरू बेस्ड फार्मा स्टार्टअप की टेक्नोलॉजीज को खरीदने के साथ ही पूरे प्लेटफॉर्म का अधिग्रहण भी कर सकती है। लाइव मिंट की रिपोर्ट में यह जानकारी मामले से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से दी गई है। हालांकि अभी तक फ्लिपकार्ट या फार्माल्लामा की ओर से इस खबर के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। इस डील से जुड़ी कोई अन्य जानकारी मसलन यह सौदा कितने में होने वाला है आदि भी अभी तक सामने नहीं आई है। अगर यह खबर सही साबित हुई तो ई-फार्मा सेक्टर में फ्लिपकार्ट की यह दूसरी डील होगी। इसके साथ ही ई-फार्मा सेक्टर में फ्लिपकार्ट की स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी और इससे टाटा 1एमजी, फार्मईजी, रिलायंस की नेटमेड्स, अपोलो फामेर्सी और अमेजन जैसी ई-फार्मा कंपनियों को सीधी टक्कर मिलेगी। दवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी करने वाले स्टार्टअप फार्माल्लामा की शुरूआत जून 2020 में अचिंत्य दयाल, अर्जुन रघुनंदन और दीपेश राजपाल ने की थी। दयाल और रघुनंदन किपलिस्ट नाम से एक ट्रैवल टेक स्टार्टअप भी चलाते हैं, वहीं राजपाल इससे पहले दो हेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म्स मेड365 और लाइफकेयर के संस्थापकों में से एक रह चुके हैं। फ्लिपकार्ट ने साल 2021 में ई-फार्मा सेक्टर में एंट्री की थी। तब उसने सस्तासुंदर डॉट कॉम का परिचालन करने वाली कंपनी सस्ता सुंदर मार्केटप्लेस लिमिटेड की बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। यह सौदा नवंबर 2021 में फ्लिपकार्ट की सब्सिडियरी फ्लिपकार्ट हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के जरिए हुआ था। फ्लिपकार्ट ने डायबिटीज मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म बीट0 में भी पिछले साल वेंचर कैपिटल इकाई फ्लिपकार्ट वेंचर्स के माध्यम से निवेश किया था।

ज्ञान की बात

**जिस प्रकार किसी विद्वान को अपने ज्ञान का विकास करने से, वीर को अपने राजनीतिक प्रभाव के प्रसार से तथा व्यापारी को अपने धन में वृद्धि करने से रोक नहीं सकते, वैसे ही नारी को अपने सौंदर्य को धार देने से नहीं रोक सकते।**

*– ठाकुरजी*

# संस्कृति हमारी आत्मा

***भारत*** की संस्कृति बहुआयामी है। जिसमें भारत का महान इतिहास छुपा हुआ है। यहां की संस्कृति पूरी दुनिया मानती है। अपनी विरासत पर हमें गर्व है। आज जब समाज पाश्चात्य संस्कृति के पीछे भाग रहा है, ऐसे में जब बच्चे अपने माता-पिता के आगे दीप की थाल लेकर खड़े हों,तो कैसा लगेगा। ऐसा ही नजारा पिछले दिनों झारखंड रामगढ़ के सरस्वती विद्या मंदिर में देखने को मिला। यह क्षण किसी को भावुक करने के लिए काफी है। मौके पर अभिभावकों की आंखों में आंसू का आना यह बतलाता है कि संवेदनाओं के आकाश में हमारी संस्कृति प्रमुख है। पाश्चात्य संस्कृति कितना भी कुछ कर ले, हमारे कण-कण में भारतीयता का बोलबाला है। यह दीगर बात है कि हाल के दिनों में एकल परिवार,मोबाइल और तुच्छ मानसिकता ने भले ही हमारे रिश्तों की डोर को कमजोर किया है। लेकिन अंततः हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा भारतीय संस्कृति विषय पर मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन यह बतलाता है कि इसकी शुरूआत सभी जगहों पर होनी चाहिए। कारण बच्चों के अंदर का संस्कार पूरे जीवन भर रहता है। बच्चों को यह बतलाना जरूरी है कि माता और पिता का स्थान ईश्वर के समान है। इसके बिना हम अधूरे हैं। जिनके माता पिता आज हैं,उन्हें किसी तीर्थ की जरूरत नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य कि आज की युवा पीढ़ी इस बात को नहीं समझती है। इसमें आज की पीढ़ी की गलती नहीं,अपितु माता पिता गुनहगार हैं। जो कभी बच्चों को यह नहीं बता पाते कि हमारी भारतीय संस्कृति कैसी है। उन्हें नचीकेता, श्रवण कुमार की कहानियां सुनानी चाहिए। जिससे वह अपने गुरू,माता-पिता और समाज की कल्पना और बनावट को समझ सकें। समय की मांग है कि छात्र भारतीय संस्कृति से अवगत हों और अपने माता-पिता के प्रति सद्भाव और समर्पण की भावना विकसित करें। बच्चों में संस्कार का विकास केवल उपदेश से नहीं, बल्कि क्रियाकलाप के द्वारा विकसित किया जा सकता है। इसलिए हम स्वयं भी सुसंस्कृत बनें तो हमारे बच्चे स्वतः प्रेरित हो जायेंगे। आज के इस बदलते परिवेश में हमारी युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर रही है। जबकि भारतीय संस्कृति को अपनाना हमारे लिए गर्व की बात है। इस प्रकार हमारी संस्कृति हमारी आत्मा है। इसे स्वीकार करने की जरूरत है। इसके लिए सबसे पहले हम-सब को अपने बच्चों को चरित्रवान बनाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। अच्छा होता सरकार भी इस अभियान में जुड़ कर सनातन संस्कृति का विजय पताका फहराती। बहरहाल वर्तमान परिवेश में इसकी महत्ता से कोई इंकार नहीं कर सकता कि संस्कृति की रक्षा से ही सभी कार्य सम्मन्न हो सकते हैं। ऐसे में भगवान बिरसा के सपनों को साकार करने के लिए हम सब को इस दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। तभी हम और हमारा समाज सुरक्षित रह सकता है।

**भारतीय संस्कृति विषय पर मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन यह बतलाता है कि इसकी शुरूआत सभी जगहों पर होनी चाहिए। कारण बच्चों के अंदर का संस्कार पूरे जीवन भर रहता है।**

# आत्मनिर्भर भारत के लिए चाहिए मातृभाषा में शिक्षा





गिरीश्वर मिश्र

***आज*** शायद ही किसी की इस बात से असहमति हो कि उच्च शिक्षा देश के सर्वतोमुखी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक निवेश है। उसी की सहायता से अनेक प्रकार की विविधताओं और विषमताओं वाले भारत में सबको सामर्थ्यवान बनाने की चुनौती का सामना किया जा सकेगा। शिक्षा के प्रभावी उपाय द्वारा इस लक्ष्य को साध पाने के लिए यह जरूरी होगा कि उच्च शिक्षा को अधिकाधिक समावेशी बनाया जाय ताकि उसकी पहुंच बढ़े और उसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। तभी सभी वर्गों को उन्नति का अवसर मिल सकेगा। शिक्षा देने के उपायों में भाषा का उपयोग सर्वविदित है क्योंकि ज्ञान प्रायः भाषा में ही निबद्ध होता है और उसके समुचित सहयोग लिए बिना शिक्षा की प्रगति प्रतिबंधित ही रहेगी। भाषा समाज की विरासत और सम्पदा होती है जिसमें जीवन के सहज स्वर गूंजते हैं। यदि शिक्षा का आयोजन समाज की अपनी भाषा न हो कर कोई पराई भाषा हो ज्ञान पाने का काम दुहरी तिहरी कठिनाई वाला हो जाता है। उस अतिरिक्त भाषा को अपनाना एक अतिरिक्त काम हो जाता है जो समाज की मूल भाषा में व्यवधान भी डालता है और ज्ञान अर्जित करने के काम को अधिक कठिन बना देता है। इस दृष्टि से विचार करने पर उच्च शिक्षा के लिए माध्यम के प्रश्न पर विचार करते हुए हमारा ध्यान भारत की भाषाई विविधता पर जाता है जो देश की एक प्रमुख सामाजिक विशेषता है। यहां पर हजार से ज्यादा भाषाएं हैं जो विश्व के अनेक भाषा-परिवारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन भाषाओं का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है और इनके प्रयोग करने वालों की संख्या में बड़ी विविधता है। यदि प्रमुख भाषाओं की बात करें तो आज की स्थिति यह है कि संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को अंकित किया गया है जो प्रमुखता से आज प्रयोग में आ रही हैं। हिंदी को वैधानिक राज भाषा का दर्जा मिला हुआ है और अंग्रेजी सह राज भाषा है। उच्च शिक्षा का वर्तमान स्वरूप अंग्रेजी राज में औपनिवेशिक परिप्रेक्ष्य में शुरू हुआ था और किसी भारतीय भाषा की जगह विदेश की अंग्रेजी भाषा को उसके संचालन के लिए एकमात्र माध्यम के रूप में स्थापित किया गया। यह अंग्रेजीराज की सुविधा के लिए और उसकी साम्राज्यवादी सोच के अनुसार था। पश्चिमी ज्ञान को श्रेष्ठ मानते हुए भारत में उसके प्रसार के लिए अंग्रेजी बड़ी मुफीद साबित हुई। इस तरह भाषा और ज्ञान के विषय दोनों का ही आयात किया गया और यहां की उच्च शिक्षा की संस्थाओं को उसके अनुरूप ढाला गया। पठन-पाठन और मूल्यांकन आदि की पूरी व्यवस्था लंदन

**भाषा समाज की विरासत और सम्पदा होती है जिसमें जीवन के सहज स्वर गूंजते हैं। यदि शिक्षा का आयोजन समाज की अपनी भाषा न हो कर कोई पराई भाषा हो ज्ञान पाने का काम दुहरी तिहरी कठिनाई वाला हो जाता है।**

## इन दिनों

विश्वविद्यालय के तर्ज पर अपनाई गई। कहना न होगा कि इस तरह की औपनिवेशिक व्यवस्था में अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ पश्चिमी ज्ञान और संस्कृति का विस्तार भी भारत में हुआ। उसे प्रामाणिक, प्रासंगिक और उपयोगी कह कर इस तरह प्रचारित प्रसारित किया गया कि लोगों के मन में बैठ गया कि यही ठीक है। इसका स्वाभाविक परिणाम यहां की ज्ञान परम्परा और भारतीय भाषाओं की सतत उपेक्षा के रूप में सामने आया। इस प्रक्रिया में भारतीय शिक्षा का भारत के साथ विलक्षण सम्बन्ध बना जिसमें भारत पश्चिमी ज्ञान के उपयोग की एक प्रयोगशाला बनता गया और देशज ज्ञान हाशिए पर जाता रहा या फिर उसे पश्चिमी ज्ञान के अनुकूल ढाला गया। इस तरह भारत के ज्ञान-केंद्रों पर ज्ञान-सृजन करने की जगह ज्ञान का अनुकरण और समायोजन का काम ही चलता रहा। विद्यार्थी वर्ग के लिए जरूरी शैक्षिक समाजीकरण के अन्तर्गत अंग्रेजी सीखना, पश्चिमी ज्ञान देने वाले विषयों को सीखना और सुविधानुसार उसका उपयोग करना एक मानक काम बन गया। ऐसे में न केवल शिक्षा की जटिलता बढ़ गई बल्कि देश की प्रकृति की समझ भी बिगड़ती गई। विद्यार्थी पर शिक्षा का भार भी बढ़ गया। साथ ही एक हीनता की ग्रंथि का भी बीजारोपण हो गया। उसे सदा के लिए दूसरे की ओर देखना नियति बन गई। गुलामी की मानसिकता इतनी प्रचंड थी कि आज भी कई स्कूल अंग्रेजी न बोलने और हिंदी जैसी भारतीय बोलने पर दंडित करते हैं। अंग्रेजी में गिटपिट बहुतों के लिए सुरक्षा कवच है तो बहुत लोग इसे रौब गालिब करने का जरिया बनाये हुए हैं। आज भी कइयों के लिए अपनी विशिष्टता दिखाने और अलग पहचान बनाने के लिए अंग्रेजी एक मजबूत बैसाखी बन खड़ी होती है। एक भाषा के रूप में अंग्रेजी का अपना महत्व और आकर्षण है जिसे सभी स्वीकार करते हैं। अंग्रेजी के अपने नाज और नखरे हैं, सौष्ठव है, असर है और वह बना रहे परंतु भारतीय भाषाओं को विस्थापित कर अंग्रेजी मेम की जिस तरह तूती बोलती है वह किसी लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। भारत में भाषा की गुलामी की दास्तान लम्बी हो चली है उसके दुष्परिणाम का आकलन सरल नहीं है। यहां इतना कहना ही काफी होगा कि अपनी भाषा के स्वास्थ्य बनने और बिगड़ने के साथ विचार, आचार और पूरी संस्कृति भी बनती बिगड़ती है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा*

***यशोदा*** और नंद ने देवकी और वासुदेव की समस्याओं को देख और उनके आठवें पुत्र की रक्षा करने का उपाय सोचा। जिस समय देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र ने जन्म लिया उसी समय यशोदा और नंद के यहाँ एक पुत्री ने जन्म लिया जो की सिर्फ एक मायावी चाल थी। आठवें पुत्र के जन्म के बाद जिस कोठरी में देवकी और वासुदेव कैद थे अचानक उसमें प्रकाश हुआ। हाथ में गदा, शंख धारण किये हुए चतुर्भुज रूप में भगवान विष्णु दिखाई दिये। देवकी और वासुदेव उनके चरणों मे गिर पड़े। तभी भगवान ने कहा- 'मैं बच्चे का रूप पुनः ले लेता हूं। तुम मुझे लेकर अपने मित्र नंद के पास जाकर रख दो और उनके यहाँ जन्मी पुत्री को लाकर कंस के हवाले कर दो। मुझे ज्ञात है इस समय यहाँ का वातारण ठीक नही है फिर भी तुम चिंता न करो। तुम्हारे जाते समय कारागार के सारे पहरेदार सो जायेंगे। कारागार का फाटक स्वयं खुल जायेगा। जल से उफनाती हुई यमुना रास्ता देगी। भारी वर्षा से नाग तुम्हारी और बच्चे की रक्षा करेगा।' वासुदेव जी शिशु श्री कृष्ण को सूप में रखकर निकल पड़े। उफनाती यमुना को पार करते हुए वे वृन्दावन में नंद के घर जा पहुँचे। बच्चे को सुलाकर वे उनकी पुत्री को लेकर वापस आ गये। वापस पहुँचने के बाद फाटक स्वतः बन्द हो गया। जैसे ही कंस को ये खबर मिली कि देवकी ने बच्चे को जन्म दिया है, वो तुरंत कारागार में आ गया। कंस ने जैसे ही उसको छीन कर पटक कर मारने की कोशिश की वो बच्ची तुरंत हवा के उड़ गयी और बोली - हे दुष्ट प्राणी मुझे मारने से तुझको क्या मिलेगा तेरा वध करने वाला वृन्दावन जा पहुँचा है।

*(क्रमशः)*

# अपनी भाषा बोलने में कहीं भी न करें संकोच



योगेश कुमार गोयल

***दुनियाभर*** की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष 21 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विश्वभर में भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। इस महत्वपूर्ण दिवस के लिए यूनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष एक थीम निर्धारित की जाती है। वर्ष 2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की थीम है 'बहुभाषी शिक्षा : शिक्षा को बदलने की आवश्यकता'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। वर्ष 2022 और वर्ष 2032 के बीच की अवधि को संयुक्त राष्ट्र ने स्वदेशी भाषाओं के अंतरराष्ट्रीय दशक के रूप में नामित किया है। यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को मनाये जाने की शुरूआत सही मायनों में अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाये जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। दरअसल ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों तथा सामाजिक कार्यकताओं द्वारा अपनी मातृभाषा का अस्तित्व बनाये रखने के लिए 21 फरवरी 1952 को एक बड़ा आन्दोलन किया गया था और तत्कालीन पाकिस्तान सरकार ने उस आन्दोलन को कुचलने के लिए प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलवा दी गई थीं। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। मातृभाषा की मदद से केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में ही सहायता नहीं मिलती बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पायेगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार हर दो हफ्ते में एक भाषा गायब हो जाती है और इस प्रकार दुनिया एक पूरी सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत खो देती है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब 6900 भाषाएं हैं और इनमें से 90 प्रतिशत भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली इन 6900 भाषाओं में से करीब 43 फीसदी भाषाएं लुप्तप्राय हैं। आज विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में अंग्रेजी, जापानी, स्पैनिश, हिन्दी, बांग्ला, रूसी, पंजाबी, पुर्तगाली, अरबी इत्यादि हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है। हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में

**वर्ष 2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की थीम है 'बहुभाषी शिक्षा : शिक्षा को बदलने की आवश्यकता'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था।**

## मातृभाषा

भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किये जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है। दुनियाभर में हजारों की संख्या में मातृभाषाएं ऐसी हैं, जिनका अस्तित्व आज खतरे में हैं। दरअसल अपने घर में ही मातृभाषाएं सौतेली हो जाती हैं। कई मातृभाषाएं ऐसी हैं जिन्हें प्रोत्साहन नहीं मिलने और घरों में भी अपनी भाषाओं को बोलने में संकोच करने कारण आज बहुत सी मातृभाषाएं अंतिम सांस ले रही हैं। मातृभाषा हमें पीछे नहीं बल्कि सबसे आगे लाकर खड़ा कर देती हैं। मातृभाषा से बड़ी कोई दूसरी भाषा नहीं है, इसलिए उसे बोलने में संकोच नहीं बल्कि गर्व करना चाहिए।

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# भगवा से नफरत करने वालों को लेना होगा सबक



मृत्युंजय दीक्षित

***भारत*** में धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वाली जमात सनातन धर्म में त्याग के प्रतीक भगवा रंग से भी नफरत करती है। इसीलिए वर्षों तक भगवा आतंक की झूठी कहानी गढ़ने का प्रयास हुआ। उसमें असफल रहने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिबास पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से लेकर फिल्मी पर्दे पर अभिनेत्री को भगवा रंग की बिकनी पहना कर उसे बेशर्म रंग कहकर कुंठा निकाली जा रही है। इस बीच भगवा से नफरत और उसके खिलाफ विकृत राजनीति पर सबसे बड़ी खबर केरल से आई है। वामपंथी सरकार राज्य में भगवा रंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का षड्यंत्र रच रही थी, लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय हिंदू संगठनो की जागरुकता के कारण इसका भांडा फूट गया। दक्षिण के राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है, राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रभाव क्षेत्र बढ़ रहा है तथा विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ने के कारण केरल में घरवापसी अभियान का प्रभाव दिखने लगा है। अब लोग अपने मूल हिंदू धर्म और हिंदुत्व के प्रति फिर से आकर्षित हो रहे हैं । वामपंथ के प्रति झुकाव तेजी से कम हो रहा है। इस कारण वामपंथियों के मन में अपने अस्तित्व के लिए भय व्याप्त हो रहा है। विगत विधानसभा चुनावमें केरल में भले ही भाजपा का खाता न खुला हो लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैलियों में उमड़ी भीड़ ने भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ाया। स्वाभाविक है वामपंथी घबरा गये। यही कारण है कि अब वे हिंदुत्व के प्रतीकात्मक रंग भगवा रंग विरुद्ध भी षड्यंत्र कर रहे हैं। असली विवाद केरल के तिरुअनंतपुरम में मेजर वेल्लयानी भद्रकाली देवी मंदिर और पुलिस प्रशासन के बीच का है। इसका कारण था वामपंथी प्रशासन द्वारा मंदिर प्रबंधन को यह निर्देश जारी किया जाना कि स्थानीय कालीयूट्ठ पर्व के समय मंदिर में भगवा रंग से सजावट करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मंदिर प्रबंधन को किसी और तथा तटस्थ रंगों से मंदिर की सजावट करनी होगी। मंदिर पक्ष इस पर हाई कोर्ट चला गया। इस विवाद पर हाई कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। केरल हाई कोर्ट ने फैसले में कहा कि पुलिस या प्रशासन इस बात पर जोर नहीं दे सकता है कि उत्सव के दौरान मंदिरों को किस रंग से सजाया जाय। जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और जस्टिस पी. अजीत कुमार ने बड़ी टिप्पणी के साथ व्यापक आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस बात को लेकर कतई दबाव नहीं बना सकते कि मंदिर के किसी आयोजन में सिर्फ राजनीतिक रूप से तटस्थ निरपेक्ष रंगों का ही इस्तेमाल किया जाए। पूजा अर्चना, मंदिर के महोत्सवों में राजनीति की कोई भूमिका नहीं हो सकती। यह त्रावणकोर देवस्थान बोर्ड का निर्णय होगा कि मंदिर में कलीयुटटू पर्व में परंपरा और मान्यता के अनुसार कौन सा रंग प्रयोग करना है। हां, यदि आशंका है कि मंदिर परिसर या इसके आसपास कानून व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है तो प्रशासन केवल कानून व्यवस्था नियंत्रित रखने के लिए कदम उठा सकता है। केरल हाई कोर्ट का यह फैसला मंदिर प्रबंधन और भगवा रंग के इस्तेमाल करने के पक्ष में आया। लेकिन झारखंड के पलामू जिले में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की शोभायात्रा के स्वागत के लिए भगवा रंग का तोरणद्वार लगाया गया था जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों आपत्ति की और उसे तोड़कर फेंक दिया साथ ही स्थानीय मस्जिद से पत्थरबाजी की गई जिसके कारण वहां पर दंगे जैसी स्थिति बन गई और हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। पलामू में मुस्लिम

**राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रभाव क्षेत्र बढ़ रहा है तथा विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ने के कारण केरल में घरवापसी अभियान का प्रभाव दिखने लगा है।**

## सामाजिकता

जनसंख्या अधिक है और झारखंड की सोरेन सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की रणनीति पर अमल कर रही है, क्योंकि सोरेन सरकार को भी भगवा रंग और हिंदुत्व से नफरत है। भगवा रंग के खिलाफ नफरत की राजनीति करने वाले दलों को केरल हाई कोर्ट ने सटीक उत्तर दिया है। भगवा रंग तो हमारे तिरंगे में भी है क्या नफरती लोग कल तिरंगे से भी भगवा को निकाल देंगे। अग्नि की ज्वालाओं और उगते हुए सूर्य का रंग है भगवा, जो सृष्टि की रचना काल से है। यह सृजन और ऊर्जा का प्रतीक रंग है। त्याग और बलिदान का प्रतीक रंग है उत्सर्ग का रंग है भगवा ऐसे रंग से आपत्ति और घृणा? सम्पूर्ण भारतीय वांग्मय भगवा से ओत-प्रोत है। रामायण और महाभारत में भी इसके महत्व की चर्चा है। महाभारत युद्ध में अर्जुन के रथ पर भगवा झंडा ही विराजमान था।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# एक महान दलित महिला योद्धा रही झलकारी बाई

झलकारी बाई यह एक महान दलित महिला योद्धा रही जो की इतिहास के पन्नो में कही गुम हो चुकी है, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बहादुरी से अंग्रेजी सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। एक विनम्र पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली झलकारी बाई अपने सामर्थ और साहस से प्रेरित थीं।

झलकारी बाई का जन्म 22 नवंबर, 1830 को झांसी के निकट भोजला गांव में हुआ था। वह बड़ी होकर एक सैनिक और रानी लक्ष्मीबाई की विश्वसनीय सहायको में से एक बनीं। उन्होंने अपने पति पूरन कोरी से तीरंदाजी, कुश्ती और निशानेबाजी भी सीखी। पूरन कोरी रानी लक्ष्मीबाई के पति राजा गंगाधर राव की सेना में एक सैनिक थे। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने बहुत कम उम्र में घुड़सवारी, शस्त्रागार की कला और एक योद्धा की तरह लड़ना सीख लिया था।

झलकारी बाई अक्सर अपने पति के साथ राज महल जाती थीं और शुरूवाती दौर में वहां एक नौकरानी के रूप में काम करना प्रारंभ किया। रानी लक्ष्मीबाई को उनकी बहादुरी के बारे में पता चलने के बाद, उन्हें अपने खास रक्षको में जगह दी। कई लोग यह भी मानते हैं कि झलकारी बाई की शारीरिक संरचना और उनका चेहरा रानी लक्ष्मीबाई जैसा था। जल्द ही, झलकारी बाई ने खुद को रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना में एक पद अर्जित किया, जिसे दुर्गा दल कहा जाता था और जिसमे वे रानी लक्ष्मी बाई की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेती थीं। राजा गंगाधर राव के निधन के बाद, झांसी को अंग्रेजों को उत्तराधिकारी के बिना छोड़ दिया गया था, और रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के विरोध के बावजूद शासक के रूप में पदभार संभालने का फैसला लिया।



1857 में,सिपाहियों का विद्रोह बढ़ गया और उत्तरी और मध्य भारत के बड़े हिस्से में फैल गया। वे रानी लक्ष्मी बाई का समर्थन करने के लिए एक जुट हुए। झलकारी बाई को सेना की महिला टुकड़ी का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी रानी लक्ष्मी बाई द्वारा सौंपी गई थी। 1858 में जब जनरल सर ह्यू रोज की कमान में ब्रिटिश सेना ने झांसी के किले पर हमला किया और घेर लिया, तो झलकारी बाई और पूरन कोरी दोनों ने कड़ा विद्रोह किया। झलकारी बाई ने अपनी सूझ भुज व सहस से लड़ाई लड़ी और रानी को अपने बच्चे के साथ महल छोड़ने का सुझाव दिया। झलकारी बाई ने खुद को रानी लक्ष्मीबाई के रूप में ढाल लिया व सेना की कमान संभाली और अंग्रेजी सेना का सामना किया। रानी लक्ष्मी बाई की समानता को देखते हुए इन्होने अंग्रेजों को भ्रमित किया और यह चाल लंबे समय तक काम करती रही। झलकारी बाई की असली पहचान के बारे में अंग्रेज अनिश्चित थे और उनकी वजह से ही रानी लक्ष्मीबाई अपने बेटे के साथ अपने महल से भाग सकीं। हालांकि उसी लड़ाई में, पूरन कोरी अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए और जब झलकारी बाई ने यह सुना, तो कहा जाता है कि वह 'घायल बाघिन' बन गई। वह क्रोधित हो गई और उन्होंने कई ब्रिटिश पुरुषों को मौत के घाट उतर दिया। आक्रोश में मुग्ध झलकारी बाई ने अंग्रेजी सेना को बड़ा नुकसान पहुचाया था। कहा जाता है की झलकारी बाई को अंग्रेजों द्वारा मार दिया गया था और उनकी असली पहचान कभी सामने नहीं आई थी। हालांकि, कुछ संस्करणों का कहना है कि वह मुक्त हो गई थी और 1890 तक जीवित रही और अपने समय की एक प्रतीक बन गई।

झलकारी बाई की यह कहानी बुंदेलखंड के लोगों की लोकप्रिय स्मृति का एक हिस्सा है। आज तक उनकी याद लोगों के जेहन में जिंदा है और उनके वीरतापूर्ण कार्य लोक कथाओं में सुने व देखे जा सकते है। क्षेत्र के कई दलित समुदाय उन्हें भगवान के स्वरूप में देखते हैं और उनके सम्मान में हर साल झलकारीबाई जयंती भी मनाते हैं। झलकारी बाई इस प्रकार बुंदेलखंड की लोकप्रिय स्मृति में 'अमर शहीद' बन गई हैं।

## काव्य कोना

### यह कूह

विस्मृति के गर्भ से झंकृत संगीत के तार,
शब्दों का अपनापन पुरजनो की आवाज,
हर दिशा हर कोने से बवंडर का झोंका ,
प्रश्न चिन्ह बनाता,
हर जय पराजय में प्राप्त शर के घाव के चिन्ह पर,
कुरेद कुरेद कर चेतना जगाती ,
देवगिरि से छन छन कर आता पवन का झोंका ,
न कुछ कहता न कुछ सुनाता,
बस सिहरन अपने ही कुरेदे घाव की व्यथा की।
इतिहास के साक्षी कथा और कहानी,
फिर भी चेतन में समाहित मौन से,
स्मरण करवाता,
अपने गौरवशाली इतिहास को,
झंकृत वीणा के तार पर,
मधुघट के प्याले से छन छन कर आते,
हर्ष - विषाद अवसाद -अवसान के शोर,
आज यह कूह,
विस्मृति के गर्भ से।

❖ **नाग मणि**

# बच्चों के दूध के दांत निकलने पर अपनाएं ये आसान तरीके

छोटे बच्चों के दूध के दांत निकलते समय उन्हें तेज दर्द होता है। जिस कारण बच्चे पूरा दिन रोते रहते हैं और चिड़चिड़े हो जाते हैं। इस दौरान उनकी खास देखभाल की जानी चाहिए। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बता रहे हैं। जिनकी मदद से आप उनके दर्द को काफी हद तक कम कर सकते हैं। अमूमन छोटे बच्चों को देखभाल की काफी ज्यादा जरूरत पड़ती है। वहीं छोटे बच्चों के दांत निकलने पर उनकी खास देखभाल करने की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर 6 से 9 महीने के बच्चों के दूध के दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। जब छोटे बच्चों के दूध के दांत निकल रहे होते हैं तो बच्चे के साथ ही पैरेंट्स को भी खासी परेशानी होती है। दूध के दांत निकलने के दौरान बच्चों के मसूढ़े में सूजन, दर्द और जलन की समस्या होती हैं। वहीं इस दौरान उन्हें तेज बुखार, दस्त, उल्टी और कब्ज भी होती है। बच्चे को दर्द से बचाने के लिए कुछ पैरेंट्स डॉक्टर की मदद भी लेते हैं। ऐसे में डॉक्टर की सलाह के अलावा आप कुछ विशेष घरेलू उपायों की मदद से बच्चे को इस परेशानी से बचा सकते हैं।

**बच्चे को दें तरल आहार :** छोटे बच्चों के दूध के दांत निकलते हैं तो ऐसे समय में उन्हें पीने के लिए तरल चीजें देनी चाहिए। इससे उन्हें ज्यादा दर्द नहीं महसूस होगा। कई पैरेंट्स बच्चे को 6 महीने बाद ठोस आहार देना शुरू कर देते हैं। ऐसे में जब बच्चों के दूध के दांत निकलते हैं तो उन्हें ठोस आहार खाने में परेशानी हो सकती है। इसलिए पैरेंट्स अपने बच्चों के दूध में थोड़ा सा शहद मिला सकते हैं। इससे उनके मसूड़ों को आराम मिल सकता है। साथ ही बच्चे को ठंडा दूध भी पीने को दिया जा सकता है।

**शरीर की अच्छे से करें मालिश :** दरअसल जब छोटे बच्चों के दूध के दांत निकलते हैं तो न सिर्फ उनके मसूड़े और चेहरे में दर्द के अलावा सूजन होती है। बल्कि दर्द के कारण रोने से बच्चों के शरीर और हाथ-पैरों में भी दर्द होता है। ऐसे में आप बच्चे को आराम देने के लिए उनके शरीर की अच्छे से मालिश कर उनके दर्द को कम कर सकते हैं। हाथ-पैर की अच्छे से मालिश करने पर शरीर का बल्ड-सकुर्लेशन अच्छा रहता है। मालिश होने पर बच्चे को अच्छी नींद आती है। बच्चे के शरीर की अच्छे से मालिश किए जाने पर दर्द सहने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

**इलायची और शहद को मसूड़े में लगाना :** बच्चे के दांत निकलने के दौरान उनके मसूड़ों में शहद और इलायची साथ में मिलाकर लगानी चाहिए। बता दें कि इसके एंटीइंफ्लेमेटरी गुण बच्चे को होने वाली जलन और सूजन से बचा सकते हैं। इसके साथ ही दूध में शहद के अलावा इलायची मिलाकर पिलाएं। वहीं अगर बच्चा मां का दूध पी रहा है, तो बच्चे को निप्पल में शहद लगाकर दें। इससे भी उन्हें दर्द में काफी आराम मिलेगा। दांत निकलते समय बच्चों की सही तरह से देखभाल किए जाने की जरूरत होती है।



**बच्चे को लेने दें अच्छी नींद :** बच्चे के दूध के दांत निकलने के दौरान उनके मसूड़ों में काफी दर्द होता है। जिसके चलते वह दर्द से तड़प जाते हैं। वहीं कुछ पैरेंट्स बच्चों को खाना खिलाने या फिर मालिश करने के लिए नींद से जगा देते हैं। ऐसे में बच्चों की नींद पूरी नहीं हो पाने के कारण वह अधिक चिड़चिड़े हो जाते हैं। इसलिए पैरेंट्स को यह कोशिश करनी चाहिए कि अगर बच्चा सो रहा है तो उसे जबरदस्ती जगाने की कोशिश न करें। क्योंकि इस दौरान वह जितना अधिक सोएगा उतना ही उसे दर्द का एहसास कम होगा। साथ ही नींद पूरी होने पर वह खुश भी रहेगा।

**डॉक्टर की सलाह बेहद जरूरी :** दूध के दांत निकलने के दौरान बच्चों के दांतों में तेज दर्द के अलावा जलन, बुखार जैसी अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इस दौरान पैरेंट्स को घबराने की बजाय डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। जिससे कि बच्चे को अन्य गंभीर परेशानियों से बचाया जा सके। दांत निकलते समय बच्चों को अक्सर पीलिया, कब्ज, दस्त और पेट दर्द की समस्याएं होती हैं। इस स्थिति में डॉक्टर से जरूरी जांच करवाएं और उनकी सलाह पर बच्चों को दवाएं दें। इससे भी उन्हें दर्द में काफी ज्यादा राहत मिलेगी। दूध के दांत निकलते समय बच्चे के दांत में खुजली होने के कारण वह हर चीज को चबाना चाहते हैं। इस दौरान आप बच्चे को अच्छी सी टीथ टॉयज भी दे सकते हैं। जिसकी मदद से बच्चों को मसूड़ों में होने वाली खुजली से राहत मिल जाएगी। इसके साथ ही उनके मसूड़े को दिन में दो बार जरूर साफ करना चाहिए। बच्चे को दूध आदि पिलाने से पहले उनके मुंह को अच्छे से साफ करना चाहिए। मुंह और दांतो को साफ करने के लिए आप कॉटन या गीले कपड़े की भी मदद ले सकते हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# राजाजी के तीन बंदर

कई दिनों से राजाजी की जेब में तीन बंदरों वाला खिलौना रखा हुआ था। मंत्री आते और उस खिलौने को देखते। एक दिन एक मंत्री ने उनसे पूछा, 'राजाजी, आप यह तीन बंदरों वाला खिलौना लिये क्यों घूमते हैं? जरूर इसके पीछे कोई गहरा राज है, क्योंकि आप ऐसे-वैसे खिलौने रखने वालों में से नहीं हैं।' मंत्री की बात सुनकर राजाजी मुस्कुराए और बोले, 'मंत्री, तुम्हारा अनुमान बिल्कुल ठीक है। ये तीनों बंदर मेरे पूर्ववर्ती राजाओं ने जिन्होंने सत्तर साल शासन किया था, उन्होंने दिया है। मैंने इस खिलौने को ध्यान से देखा तो मुझे इसमें गूढ़ रहस्य छिपा नजर आया। यदि इस रहस्य को कोई समझ जाए तो वह दुनिया का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बन जाएगा। दुर्भाग्य से मेरे पूर्ववर्ती राजाओं ने इसका उपयोग ठीक से नहीं किया। मैं इनकी शक्तियों को भलीभांति जानता हूँ। मैं जानता हूं कि इनका उपयोग कब, कहां और कैसे करना है।

यह सुनकर मंत्री बोला, 'राजाजी, फिर तो मुझे भी वह रहस्य बताइए न! वैसे हमारे रहते इनकी भला क्या जरूरत थी' राजाजी बोले, ह्यतुम लोगों ने ही मेरा बेड़ा गर्क रखा है। मैं जब भी कोई निर्णय जैसे प्रजा की जेबें ढीली करने वाले फैसले लेता हूं तुम लोग उसका समर्थन करने में टांय-टांय फिस्स कर जाते हो। मैं दिन को रात कहूं तो तुम लोगों को रात कहना नहीं आता। आएगा भी कैसे जनता के बीच तुम लोगों की छवि मेरा मजाक उड़ाने के लिए काफी है। तुम लोगों से मेरा दिया एक काम भी नहीं होता। केवल सुविधाएं भोगने के लिए मेरे सीने पर लोट रहे हो। तुम सब गोबर के गोबर हो। ऐसे गोबर जिससे उपली भी नहीं बना सकते। काश ऐसा होता तो तुम लोगों को जलाकर कम से कम दुश्मनों को मच्छरों की तरह मार देता। इसीलिए इन बंदरों को जेब में लिये घूमता हूं। ध्यान से देखो पहले बंदर ने अपना मुख बंद कर रखा है। यह सिर्फ चिकौटी देता है। यह चिकौटी इतनी खतरनाक होती है कि दुश्मनों के छक्के छूट जाते हैं। इसीलिए इनका नाम सीबीआई है - चिकौटी बपौती इनकी।



दूसरा बंदर, जो आंखें बंद किए है, उसका नाम ईडी है। ईडी का मतलब है - इतना डराओ। यह कहता है कि अपनी आंखों से इतना डराओ कि दुश्मन राजाजी की बुराई के बारे में देखना तो दूर सोचने के बारे में भी थरथर कांपें। तीसरा बंदर, जो कान बंद किए है, उसका नाम है - आईटी। आईटी का मतलब है - इतना टॉर्चर। यह दुश्मनों को सिखाता है कि राजाजी के बारे में थोड़ा भी बुरा सोचोगे तुम्हें इतना टॉर्चर करेंगे कि उन्हें उनके जन्म लेने पर पछतावा होगा। इसीलिए इन तीन बंदरों वाले खिलौनों को हमेशा साथ रखता हूं। जानता हूं कि शासकों का काम राज करना होता है। इसलिए राज करने की गारंटी को सुनिश्चित करने के लिए इन तीन बंदरों का इस्तेमाल करते रहना चाहिए।'

राजाजी के बंदर के खिलौने का रहस्य जानकर मंत्री दंग रह गया। वह बोला, 'वाकई राजाजी, इस बंदर के खिलौने में तो बड़ी गूढ़ बातें छिपी हैं।' उसकी बात सुनकर राजाजी मुस्कुराकर बोले, 'इस खिलौने का न केवल बाहरी रूप भयावह है, बल्कि भीतरी रूप भी क्रूर है। इसलिए इस खिलौने को मैं तो अपना रिमोट मानता हूं।' मंत्री बोला, 'मैं तो इस खिलौने को देखकर डर गया। काश मैं भी इन बंदरों जितना शक्तिशाली हो पाता। चलिए कोई बात नहीं। राजाजी का साथ है तो सब कुछ मुमकिन है। तब तक मेरे अच्छे दिनों में कोई अपने बुरे दिन नहीं डाल सकता।

❖ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**
**उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

## सूडोकु नवताल- 6617

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6616 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**21 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.40 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मेष | 09.10 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृष | 10.50 बजे से |
| बुध | मकर में | मिथुन | 12.48 बजे से |
| गुरु | मीन में | कर्क | 15.02 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.18 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.30 बजे से |
| राहु | मेष में | तुला | 21.40 बजे से |
| केतु | तुला में | वृश्चिक | 23.55 ब.से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | धनु | 02.11 बजे से |
| | | मकर | 04.16 बजे से |
| | | कुंभ | 06.03 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 52 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 09.05 बजे तदनन्तर द्वितीया 05.58 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 09.00 बजे को समाप्त। **योग** शिव 06.56 बजे तदनन्तर सिद्ध 03.08 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 09.05 बजे, बालव 19.28 बजे तदनन्तर कौलव 05.58 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 44' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871531 **जूलियन दिन** 2459996.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रज्जब **तारीख** 29 **विशेष** फुलैरा दूज, चंद्र दर्शन, रामकृष्ण जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7680

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. भीगा हुआ-2
2. गाने वाला-3
4. दिया, चिराग-2
6. केश-2
7. जिससे ताला खुलता है-2
9. सूरमा -3
12. नख-3
14. तेरह गुणा चार-3
16. एक जैसा तल-4
17. दरवाजे की आवाज-2,2
18. कड़ा, तेज-3
20. आँखों के ऊपर की परत-3
22. साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24. पुत्र, एक रंग-2
26. तुम का आदर सूचित शब्द-2
27. पत्र-2
28. आश्चर्य-3
29. तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**

1. छोटा गीत-3
2. मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3. जो पका न हो-2
5. हवा, वायु-3
6. बच्चा, बालक-2
8. वीणा, एक वाद्य-2
10. जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11. मूल्य, दर-2
13. मारकाट-5
14. बच्चा-3
15. नाज, अदा-3
19. पंजाब की एक नदी-2
20. जांच-पड़ताल-3
21. हुनर-2
22. बददुआ-2
23. नगर-3
25. बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26. फूलों का प्राकृतिक रस-2

### शब्द पहेली-7679 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | मा | शा | ई | ■ | ह | जा | म | त |
| ल | ता | ■ | मा | ज | रा | ■ | त | ह |
| वा | ■ | ■ | न | ■ | र | न | ■ | री |
| र | ह | न | ■ | न | त | म | स्त | क |
| ■ | ■ | शे | ■ | य | ■ | की | ■ | ■ |
| ना | मु | म | कि | न | ■ | न | मा | ज |
| वा | ■ | न | फा | ■ | स | ■ | ■ | रु |
| कि | म | ■ | य | म | न | ■ | द | र |
| फि | त | र | त | ■ | क | रा | मा | त |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कामकाज के उद्देश्य से प्रवास पर जा सकते हैं।

**वृष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्य सफल होंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिजनों के साथ दिन अच्छा बीतेगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से सभी कार्य सफल होंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में कठिन परिश्रम से आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में भी सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी और आय के नए स्रोत बनेंगे।

**धनु राशि :** आज का सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रुका हुए कार्यों को गति मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहने से थकान का अनुभव कर सकते हैं।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कड़ी मेहनत से काम सफल होंगे। प्रॉपर्टी में निवेश फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति पूर्व की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

**मीन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन भागदौड़ की अधिकता रहने से अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे। संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### चुनाव चिन्ह : उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे गुट ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के एकनाथ शिंदे गुट को आधिकारिक शिवसेना के रूप में मान्यता देने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष ईसीआई के फैसले को चुनौती देनेवाली याचिका दायर की। सिंघवी ने मंगलवार को संविधान पीठ के समक्ष चल रहे मामलों सहित इसे सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

### दिल्ली में ओवैसी के घर पर पथराव

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया है कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने दिल्ली में उनके आवास पर पथराव किया और घर की खिड़कियां क्षतिग्रस्त कर दी। ओवैसी ने नई दिल्ली में अशोका रोड स्थित अपने आवास का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें नुकसान दिखाया गया है।

### चुनाव आयोग बर्खास्त होना चाहिए : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने जो निर्णय दिया है, वह निकट भविष्य में अन्य पार्टियों के लिए घातक साबित हो सकता है। उद्धव ठाकरे ने सोमवार को शिवसेना भवन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि चुनाव आयोग ने साजिश के तहत एकतरफा फैसला दिया है।

### पंजाब से चीनी ड्रोन हुआ जब्त

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि उसने सोमवार को पंजाब के फाजिल्का जिले से चीनी क्वाडकॉप्टर ड्रोन बरामद किया। विशेष सूचना पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस की टीमों ने न्यू हस्ता कलां गांव के इलाके में तलाशी अभियान चलाया और गांव के बाहरी इलाके में खुले इलाके से चीन में बना क्वाडकॉप्टर ड्रोन बरामद किया।

# खनन : ईडी ने छत्तीसगढ़ में 14 ठिकानों पर की छापेमारी

**एजेंसी। रायपुर**

कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में 14 जगहों पर छापेमारी की। एक सूत्र ने बताया कि सभी ठिकाने कांग्रेस के विभिन्न नेताओं के हैं। सूत्र ने कहा : राज्य पार्टी कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, राज्य पीआरओ आरपी सिंह, श्रम समिति के अध्यक्ष सुशील सनी अग्रवाल के परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। मामले में पहले ही कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया को दिसम्बर, 2022 में गिरफ्तार किया गया था।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई को नवम्बर 2022 में गिरफ्तार किया गया था। एक व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी को अक्टूबर 2022 में हिरासत में लिया गया था। इनके अलावा इंद्रमणि ग्रुप के सुनील अग्रवाल समेत कुछ अन्य गिरफ्तारियां भी ईडी ने की हैं। दिसंबर में ईडी ने मामले में सूर्यकांत तिवारी, सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई, सुनील अग्रवाल और अन्य की 152 l31 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी। रानू साहू आईएएस, कथित तौर पर लापता थीं, लेकिन उन्होंने अक्टूबर में ईडी को एक पत्र लिखा था और अधिकारियों को बताया था कि वह चिकित्सा अवकाश पर हैं। बाद में ईडी ने अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में उनकी मां के घर पर तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले भी ईडी ने छत्तीसगढ़ में लगातार दो दिनों तक छापेमारी कर करीब 4 करोड़ रुपये बरामद किए थे।

### कांग्रेस ने ईडी को चेताया : शालीनता को कमजोरी न समझें

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में सोमवार को कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी के बाद पार्टी ने



तीखी प्रतिक्रिया दी और ईडी को चेतावनी दी कि कांग्रेस की शालीनता को उसकी कमजोरी न समझा जाए। जयराम रमेश के साथ सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा : कुछ राज्यों में हमारी भी सरकारें हैं, कुछ राज्यों में सरकारें बनने जा रही हैं और मौसम बदल रहा है। 2024 भी आ रहा है। उन्होंने कहा : मैं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को एक सुझाव देना चाहता हूं, जो सरकार के हाथों में उपकरण बन गए हैं, कि समय तेजी से बदलता है। अधिकारियों और भाजपा को चेतावनी देते हुए खेड़ा ने कहा: राज्यों में हमारी सरकारें हैं। हम भी कुछ कर सकते हैं, लेकिन हमारी शालीनता को कमजोरी नहीं समझा जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी इन हथकंडों के आगे नहीं झुकेगी और अधिवेशन अपने कार्यक्रम के अनुसार चलेगा। रायपुर में कांग्रेस के महाधिवेशन से तीन दिन पहले ईडी ने सोमवार को कोयला खनन मामले में छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर छापेमारी की। एक सूत्र ने बताया कि सभी ठिकाने कांग्रेस के विभिन्न नेताओं के हैं। सूत्र ने कहा : राज्य पार्टी कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, राज्य पीआरओ आरपी सिंह, श्रम समिति के अध्यक्ष सुशील सनी अग्रवाल के परिसरों पर छापेमारी की जा रही है।

## जेएनयू में शिवाजी जयंती पर हंगामा

**नई दिल्ली।** रविवार शाम जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और लेफ्ट छात्र संगठनों के बीच झड़प हुई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कहना है कि उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर जेएनयू के छात्रसंघ कार्यालय में एक पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसके बाद उस चित्र को कार्यालय में ही लगे अन्य चित्रों के साथ लगा दिया गया। थोड़ी देर बाद वामपंथी छात्र संगठनों के लोगों ने वहां पहुंचकर शिवाजी की फोटो और फूलमाला उठाकर कचरे में फेक दिया। जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने दोबारा दीवार पर फोटो लगाने का प्रयास किया तो उनके साथ लेफ्ट छात्र संगठनों से जुड़े लोगों ने मारपीट की। वहीं जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्रसंघ का कहना है कि एबीवीपी ने एक बार फिर छात्रों पर किया हमला किया है। आयषी घोष के मुताबिक एबीवीपी ने एक बार फिर छात्रों पर हमला किया है, यहां विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी बॉम्बे के छात्र दर्शन सोलंकी की याद में और उनके पिता के आह्वान पर कैंडल लाइट मार्च किया गया।

# तालिबान ने पाक के साथ बॉर्डर प्वाइंट को किया बंद



**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने इस्लामाबाद पर अपनी प्रतिबद्धताओं से मुकरने का आरोप लगाते हुए पाकिस्तान के साथ देश के मुख्य व्यापार और सीमा पर बॉर्डर प्वाइंट में से एक को बंद करने का आदेश दिया है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, तोरखम के अफगान तालिबान आयुक्त ने कहा कि यात्रा और पारगमन व्यापार के लिए बॉर्डर प्वाइंट को बंद कर दिया गया है। तोरखम में तालिबान के आयुक्त मौलवी मोहम्मद सिद्दीकी ने ट्वीट किया : पाकिस्तान ने अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं किया है और इसलिए (हमारे) नेतृत्व के निर्देश पर प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है।

उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों को सलाह दी है कि वे पूर्वी नांगरहार प्रांत में सीमा पार करने के लिए यात्रा करने से बचें। हालांकि, तालिबान के अधिकारी ने यह नहीं बताया कि इस्लामाबाद ने कथित तौर पर किस प्रतिबद्धता का उल्लंघन किया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ अस्थायी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि तालिबान पाकिस्तान में इलाज करानेवाले अफगान रोगियों की यात्रा पर अघोषित प्रतिबंध से नाराज है। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय से तत्काल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

### पूर्व सैन्य ठिकानों को एसईजेड में बदलेगा

अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा है कि वह व्यवसाय के लिए कुछ पूर्व विदेशी सैन्य ठिकानों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में बदल देगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक मामलों के कार्यवाहक उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने इस फैसले की घोषणा की। मुल्ला बरादर ने रविवार को एक बयान में कहा : यह निर्णय लिया गया कि उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय को विदेशी सेना के शेष सैन्य ठिकानों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों में परिवर्तित करने के इरादे से उत्तरोत्तर नियंत्रण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परियोजना काबुल की राजधानी और उत्तरी बल्ख प्रांत में शुरू होगी, लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी। अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने से पहले, विदेशी सैन्य बल दो दशकों से युद्धग्रस्त देश में थे।

### गोधरा कांड : गुजरात सरकार की कोशिश

# दोषियों को मिले मृत्युदंड

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस जेबी परदीवाला की पीठ के समक्ष गोधरा कांड केकई आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार ने कहा कि गोधरा कांड के 11 दोषियों को मौत की सजा दिलाने की कोशिश करेगी। मालूम हो कि गोधरा कांड के दोषियों को ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। लेकिन गुजरात उच्च न्यायालय ने फांसी की सजा को उम्र कैद मेंबदल दिया था। जिसके विरूद्ध सर्वोच्च न्यायालय में गुजरात सरकार ने दोषियों को मौत की सजा देने की अपील की है।

सर्वोच्च न्यायालय ने आरोपियों की जमानत पर सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद का समय दिया है। न्यायालय ने दोनों पक्षों के वकीलों से इस दौरान एकचार्ट फाइल करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें आरोपियों द्वारा जेल में बिताए गए समय और उन्हें दी गई सजा की विवरण हो। इस मामले में गुजरात सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ (बेंच) को बताया कि हम गंभीर कोशिश करेंगे कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। यह दुर्लभतम से दुर्लभ मामला है, जहां 59 लोगों को जिंदा जला दिया गया, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। रेल की बोगी को बाहर से बंद किया गया और उसमें आग लगा दी गई। जिससे 59 लोगों की मौत हो गई। गोधरा कांड में ट्रायल कोर्ट ने 11 दोषियों को मौत की सजा, 20 अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले के विरूद्ध उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई। जिस पर उच्च न्यायालय ने 11 आरोपियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दोषियों को मौत की सजा देने की अपील की है। सर्वोच्च न्यायालय ने बीते साल गोधरा कांड के दोषी फारुख को उम्रकैद की सजा मिलने के 17 साल बाद जमानत दी थी। अब्दुल रहमान धंतिया, अब्दुल सत्तार, इब्राहिम गद्दी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आरोपियों की भूमिका केवल पत्थरबाजी तकसीमित नहीं थी। आरोपियों ने ट्रेन की बोगी को बाहर से बंद करके उसमें आग लगा दी, तो फिर यह केवल पत्थरबाजी कैसे हो सकती है!

# सोनू सूद कैसे कर पाए लोगों की मदद

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

फिल्म अभिनेता सोनू ने कोरोना महामारी के दौरान तालाबंदी के कारण जो लोग अपने घरों तक नहीं पहुंच पा रहे थे, उन्हें किसी भी तरह से उसमें उनके घरों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ली थी और सफल भी हुए थे। कुछ को दवा व उपचार उपलब्ध कराए। उनके इस काम की बहुत ही प्रशंसा हुई। यह सब कैसे कर पाए, इस बारे में सोनू सूद ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में बताया है कि उन्होंने कोरोना के दौरान इतने जरूरतमंद लोगों की मदद तमाम कंपनियों व एनजीओ के सहयोग से कर पाए। सोनू सूद ने बताया - जिस समय लोगों की मदद करने का काम शुरू किया, मुझे अनुमान नहीं था कि जितनी संख्या में जिस तरह से लोगों की डिमांड आ रही है, हम लोगों की मदद के लिए दो दिन भी नहीं टिक पाएंगे। इसके बाद इसके लिए मैं जितने ब्रांड के लिए काम कर रहा था, उन ब्रांड्स को दान देने के लिए राजी किया। मैंने अस्पतालों से चिकित्सकों को, कॉलेज से अध्यापकों को, दवा कंपनियों को भी इस काम के लिए राजी किया। मैंने कहा आप अपने ब्रांड में मुझे दिखाना चाहते हैं, मैं फ्री में काम करूंगा, अभी आप लोग कोरोना महामारी के कारण परेशान, जीवन जीने के लिए जूझ रहे लोगों की मदद करने में मेरा साथ दें, तो वो लोग इस काम के लिए जुड़ते चले गए और अपना यह काम होता चला गया।

### तिहाड़ जेल ने आतंकी की फांसी के लिए कोर्ट से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक के लिए मौत की सजा की तारीख को अंतिम रूप देने के लिए दिल्ली के तिहाड़ जेल अधिकारियों ने तीस हजारी अदालत को लिखा है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2000 लाल किला हमले के मामले में अशफाक को दी गई मौत की सजा के खिलाफ उसकी समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी। जेल अधिकारियों ने 3 फरवरी को एएसजे ओपी सैनी की अदालत को पत्र भेजा। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दया याचिका के लिए आरिफ के सामने विकल्प खत्म हो गए हैं।




### शाहरुख की 'पठान' देखने के लिए अब्दु रोजिक ने बुक किया पूरा थिएटर

**'बिग** बॉस 16' के पूर्व प्रतियोगी और ताजिकिस्तानी सनसनी अब्दु रोजिक ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की एक्शन एंटरटेनर 'पठान' देखने के लिए मुंबई में एक पूरा सिनेमा हॉल बुक कर लिया। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा की गई एक क्लिप में अब्दु को थिएटर में 'झूमे जो पठान' पर नाचते हुए देखा जा सकता है। यहां तक कि उन्होंने शाहरुख और दीपिका पादुकोण पर फिल्माए गए गाने पर हुक स्टेप भी किया। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, शाहरुख सर हम आपसे मिलना चाहते हैं। हमने पठान देखने के लिए पूरा थिएटर बुक कर लिया है, डांसिंग, मस्ती के लिए ।। बहुत मजा है भाई। अब्दु सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगे। वह सिर्फ 19 साल के हैं और उनकी सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है।

## 'बड़े मियां छोटे मियां' की टीम स्कॉटलैंड रवाना




**अक्षय** कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का पहला शूटिंग शेड्यूल भारत में पूरा हो चुका है और अब पूरी टीम स्कॉटलैंड में अगले शेड्यूल की तैयारी कर रही है। फिल्म बॉलीवुड के दो सबसे बड़े एक्शन हीरो अक्षय और श्रॉफ को एक साथ लेकर आई है। पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन के रूप में हैं। सोशल मीडिया पर निमार्ता जैकी भगनानी, टाइगर श्रॉफ और अली अब्बास जफर ने एक तस्वीर साझा की। जैकी भगनानी ने कहा, हमने अभी बीएमसीएम का पहला भारत शेड्यूल पूरा किया है। मेरे जीवन में यह भावनात्मक रहा है। यह मेरे पिता का एक ड्रीम आईपी था और अब हम इसे आगे बढ़ा रहे हैं। थिएटर में इस फिल्म को देखने के लिए आप लोगों का इंतजार नहीं कर सकता। हमारे इस सपने को सच करने के लिए बड़े मियां अक्षय कुमार, छोटे मियां टाइगर जैकी श्राफ, पृथ्वी और एली अब्बास जाफर को धन्यवाद। टाइगर ने एक बीटीएस तस्वीर साझा की और इसे कैप्शन दिया, अक्षय कुमार के साथ सवारी करना और बुरे लोगों को लात मारना एक सम्मान की बात है। एक सिनेमाघर में जल्द आ रहा हूं। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट 'बड़े मियां छोटे मियां' पेश कर रहे हैं, जिसे अली अब्बास जफर ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसे वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है।

### प्रतिद्वंदी : आईएएस, आईपीएस की लड़ाई ने लिया बड़ा मोड़

# मंत्री ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में दो वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बीच लड़ाई ने एक बड़ा मोड़ ले लिया है। राज्य के गृह मंत्री ने उनके सार्वजनिक झगड़े के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। आईएएस अधिकारी रोहिणी सिंधुरी, जो राज्य हिंदू धार्मिक और बंदोबस्ती की वर्तमान आयुक्त हैं, और आईपीएस अधिकारी डी. रूपा मौदगिल, जो कर्नाटक हस्तशिल्प विकास निगम में आईजीपी, एमडी के रूप में कार्यरत हैं और राष्ट्रपति स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं, दोनों के बीच टकराव की स्थिति हैं। मंत्री ने कहा : सरकार ने घटनाक्रम पर अपनी आंखें बंद नहीं की हैं। इस तरह का व्यवहार करना एक बड़ा



अपराध है। निजी मामलों को सार्वजनिक डोमेन में लाया जा रहा है। मीडिया के सामने उनकी हरकतें भी गलत हैं। उन्होंने कहा, लोग उन्हें देवता मानते हैं और उनकी पूजा करते हैं। दोनों अधिकारियों के व्यवहार को देखकर हैरानी होती है। अपने व्यवहार के कारण वे अच्छे अधिकारियों का अपमान कर रहे हैं। जिनमें मानवीय भावना नहीं है वे इस तरह के कृत्य में शामिल हो सकते हैं। मैंने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और डीजी से बात की है। हम नियमानुसार कार्रवाई शुरू करेंगे।

जिस तरह से वे सार्वजनिक रूप से बोल रहे हैं वह अवांछनीय है। मुख्यमंत्री को इस मुद्दे के बारे में पता है। यह बेहद निंदनीय है। कानूनी ढांचे में कार्रवाई शुरू की जाएगी। मोदगिल ने सिंधुरी की निजी तस्वीरें पोस्ट की थीं और आरोप लगाया था कि उसने उन्हें कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भेजा था। उन्होंने राज्य में आईएएस अधिकारी डीके रवि की आत्महत्या का मामला भी उठाया था और उनसे सवाल किया था कि उन्होंने उन्हें मैसेज भेजने से क्यों नहीं रोका। यह आरोप लगाया गया था कि रवि सिंधुरी से प्यार करता था और उसने उसके लिए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौदगिल ने एक और तस्वीर भी पोस्ट की थी, जिसमें सिंधूरी जद (एस) विधायक एस.आर. महेश ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। सिंधुरी से बैठक के उद्देश्य के बारे में सवाल किया गया था। जवाब में, सिंधुरी ने कहा कि वह मौदगिल के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी और उन्हें उन आईएएस अधिकारियों के नामों का खुलासा करने की चुनौती दी, जिन्हें तस्वीरें भेजी गई थीं। दोनों अधिकारी अपने साहस और क्षमता के लिए जाने जाते हैं, उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। सोशल मीडिया पर दो अधिकारियों के प्रशंसकों में बहस छिड़ी हुई है।

### पति निक के स्टेज शो के दौरान झूमी प्रियंका चोपड़ा

**भारतीय** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को उनके अमेरिकी पॉप स्टार पति निक जोनस के लास वेगास में परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें झूमते देखा गया। प्रियंका ने जोनस ब्रदर्स के लास वेगस संगीत समारोह में भाग लिया। साझा की गई एक क्लिप में प्रियंका को एक झिलमिलाती पोशाक और एक काले फर ओवरकोट के साथ पहने हुए अपनी जगह पर नाचते हुए देखा गया। निक ने इंस्टाग्राम पर प्रियंका के साथ कई तस्वीरें और कॉन्सर्ट से कुछ सोलो तस्वीरें साझा कीं और इसे कैप्शन दिया, वेगस विद यू। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी तस्वीरें पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, तुम वो पंख हो, जिसके साथ मुझे उड़ने की जरूरत है। प्रियंका और निक 2018 में शादी के बंधन में बंधे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका 'लव अगेन' और सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आएंगी।

## तमिल सुपरस्टार धनुष ने माता-पिता को चेन्नई में आलीशान घर किया गिफ्ट

**तमिल** सुपरस्टार धनुष, जिनकी लेटेस्ट फिल्म 'वाथी' 17 फरवरी को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ से अधिक की कमाई की, एक अलग कारण से चर्चा में



है। उन्होंने अपने माता-पिता कस्तूरीराजा और विजयलक्ष्मी को एक आलीशान घर गिफ्ट में दिया है। यह सुंदर और आलीशान घर चेन्नई के पॉश पोएस गार्डन क्षेत्र में स्थित है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता का बंगला था। धनुष फैन क्लब के एक्टर, डायरेक्टर और अध्यक्ष सुब्रमण्यम शिव ने धनुष के अपने माता-पिता को आलीशान घर गिफ्ट में देने के बारे में खबर दी। शिवा ने एक तमिल ट्वीट में कहा: मेरे छोटे भाई धनुष का नया घर मुझे मंदिर जैसा अहसास दे रहा है। अपने जीवनकाल में उन्होंने अपने माता-पिता को स्वर्ग जैसा घर प्रदान किया है और भी सफलता और उपलब्धियां आपको मिले। आप दीर्घायु हों और माता-पिता के सम्मान में युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने रहें। धनुष एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता हैं। असुरन, थिरुडा थिरुडा जैसी फिल्मों ने उन्हें तमिल फिल्म इंडस्ट्री का सुपरस्टार बना दिया है।

# झारखंड हाई कोर्ट में दिव्यांग छात्र के एडमिशन मामले पर हुई सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में एमबीबीएस के छात्र आशीर्वाद सुमन की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) और छात्रा प्राची प्रिया को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही अदालत ने दो सप्ताह के अंदर याचिकाकर्ता को अपने कानों का टेस्ट करा कर कोर्ट में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। अब कोर्ट इस मामले की सुनवाई 14 मार्च को करेगा। याचिकाकर्ता आशीर्वाद सुमन की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने अदालत में पक्ष रखा। वहीं रिम्स की ओर से अधिवक्ता निपुण बक्शी ने कोर्ट में बहस की। आशीर्वाद सुमन ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि सभी अहताओं को पूरा करने के बाद रिम्स में एमबीबीएस के कोर्स के लिए उनका चयन हुआ। चयन के बाद रिम्स में उन्होंने अपना एडमिशन लिया और रिम्स ने उनसे फीस भी ले ली, लेकिन कुछ दिनों बाद रिम्स ने उनका एडमिशन कैंसिल कर उनकी जगह किसी और छात्र का एडमिशन ले लिया। लोहरदगा के रहने वाले आशीर्वाद सुमन का एडमिशन दिव्यांग कोटे से हुआ था, लेकिन अचानक उन्हें बिना किसी ठोस वजह बताये उनका नामांकन रद्द कर दिया गया।

# झारखंड के 61 कांग्रेस नेता बने एआईसीसी मेंबर



**नवीनमेल संवाददाता। रांची** राज्य के 61 कांग्रेस नेताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का सदस्य नियुक्त किया है। इसमें 43 इलेक्टेड और 18 को-आप्टेड सदस्यों की नियुक्ति हुई है। इलेक्टेड सदस्यों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, सांसद धीरज साहू, गीता कोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना, गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडे सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत , प्रदीप बलमुचू, गुंजन सिंह, रमा खलखो, पूर्णिमा नीरज सिंह सहित अन्य के नाम शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर को-आप्टेड सदस्यों में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद ददई दुबे, फुरकान अंसारी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मंजू कुमारी, श्वेता सिंह, अनादि ब्रह्म, बजेंद्र प्रसाद सिंह राकेश सिन्हा सहित अन्य नेता शामिल हैं।

# आम की बागवानी से जीवन संवारने में लगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिले के बेड़ो प्रखंड अंतर्गत नेहालु कपड़िया पंचायत जहां कृष्णा उरांव एवं रमेश उरांव को 4 साल पहले बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 4 एकड़ में आम बागवानी लिया था। अब यह आम के पौधे बड़े हो गए हैं इस साल लाभुकों ने आम बेचकर 55,000 रुपए कमाई की। आम बागवानी के साथ में उन्हें सिंचाई कूप और 60-60 फीट का डोभा भी दिया गया। सिंचाई कूप मिलने से पूरे 4 एकड़ में आम के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की साग- सब्जियों की खेती कर अपना आर्थिक उन्नयन कर रहे हैं। साथ ही डोभा में मछली पालन कर आय का जरिया बढ़ा रहे हैं। लाभुक कृष्णा उरांव ने बताया कि इस साल उन्होंने 75,000 रू का टमाटर बेचा। वहीं मटर से 40,000 रुपए एवं अदरक से भी लगभग 40,000 रुपए का लाभ हुआ। इस तरह बंजर जमीन से किसान कृष्णा उराव एवं रमेश उरांव ने ना सिर्फ अपनी जमीन को खेती योग्य बनाए बल्कि आम के साथ कई सब्जियों की खेती कर अपनी आजीविका को काफी उन्नत की है।

### कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

# राशि खर्च करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागर में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी, संगीता शरण, विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्री/पोस्टमैट्रिक, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, पीवीटीजी ग्राम उत्थान योजना, धुमकड़िया भवन निर्माण योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना, मसना, हड़गड़ी इत्यादि की घेराबंदी, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों



की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत योजनाएं इत्यादि की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को छात्रवृति की अवशेष राशि को खर्च करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के क्रम में निदेशक आईटीडीए द्वारा बताया गया कि योजना अंतर्गत 86 प्रतिशत राशि का व्यय किया जा चुका है। उपायुक्त द्वारा शेष बचे चयनित लाभुकों को योजना का लाभ देते हुए राशि व्यय का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जरुरतमंद लोगों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। निदेशक आईटीडीए द्वारा बताया गया कि योजना अंतर्गत जिले में प्राप्त कुल आवंटन 87 लाख में से लगभग 65 लाख की राशि का व्यय हो चुका है। शेष बचे 416 आवेदनों को अग्रेतर प्रक्रिया के लिए सिविल सर्जन कार्यालय भेजा गया है। उपायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष में अवशेष राशि व्यय का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास

### जरुरतमंद लोगों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये

### कुल आवंटन 87 लाख में से लगभग 65 लाख की राशि का व्यय हो चुका है

योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को चयनित लाभुकों से सीधे संपर्क में रहने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जितने भी लाभुकों के पशु शेड निर्माण किये जाने हैं, उनसे लगातार संपर्क में रहे, उन्हें प्रोत्साहित करें और जल्द से जल्द शेड निर्माण पूर्ण करायें। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लक्ष्य अनुरुप बेहतर कार्य करने के निदेश दिये।

# इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 से दिल्ली में

**रांची।** इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 और 23 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में प्रदेश युवा इंटक के अध्यक्ष रवि चौबे और उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह शामिल होंगे।साथ ही प्रदेश इंटक के अन्य पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय इंटक के अधिवेशन में डेलीगेट सेशन वर्किंग कमेटी की मीटिंग होगी। इसके बाद 23 फरवरी को इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। सभी डेलीगेट को 21 फरवरी को दिल्ली पहुंचना है। इंटक का अधिवेशन नईदिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाग लेंगे। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी अधिवेशन में अपने- अपने विचार रखेंगे। वहीं दूसरी ओर अधिवेशन में एचईसी की मान्यता प्राप्त यूनियनों के 11 सदस्य डेलीगेट भी शामिल होंगे। इनमें राणा संग्राम सिंह, लीलाधर, कर्ण सिंह राठौड़, राणा प्रताप सिंह, गिरीश चौहान, रणवीर सिंह, राम जी उपाध्याय, सीएस दास, सुधीर कुमार मिश्रा सहित अन्य शामिल हैं।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद् रांची इकाई का हुआ उद्घाटन

# जुटे साहित्य-कला के दिग्गज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय साहित्य परिषद् रांची इकाई का उद्घाटन लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिम्मी वर्मा द्वारा मंगलाचरण से किया गया। सरस्वती वंदना कविता रानी ने किया। दीप प्रज्ज्वलित कर व इकाई के बैनर का अनावरण अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के झारखंड प्रांत के उपाध्यक्ष प्रशांत करण, महामंत्री डॉ. विजय प्रकाश, आर. एल. सैनी पूर्व निदेशक डी.ए.वी. स्कूल प्रबंधन के कर कमलों से हुआ। इस मौके पर साहित्य व शिक्षा जगत के जानी मानी हस्तियों में डॉ. राजा राम महतो, विजय रामगढ़िया, एस. के. मिश्रा, पंकज वत्सल, मयंक मुरारी, पी.के. लाला, रीता सिंह ( राष्ट्रीय सेविका समिति बौद्धिक प्रमुख) भारती ओझा आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। राँची इकाई की अध्यक्ष मनीषा सहाय सुमन ने सभी का स्वागत करते हुए, इकाई द्वारा भावी योजनाओं से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर रंगोत्सव व फाग गीतों व कविताओं ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुराधा सिंह अनु द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में ॠतुराज वर्षा को विशेष रूप से मोमेंटो, मंच का बैच और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित कवि-कवयित्रियों का भी मंच की ओर से सम्मान किया गया।

# सीआईपी और आईआईएम के बीच हुआ एमओयू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थारन(सीआईपी) और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के बीच सोमवार को एमओयू हुआ। मौके पर सीआईपी के निदेशक डॉ बासुदेब दास और आईआईएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। आईआईएम परिसर में नैदानिक, परामर्श सेवाओं का विस्तार और जनशक्ति के पारस्परिक आदान-प्रदान की सुविधा के लिए एवं प्रबंधन तथा सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान करने के लिए यह एमओयू किया गया। आईआईएम के मानव संपर्क कार्यक्रम के एसोसिएट प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डॉ. तनुश्री दत्ता और सीआईपी के प्रचार्य डॉ. निशांत



गोयल के सहयोग से इस एमओयू के द्वारा सेवाओं और शोध किया जायेगा। यह एमओयू प्रबंधन प्रशिक्षण और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक नए जुड़ाव को जोड़ने में मदद करेगा और यह देश में एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर डॉ दीपांजन भट्टाचार्जी, डॉ अविनाश शर्मा, डॉ मधुमिता और डॉ नरेंद्र मौजूद थे ।

# पांच घंटे ठप रही इंटरनेट सेवा

**रांची।** रिम्स में सोमावर को बारह बजे से शाम के पांच बजे तक इंटरनेट सेवा पूरी तरह बाधित रही, जिस कारण दूसरी पाली की ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप रही। वहीं, 600 से अधिक लोग जांच कराने से भी वंचित रह गए। दूसरी पाली में ओपीडी सलाह के लिए भी पांच सौ से अधिक लोग पहुंचते हैं, वे भी परामर्श से वंचित रहे। इमरजेंसी में भी मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को किसी तरह कर्मी खुद के हॉट स्पॉट से इंटरनेट लेकर रजिस्ट्रेशन करते रहे। एक रजिस्ट्रेशन में पांच मिनट से अधिक का समय लग रहा था। जांच पर्ची वाले काउंटर के पास सौ से अधिक की संख्या में मरीजों व उनके परिजनों ने हंगामा भी किया, हांलाकि उन्हें तुरंत समझा लिया गया। पिछली बार इंटरनेट बाधित रहने के कारण हाथ से लिखकर मरीजों को पर्ची दी जा रही थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ, जिस कारण कई लोग निराश होकर पर्ची काउंटर के पास बैठे रहे।

# डॉ. मनीष ने परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए लिखी पुस्तकें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव डॉ मनीष रंजन ने सिविल सेवा की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए भारतीय कला एवं संस्कृति पर पुस्तक लिखी है। ये भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी हैं। भारतीय कला, भारतीय संस्कृति एवं भारतीय विरासत नाम से तीन खंडों में विभाजित करते हुए विभिन्न अध्यायों में विवेचना की गयी है। इस बुक को लिखने डॉ. मनीष रंजन को पांच साल से



अधिक का समय लगा। डॉ मनीष रंजन ने बताया कि इस पुस्तक में भारतीय कला, भारतीय संस्कृति एवं भारतीय विरासत नामक तीन खंडों में विभाजित करते हुए प्रत्येक खंड की तार्किक दृष्टिकोण से विभिन्न अध्यायों में विवेचना की गई है। इसमें भारतीय कला संस्कृति एवं विरासत के विविध स्वरूपों तथा चित्रकला एवं हस्तशिल्प, वास्तुशिल्प, नाट्य नृत्य, संगीत, मूर्ति एवं स्थापत्य कला, अभिलेख, शिलालेख, पर्व-त्योहार, यूनेस्को की ओर से घोषित विरासत स्थल, भाषा, साहित्य, शिक्षा, धर्म एवं दर्शन आदि ऐसे ही अनेक विषयों को उनके उद्भव काल से लेकर अब तक के ऐतिहासिक विकास क्रम में नवीनतम शोधों से प्राप्त प्रमाणित एवं अद्यतन आंकड़ों के साथ-साथ नए स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है।

### लाठी-डंडे से मारकर छात्र की हत्या

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर में एक छात्र की लाठी- डंडे से मार कर हत्या करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। मृत छात्र की पहचान सावंत कश्यप के रूप में हुई है। वह तिरिल बस्ती का रहने वाला है। सावंत कश्यप इंटर का छात्र बताया जा रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सावंत का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद उसकी लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स में भेज दिया है।

# महिला को कोर्ट में जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट में सोमवार को महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिव्यू की सुनवाई हुई। कोर्ट ने सूचक (पीड़िता) को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा दो अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज कराई थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिली है।

### लाभ | ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर की थी शिकायत

# सीएम के निर्देश के बाद मिला पट्टा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वनाधिकार कानून 2006 के तहत वन पट्टा दिलाने की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के गोड्डा प्रवास के दौरान 15 दिसंबर 2022 को बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के आलोक में 16 अनुसूचित जनजाति के दावेदारों को 6.43 एकड़ वन पट्टा निर्गत करने की अनुशंसा कर दी गई। जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री गोड्डा प्रवास में थे। इस क्रम में बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम की वनाधिकार समिति द्वारा उक्त ग्राम के अनुसूचित जनजाति समुदाय के आवेदकों के लंबित वनाधिकार दावों का त्वरित निष्पादन कर वन पट्टा निर्गत करने संबंधी ज्ञापन बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को सौंपा था। वनाधिकार समिति के माध्यम से आवेदकों द्वारा बताया गया कि वे लोग प्रसंगाधीन वनभूमि पर साफ सफाई कर वर्षों से जोत आबाद करते आ रहे हैं। अतः अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वनाधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत उन्हें वन पट्टा निर्गत किया जाय। मामले में अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा आहूत बैठक में उक्त दावों की जाँच करते हुए सभी दावेदारों को वन पट्टा निर्गत करने के संबंध में अनुशंसा सहित सभी 16 अभिलेख जिला स्तरीय वनाधिकार समिति को विचारार्थ उपलब्ध कराया गया, जिसके आलोक में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक उपायुक्त गोड्डा की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिला स्तरीय वनाधिकार समिति, गोड्डा द्वारा तुलसीपुर ग्राम के खाता संख्या 36 के विभिन्न दाग संख्याओं में अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्यों द्वारा कृषि कार्य के लिये उपभोग किये जा रहे वनभूमि पर उनके वास्तविक कब्जे को रेखांकित करने वाले ट्रेस नक्शे के आधार पर वनाधिकार कानून 2006 के तहत आवेदक संझला मुर्मू, ताला मुर्मू, मंझली टुडू,सुलेमान टुडू और लखीराम मरण्डी के व्यक्तिगत वनाधिकार दावों पर स्वीकृति प्रदान की गई।

### मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई का दिया था आदेश

उक्त ज्ञापन के आलोक में मुख्यमंत्री द्वारा उपायुक्त, गोड्डा को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदकों को वन पट्टा निर्गत किये जाने का निर्देश दिया गया था। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वनाधिकार कानून 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत जिला अनुमंडल एवं ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति से संबद्ध पदाधिकारियों को अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। तदनुसार तुलसीपुर ग्राम डुमरिया पंचायत, बोआरीजोर प्रखण्ड के कुल 16 आवेदकों के द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वनाधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत वनभूमि के अधिकारों के लिये विहित प्रपत्र में किए गए व्यक्तिगत दावों एवं तत्संबंधी ग्राम सभा की अनुशंसा के आलोक में अंचल निरीक्षक, वनक्षेत्र पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारियों, बोआरीजोर प्रखण्ड द्वारा वनाधिकार समिति, तुलसीपुर के सदस्यों की उपस्थिति में आवेदकों द्वारा दावा किए गए भूखण्ड का स्थल निरीक्षण किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**झुंड से बिछड़े हाथी का तांडव...**
मृतक भंडरा थाना अंतर्गत कसपुर लड़ाई टोंगरी के रहनेवाले हैं। गांव वालों ने बताया कि गांव में हाथी पहुंचने की सूचना किसी को नहीं थी। अहले सुबह जब चांदमणि उराईन अपने दो माह के छोटे बच्चे को लेकर शौच के लिए घर से निकल रही थी, तभी हाथी ने मां और बच्चे दोनों को पटक दिया। चांदमणि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बच्चा थोड़ी दूर जा गिरा जिससे वह बच गया। हालांकि, उसे थोड़ी खरोच आई है। इसके बाद लालमोहन महतो शौच के लिए घर से निकल रहा था, तभी उसने डंडे से हाथी को भगाने के उद्देश्य से उसके सूंढ़ पर दे मारा। इससे गुस्साए हाथी ने लालमोहन को उठाकर पटक दिया। जिससे उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरी ओर नेहा देवी शौच के बाद घर लौट रही थी, इसी दौरान उसकी मुलाकात हाथी से हो गई। हाथी को देखकर नेहा देवी भागने लगी, लेकिन हाथी ने दौड़ाकर नेहा को पकड़ा और उसे भी जमीन पर पटक कर मार डाला। घटनाक्रम इतनी तेजी से घटा कि गांव वालों को संभलने का मौका नहीं मिला। नेहा देवी की शादी तीन माह पहले ही हुई थी। इसके बाद दिन में गणेश कुजूर को भी हाथी ने रौंद दिया। घायलवस्था में गणेश को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल लाया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से गांव वाले अपने घरों में दुबके रहे। इधर, जिला वन विभाग पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, वनकर्मी, फॉरेस्टर सहित भंडरा प्रखंड अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, भंडरा थाना पुलिस, स्वास्थ्य विभाग की टीम घटना स्थल पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लिया।

**पलामू : पांके में दुकानें खुलने से बाजार...**
रविवार को दोनों पक्षों के साथ शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दुकानें खोलने पर सहमति बनी। अधिकारियों की मौजूदगी में पांकी बाजार की सभी दुकानें फिर से खोली गईं। बताते चलें कि पांच दिन तक इलाके की दुकानें बंद थीं। इसकी वजह से करीब सात करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। वहीं इस दौरान इलाके की करीब 40 हजार की आबादी अपने घरों में कैद हो गई थी। सोमवार से इलाके के सभी बैंक और सरकारी कार्यालय भी खुल गए हैं। कार्यालयों में नियमित कार्य शुरू हो गया है। इलाके में पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सामान्य हो गई है। बताते चलें कि इलाके में धारा 144 लागू है। जबकि बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। विवादित स्थल के पास आईआरबी और जैप के जवानों को तैनात किया गया है। सभी चौक-चौराहों पर पुलिस बल मौजूद है। जबकि रैप की कंपनी पेट्रोलिंग कर रही है। इलाके में धारा 144 के नियमों में अगले कुछ दिनों में ढील दी जाएगी। जबकि मामले में लगातार पुलिस मुख्यालय मॉनिटर कर रहा है। पांकी और उसके आसपास के इलाकों में पुलिस बल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। पलामू के इलाके में रविवार से ही इंटरनेट सेवा शुरू की गई है। चार दिनों तक पलामू में इंटरनेट सेवा बंद थी। पूरे मामले में पुलिस ने अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। अब तक 18 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरे मामले में 159 नामजद, जबकि 2900 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जडेजा की बैटिंग में काफी आत्मविश्वास : आकाश

### बाएं हाथ के स्पिनर ने मौजूदा सीरीज में बिखेरा है अपना जलवा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पहले दो टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के बाद रवींद्र जडेजा की बल्लेबाजी ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनके संपूर्ण कौशल सेट पर भरोसा जगाया है।

बाएं हाथ के स्पिनर ने मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अपना जलवा बिखेरा। रविवार को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 113 रनों पर समेटने के लिए उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सात विकेट लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी दर्ज किया। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिक इन्फो में बताया : ईमानदारी से कहूं तो ऐसा लगा, जैसे वह क्रिकेट से कभी दूर नहीं गया। पहले अक्षर हर बार हाथ घुमाकर विकेट लेता था, लेकिन अब अक्षर गेंदबाजी नहीं कर पा रहा है क्योंकि मैदान पर रवींद्र जडेजा है।

जडेजा को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए दोनों मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने दिल्ली में दूसरे टेस्ट में छह विकेट से 2-0 की अजेय बढ़त बनाकर लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखी है। मुझे लगता है कि यह जडेजा की बल्लेबाजी है जिसने उन्हें खिलाड़ी बनाया है। बस उनके पूरे कौशल सेट पर विश्वास है, उनके पूरे पैकेज ने उन्हें एक ऐसा खिलाड़ी बना दिया है, जिसके पास इतना आत्म-विश्वास है। जडेजा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एशिया कप 2022 के बाद से नहीं खेले हैं, जिसके बाद घुटने की चोट ने उन्हें छह महीने के लिए खेल से दरकिनार कर दिया। फिर, स्टार ऑलराउंडर जडेजा ने रणजी ट्रॉफी में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, जहां उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से पहले तमिलनाडु के खिलाफ मुकाबले में सौराष्ट्र का नेतृत्व किया।

# गोवा 18 मार्च को आईएसएल फाइनल की करेगा मेजबानी

### गोवा को मार्की मैच के लिए चुना गया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गोवा में पीजेएन स्टेडियम 18 मार्च को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 के सीजन फाइनल की मेजबानी करेगा। इस बारे में लीग ने सोमवार को घोषणा की है। आयोजकों के अनुसार, टीमों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण मैदानों और बुनियादी ढांचे के कारण गोवा को मार्की मैच के लिए चुना गया है। आईएसएल का यह सीजन काफी रोमांचक रहा है और प्लेऑफ के लिए कई टीमों के बीच कड़ी टक्कर रही है। मैचवीक 21 के बाद रविवार को लीग शील्ड उठाने वाली मुंबई सिटी एफसी, हैदराबाद एफसी, एटीके मोहन बागान, बेंगलुरू एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जबकि ओडिशा एफसी और एफसी गोवा की किस्मत अधर में लटकी हुई है। टीमें लीग चरण के अंतिम मैच में शिरकत कर रही हैं। आईएसएल 2022-23 का प्लेऑफ तीन मार्च से शुरू होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### कार्लोस अल्कराज ने अर्जेंटीना ओपन का खिताब जीता

**ब्यूनस आयर्स।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण तीन महीने से अधिक समय तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। अब अपने पहले सत्र की शुरुआत में ही अर्जेंटीना ओपन की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अपने टूर्नामेंट की शुरुआत में स्पैनियार्ड ने ग्रेट ब्रिटेन के कैमरुन नॉरी को हराकर अपना सातवां एटीपी टूर खिताब जीता।

### मैथ्यूज ने वेस्टइंडीज को दिया जीत का श्रेय

**पार्ल।** कप्तान हेले मैथ्यूज ने चल रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान पर तीन रन की रोमांचक जीत के लिए वेस्टइंडीज को श्रेय दिया है। मैथ्यूज ने जीत के लिए अपनी टीम में शानदार योगदान दिया। तेज गति से 20 रन बनाने के अलावा, शानदार कैच के साथ 14 रन देकर दो विकेट भी हासिल किए।

### काइल जेमीसन की पीठ की होगी सर्जरी

**वेलिंग्टन।** मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन इस सप्ताह अपनी पीठ की सर्जरी कराएंगे और करीब चार महीने तक मैदान से दूर रहेंगे। सर्जरी और उसके बाद के पुनर्वास के परिणामस्वरूप, जेमीसन 31 मार्च से 28 मई तक होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग 2023 सीजन में नहीं खेल पाएंगे, जहां उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### सोफी ने न्यूजीलैंड टीम की तारीफ की

**पार्ल।** न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन मौजूदा आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपनी टीम की वापसी से खुश हैं। न्यूजीलैंड रविवार को 102 रन की जीत के साथ टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जाने के करीब पहुंच गया। सोफी ने टूर्नामेंट बने रहने के लिए अपनी टीम के प्रदर्शन की सराहना की।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस हुई रोचक

## इंदौर की जीत से भारतीय टीम कर लेगी क्वालीफाई

### डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में शीर्ष दो टीमें जून में होनेवाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए करेंगी क्वालीफाई

### अभी तक की स्थिति को देखते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया हैं मजबूत दावेदार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की रेस में खुद की स्थिति और मजबूत कर ली है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में शीर्ष दो टीमें जून में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और अभी तक की स्थिति को देखते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया मजबूत दावेदार हैं। दिल्ली टेस्ट में हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बना हुआ है और उनका प्रतिशत 66.67 प्रतिशत तक कम हो गया है, जबकि भारत ने दिल्ली में अपनी जीत की बदौलत अपने और तीसरे स्थान के बीच के अंतर को 64.06 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।

भारत की जीत के परिणामस्वरूप, फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली टीमों की संख्या चार से तीन तक कम हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका रेस से बाहर हो गया है। हालांकि, श्रीलंका फाइनल की रेस में बनी हुई है। श्रीलंका वर्तमान में 53.33 प्रतिशत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है और उन्हें अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है और उन्हें अगर रेस में बने रहना है तो श्रृंखला 2-0 से जीतनी होगी, और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बचे दो मैचों के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में शुरू हो रहा है, जिसमें मेजबान टीम एक और जीत के साथ द ओवल में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगी, लेकिन यह मैच अगर भारतीय टीम हारी या मैच ड्रा रहा तो ऑस्ट्रेलिया सात जून को होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करनेवाली पहली टीम बन जाएगी।

### पारिवारिक समस्याओं के कारण कमिंस सिडनी लौटे

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पारिवार में किसी के बीमार पड़ने के कारण सिडनी लौट गए हैं, लेकिन इंदौर में चल रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तीसरे टेस्ट के लिए उनके लौटने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि तेज गेंदबाज रविवार को सिडनी के लिए रवाना हुए, लेकिन इंदौर और अहमदाबाद में अंतिम दो मैच खेलने के लिए भारत वापस आने की उम्मीद है। कमिंस ने दिल्ली में अपनी दूसरी टेस्ट हार में बैगी ग्रीन्स का नेतृत्व किया, जहां भारत ने दिल्ली में दूसरे टेस्ट में छह विकेट की जीत के साथ श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया नागपुर में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से हार गया था। हालांकि, श्रृंखला में 2-0 से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में बदलाव आ रहे हैं। दिल्ली टेस्ट से बाहर होने के बाद डेविड वॉर्नर की फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जाएगी, जिसमें पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय उनकी बाईं कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर भी हुआ था। स्पिन गेंदबाज टॉड मर्फी भी चोट के संदेह में हैं। तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर के होल्कर स्टेडियम में शुरू होगा, जबकि चौथा और अंतिम टेस्ट नौ मार्च से 13 मार्च तक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

#### हेजलवुड चोट के कारण अगले दो टेस्ट से बाहर

**ऑस्ट्रेलिया** के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड सोमवार को चोट के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बाकी बचे दो टेस्ट से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया की एक रिपोर्ट ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने पुष्टि की है कि हेजलवुड चोट से उभरने और पुनर्वास को जारी रखने के लिए स्वदेश लौट रहे हैं। हेजलवुड को पिछले महीने सिडनी में लगी चोट ने उन्हें भारत में पहले दो टेस्ट से बाहर कर दिया था।

# स्कॉट ने मिनर्वा अकादमी को फुटसल क्लब चैम्पियनशिप जीतने में मदद की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गोलकीपर स्कॉट मोरेस ने यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में मिनर्वा एकेडमी एफसी के फुटसल क्लब चैंपियनशिप जीतने में मदद की। गोलकीपर ने मिनर्वा को खिताब दिलाने के लिए मोहम्मडन स्पोर्टिंग के चार में से तीन शॉट बचाए। दूसरी ओर, मोहम्मडन के डिफेंडर ऑगस्टिन सावियो डी मेलो रग्वेद येओले ने एक गोल किया। लेकिन मिनर्वा अकादमी के पक्ष में 3-1 से समाप्त हुआ।

निर्धारित और अतिरिक्त समय में मैच 2-2 से बराबरी पर रहा। मोहम्मडन ने सुवो खतूरा के माध्यम से बढ़त बना ली थी लेकिन क्लिंटन डिसूजा ने पहले हाफ में ही मिनर्वा के लिए बराबरी कर ली। फिर राधाकांत सिंह ने अंतिम विजेताओं के लिए इसे 2-1 कर दिया। लेकिन संदीप ओरॉ के गोल से उनकी स्ट्राइक बेअसर हो गई। मोहम्मडन की बड़ी सफलता टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर (25 गोल) निखिल माली को कोई गोल नहीं करने देना था, लेकिन यह उचित था कि उन्होंने ऑगस्टिन को हराने के लिए शूटआउट में अंतिम शॉट लिया और अपनी टीम के लिए विजयी गोल दागा।

**आईएसएल : बंगाल एफसी के कोच बोले**

# हमने अच्छा प्रदर्शन किया



**एजेंसी। मुंबई**

ईस्ट बंगाल एफसी के मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 सीजन में मुंबई सिटी एफसी को हराकर खुशी जताई है। आइलैंडर्स को मुंबई फुटबॉल एरिना में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई सिटी एफसी ने पहले ही लीग शील्ड को अपने नाम कर लिया है। मुख्य कोच डेस बकिंघम ने चार खिलाड़ियों को डेब्यू करने का मौका दिया और वन ऑल-इंडियन फ्रंट लाइन का नाम दिया। मैच में दोनों टीमों के पास उचित मौके थे। लेकिन यह नाओरेम महेश सिंह का एकमात्र गोल था, जिसने अंतिम सीटी पर अंतर बना दिया।

इस जीत के साथ, ईस्ट बंगाल एफसी इस सीजन में घर में मुंबई सिटी एफसी को हराने वाली पहली टीम बन गई और लीग में एकमात्र टीम जिसने आइलैंडर्स के खिलाफ क्लीन शीट दर्ज की। मुंबई सिटी एफसी के लिए यह लगातार दूसरी हार थी। कॉन्स्टेंटाइन आईएसएल इतिहास में मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ क्लब की पहली जीत से उत्साहित थे और उन्होंने कहा कि हमने घरेलू टीम से बेहतर किया। कॉन्स्टेंटाइन ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः मैं अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं और वे शुरू से अंत तक अच्छा खेले। मैंने सोचा कि हम बेहतर थे। निश्चित रूप से बकिंघम के खिलाड़ियों को शील्ड जीतने के लिए बधाई, जो एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन पहली टीम बनने की खुशी है। हमारी टीम ने क्लीन शीट से हरा दिया। उन्होंने कहाः मुझे इन खिलाड़ियों को श्रेय देना है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष किया है। वे जानते हैं कि वे लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन उन्होंने मेरे लिए सब कुछ दांव पर लगाया है। मैं इसकी सराहना करता हूं। ईस्ट बंगाल एफसी अपना आखिरी मैच अगले शनिवार को कोलकाता डर्बी में एटीके मोहन बागान के खिलाफ खेलेगी।

# 27 पहलवानों सहित 43 सदस्यीय दल को मंजूरी

### दूसरी रैंकिंग सीरीज में भाग लेने के लिए एमवाईएएस की निगरानी समिति ने दी मंजूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामलों और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) की निगरानी समिति ने आगामी दूसरी रैंकिंग सीरीज 'इब्राहिम-मुस्तफा' टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 27 पहलवानों सहित 43 सदस्यीय दल को मंजूरी दी है। 23 से 26 फरवरी तक मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में होने वाला यह आयोजन सीनियर एशियन चैंपियनशिप 2023 और सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में बेहतर सीडिंग के लिए रैंकिंग अंक हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

भारतीय टीम में 9 फ्रीस्टाइल पहलवान, 8 महिला पहलवान और 10 ग्रीको-रोमन पहलवान के साथ 16 कोच और सहायक कर्मचारी शामिल होंगे। 27 पहलवानों में 3 टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के पहलवान भी शामिल होंगे, जिनमें आशु-67 किग्रा, ग्रीको रोमन), भटेरी (65-किग्रा) और सुजीत (65-किग्रा-फ्री स्टाइल) शामिल हैं। भारतीय टीम की भागीदारी पर ओलिंपिक मेडलिस्ट और निगरानी समिति की अध्यक्ष एमसी मैरी कॉम ने कहा : हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खेल और एथलीटों को नुकसान न हो और ज्यादा से ज्यादा पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले, ताकि उन्हें दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके। अब तक नौ वर्तमान और पूर्व विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेताओं ने दूसरी रैंकिंग श्रृंखला के लिए पंजीकरण कराया है।

**आईकेएफ** फुटबॉल के दूसरे सीजन का ट्रायल्स

# पांच हजार से अधिक बच्चे हुए शामिल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया खेलो फुटबॉल (आईकेएफ) एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है, जो अपने प्रयासों के माध्यम से भारतीय फुटबॉल के ग्रासरूट टैलेंट को प्रोफेशनल फुटबॉल इकोसिस्टम से जोड़ना चाहता है। आईकेएफ ने अपने ग्रासरूट टैलेंट हंट प्रोग्राम के सीजन-2 के नेशनल फाइनल्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस इवेंट में भारत भर के 40 शहरों और कस्बों के 5000 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। आईकेएफ का मिशन जमीनी स्तर पर टैलेंट की पहचान करना और फिर पूरी तरह पारदर्शी माहौल में इनका चयन करना है। ये सब बातें इस इवेंट को फुटबॉल में कुछ कर गुजरने को आतुर भावी खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा प्लेसमेंट ड्राइव बनाती हैं। यह फुटबॉल से प्यार करनेवाले लोगों द्वारा शुरू किया गया एक तरह का आंदोलन है। इसका मकसद भारत में भावी खिलाड़ियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जो भारत में फुटबॉल की क्षमता को सबके सामने लाने के लिए सजाया गया है। इसमें आईएसएल तथा आई-लीग क्लबों के साथ-साथ कई अंतर्राष्ट्रीय स्काउट्स अपनी पैनी नजरों से देखते हुए देश के भावी फुटबॉलरों का चयन करते हैं।

आईकेएफ ने सीजन-2 के लिए आईएसएल और आई-लीग के साथ-साथ 10 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्काउट्स की मौजूदगी में बेहतरीन प्रतिभावाले 120 बच्चों का सिलेक्शन किया। स्काउट्स में प्रोसॉकरग्लोबल, स्पोर्ट्समेट 360, मुंबई सिटी एफसी, गोवा एफसी, केरला ब्लास्टर्स, मिनर्वा एफसी, सुदेवा, दिल्ली एफसी, टेक्ट्रो स्वदेश, राउंड ग्लास पंजाब, गोकुलम केरला, अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी, माता रानी एफसी, जमशेदपुर एफसी और हिमाचल एफसी से जुड़े लोग शामिल थे।

18 फरवरी, 2023 को आयोजित नेशनल फाइनल्स में फुटबॉल के प्रति अपने प्यार के कारण मैदान पर पहुंचे सभी प्रकार की पृष्ठभूमि, जाति, पंथ और रंग के लड़के और लड़कियों (अंडर-15 और अंडर-17) का जोरदार स्वागत किया गया। किन बच्चों का चयन हुआ है, इसकी घोषणा अगले तीन सप्ताह में कर दी जाएगी। देश का प्रतिष्ठित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, वीवा फुटबॉल, अनंत कंप्यूटिंग और माई फर्स्ट किक के साथ इस इवेंट का कैटेगरी स्पॉन्सर था। नेशनल फाइनल्स के दौरान एक प्रोसॉकर ग्लोबल वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने प्री-फाइनल में वाइल्ड-कार्ड एंट्री पाने के लिए पंजीकरण कराया।

### सीजन-3 को लेकर उत्साहित हैं संस्थापक

**भारत** में सबसे बड़े फुटबॉल ट्रायल्स की सफलता का जश्न मनाते हुए इंडिया खेलो फुटबॉल के संस्थापक सदस्य हितेश जोशी और फणी भूषण ने कहा : सीजन-2 की शानदार सफलता के बाद हम इंडिया खेलो फुटबॉल ट्रायल्स के सीजन-3 को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हम इसके सफल आयोजन के लिए अपने रीजनल एक्सक्यूशन पार्टनर्स, पूरी आईकेएफ टीम, समर्पित वालंटियर्स, हमारे स्पांसर्स और सबसे महत्वपूर्ण रूप से इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभाशाली बच्चों और पूरे भारत में सपोर्टिव फुटबॉल कम्यूनिटीज के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहते हैं। यह कुछ कर गुजरने की आकांक्षा रखने वाले फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक पारदर्शी मंच बनाने के हमारे विजन के प्रति आपका विश्वास और कमिटमेंट है, जो उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करता है।

